तापमान अधिकतम : 40°C न्यूनतम : 22°C

सेंसेक्स 79,595.59 निफ्टी 24,167.25

सोना 1,01,000 चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


मुजफ्फरनगर, बुधवार 23 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### विकसित भारत यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशनः सीतारमण


विस्तृत खबर देश-विदेश पर




### क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर


विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


### निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**अमरेली।** गुजरात में अमरेली तालुका क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर गिरिया गांव के निकट सड़क पर अचानक एक निजी प्रशिक्षण विमान अपराह्न दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वहां आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। लेकिन हादसे में अहमदाबाद निवासी 19 से 20 साल के उम्र के पायलट अनिकेत महाजन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विमान में एक ही पायलट सवार था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पहलगाम में आतंकी तांडव, दो विदेशी समेत 29 पर्यटकों की मौत

## आतंकियों ने नाम पूछकर मारी गोली, 15 से ज्यादा घायल, शाह पहुंचे श्रीनगर

**■ मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल**



**पहलगाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 29 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल हैं। एक शख्स इजरायल और एक इटली का रहने वाला है। 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंच चुके हैं।

बताया जा रहा है कि कुल चार आतंकियों ने इस वारदात को अंजाम दिया, जिसमें से तीन पाकिस्तानी और एक लोकल कश्मीरी है। जब दोपहर को यह वारदात हुई तब सैलानी वहां घुड़सवारी कर रहे थे। तभी आतंकी वहां पहुंचे और उन्होंने पंजाबी में टूरिस्ट से उनका नाम पूछा। पहचान स्थापित होने के बाद लोगों को मौत के घाट उतारा गया। इस दौरान करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। सूत्रों के मुताबिक मरने वालों में अधिकांश पुरुष हैं। अनंतनाग जिले के बैसरन घाटी के ऊपरी इलाकों में टूरिस्ट घूम रहे थे, तभी अचानक उन पर गोलीबारी कर दी गई। गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम पहुंचने से पहले आईबी चीफ, जम्मू-कश्मीर के डीजी और सेना व सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ एक हाई-लेवल मीटिंग भी की। पीएम मोदी इस मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपलब्ध रहे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला भी इस घटना को लेकर काफी गंभीर हैं। वह भी पहलगाम पहुंच गए हैं।बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा अधिकारी सहित जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज कुमार सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मौजूद रहे। खुफिया सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक आतंकी टूरिस्ट के बड़े ग्रुप को टारगेट करने की फिराक में थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आतंकी फरार हो गए। सुनियोजित तरीके से टूरिस्ट को निशाना बनाया गया। गर्मियों के इस सीजन में घाटी में टूरिस्ट की संख्या काफी ज्यादा बढ़ जाती है। टूरिस्ट को निशाना बनाकर आतंकी जम्मू-कश्मीर में सैलानियों के प्रवेश को रोकना चाहते हैं।

### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

### राहुल ने की हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

# UPSC नतीजों में शक्ति दुबे अव्वल

## हर्षिता गोयल दूसरे व अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सुश्री शक्ति दुबे ने प्रथम और सुश्री हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि श्री डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे।

आयोग ने मंगलवार को परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं और दो पुरुष हैं। परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिला) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। इनमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 180, भारतीय विदेश सेवा के लिए 55, भारतीय पुलिस सेवा के लिए 147 , सेन्ट्रल सर्विस ग्रुप ए के लिए 605 और ग्रुप बी के लिए 142 उम्मीदवार चुने गए हैं। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाए गए।

### नेशनल हेराल्ड की लूट वाला बैग लिए दिखीं बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** वन नेशन-वन इलेक्शन पर जाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। मीटिंग में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज नेशनल हेराल्ड की लूट लिखा बैग लेकर पहुंचीं। स्वराज ने कांग्रेस पार्टी पर गलत काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहली बार है जब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ-मीडिया में भ्रष्टाचार हुआ है। दरअसल, 15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सैम पित्रोदा के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। 25 अप्रैल को सुनवाई है। इससे पहले 10 दिसम्बर को प्रियंका गांधी संसद में पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने बैग लेकर पहुंची थीं। वे गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुई थीं। बैग के जरिये विरोध करने को लेकर प्रियंका गांधी भी पीछे नही हैं। वह कई बार अलग-अलग बैग के साथ नजर आ चुकी हैं।

# रामदेव का शरबत पर बयान माफी लायक नहींः हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कहाः अपने विचार अपने तक रखें, बयान ने अंतरआत्मा झकझोर दी, रामदेव हटाएंगे सारे वीडियो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उस वीडियो पर नाराजगी जताई, जिसमें बाबा रामदेव ने शरबत जिहाद शब्द का इस्तेमाल किया था। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह बयान माफी लायक नहीं है। इसने कोर्ट की अंतरआत्मा झकझोर दी।

कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के फाउंडर रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी वीडियो हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गई हैं। कोर्ट ने रामदेव को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश सरकार ने जातिवाद को दिया बढ़ावा: सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता अमीक जामेई ने उत्तर प्रदेश सरकार पर जातिवाद और पुलिस बल में पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस विभाग में जातीय संतुलन नहीं है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल अपनी जाति के अधिकारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। जामेई ने कहा कि डाइवर्सिटी इंडेक्स में यह स्पष्ट दिखता है कि दलित, पिछड़े और मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व नगण्य है। चाहे वह थानेदार की नियुक्ति हो या कप्तान और डीएम की पोस्टिंग, सभी में एक खास जाति को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दलित और मुस्लिम अधिकारियों को पुलिस अकादमी में भेजकर नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें जिम्मेदारियों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री उन अधिकारियों पर भरोसा नहीं करते, जो दलित या पिछड़ी जातियों से आते हैं। डीजीपी भी मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार ही काम कर रहे हैं, वे चाहें भी तो कोई स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकते।

### आनंद बोस को निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस को मंगलवार को आगे के इलाज के लिए सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल से एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। श्री बोस को सोमवार को सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल में भर्ती किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि श्री बोस की हालत स्थिर है। आगे के इलाज की आवश्यकता है क्योंकि प्रारंभिक परीक्षणों से उनके हृदय में तीन जगह ब्लॉकेज का पता चला है। सूत्रों ने कहा कि श्री बोस को ईएम बाईपास पर अपोलो ग्लेनेगल्स अस्पताल में आज सुबह स्थानांतरित किया गया। सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल को निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने को कहा है जो निजी अस्पताल में किए जाएंगे।'' उन्होंने बताया कि श्री बोस को आईसीयू में ले जाया गया और दक्षिण कोलकाता के कमांड अस्पताल में उनके दर्द को कम करने के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया जहां चिकित्सा परीक्षणों से उनके हृदय में तीन रुकावटों का पता चला।

### अमेठी में प्रेम प्रसंग में दलित की हत्या

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जामो क्षेत्र में छेड़छाड़ के आरोपी दलित युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जामो थाना क्षेत्र के पूरे अलपसिंह कल्याणपुर निवासी शिवम कोरी (30) की सोमवार देर शाम गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा जगन्नाथ के अनुसार शिवम का गांव के मानसिंह के बेटी से अवैध संबंध था, जिसे लेकर मानसिंह और उनके साथियों ने शिवम को काफी दिनों से प्रताड़ित कर रहे थे। जगन्नाथ ने कुछ दिन पूर्व ही गांव के मानसिंह व अन्य लोगों शिवम को मारा पीटा था। उसके बाद शिवम के खिलाफ थाने में छेड़ छाड़ का मुकदमा दर्ज करवा कर उसे जेल भिजवा दिया था। हाल में ही शिवम जेल से जमानत पर घर आया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। एहतियात के तौर पर कई थानों की पुलिस मौके पर लगा दी गई है।

## वक्फ के खिलाफ प्रदर्शन में बोले आरजेडी नेता मनोज झा

# ये मुसलमानों की ही नहीं, पूरे देश की लड़ाई

**नई दिल्ली, वार्ता**

**वक्फ** एक्ट के खिलाफ देशभर के कई संगठनों की ओर से लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से आयोजित वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कार्यक्रम में कई राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता मनोज झा ने कहा कि ये सियासी झंडों की लड़ाई नहीं है, ये मुसलमानो की नहीं, बल्कि पूरे हिंदुस्तान की लड़ाई है।

मनोज झा ने कहा कि ये सियासी झंडों की लड़ाई नहीं है। आपका सभी लोगों का गुस्सा वाजिब है, हम हिंद.ुओं को मुसलमानों को रोजाना देखने की आदत है, इसी तरह मुसलमानो को भी हिंदुओं को देखने की आदत है। मनोज झा ने कहा कि जो हमारे साथ नहीं हैं, वो जुल्मियों के साथ हैं। इन्होंने देश को पंक्चर कर दिया, आज देश की इकोनॉमी पंक्चर है। हम हवा भरना जानते हैं और हवा टाइट करना भी जानते हैं। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि ताकत को ताबूत बनते देर नहीं लगती। जो महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, अब्दुल कलाम साहब की सोच थी, उसी सोच पर देश का पंक्चर ठीक होगा।

### हम हवा भरना जानते हैं, टाइट करना भी



जो हमारे साथ नहीं हैं, वो जुल्मियों के साथ हैं। इन्होंने देश को पंक्चर कर दिया, आज देश की इकोनॉमी पंक्चर है: आरजेडी



सपा लगातार वक्फ बिल को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोल रही: धर्मेंद्र यादव

### मुस्लिम वोटों की खेती कर रहीं ममता: बीजेपी

**गोरखपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने गोरखपुर में वक्फ एक्ट पर बैठक में कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मुस्लिम वोटों की खेती कर रही हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विरोध हो नहीं रहा है, बल्कि यह कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार का शासन कागज पर चल रहा है। उनके हाथ में 30 परसेंट मुसलमान के सिवा वोट नहीं बचा है। बीजेपी नेता ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को मुस्लिम गुंडों से भरी पार्टी बताया है। राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास गोरखपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित बीजेपी कार्यालय पर वक्फ अधिनियम बिल को लेकर बैठक करने पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने वक्फ पर सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते कांग्रेस पर भी निशाना साधा। वक्फ बिल में किए गए प्रावधान हर गरीब मुसलमान के हित में है।

### वक्फ की जमीन बीजेपी को ये बर्दाश्त नहीं: सपा

**नई दिल्ली।** सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा है कि बीजेपी को वक्फ की जमीन बर्दाश्त नहीं है। इसीलिए वह ऐसा बिल लेकर आई है, ताकि वक्फ की जमीन पर कब्जा कर सके। वे दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड(एआईएमपीएलबी) के वक्फ बचाओ सम्मेलन में बोल रहे थे। समाजवादी पार्टी लगातार वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोल रही है। इसी कड़ी में सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे नफरत के आधार पर देश को बांटना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि बीजेपी के लोग एजेंसियों का दुरुपयोग करके और राजनीतिक लोगों पर दबाव बनाकर इस बिल को पास कराने में सफल हुए हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं से सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि इस लड़ाई में आप अकेले नहीं हैं, बल्कि हिंदू समाज का बहुमत भी आपके साथ है। सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के लोग 35 फीसदी से ज्यादा नहीं हैं, लेकिन उसके साथ कई एजेंसियां काम कर रही हैं।, उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिमी यूपी के लोग हों, नीतीश, नायडू, जयंत, देवेगौड़ा हो, उन्हें सियासी तरीके से सबक सिखाना होगा। बिहार में चुनाव आ रहे हैं, यहीं से शुरुआत करें। इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, जहां प एनडीए की सरकार सत्ता में है। इसमें बीजेपी के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड भी शामिल है। इस दौरान सपा सांसद ने मुस्लिम समुदाय के साथ खड़े होने का भी भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पूरी ताकत से आपके हर फैसले पर आपके साथ खड़े रहेंगे। धर्मेंद्र यादव ने आगे कहा कि वक्फ एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जो चर्चा हुई, वह वहां नहीं टिकेगी। उपराष्ट्रपति, सांसदों को क्या हो गया है, वे सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ गृहयुद्ध के लिए जिम्मेदार हैं।

### संविधान के खिलाफ वालों का विरोध करें: जवाद

**नई दिल्ली।** शिया धर्मगुरु कल्बे जवाद ने कहा कि संविधान के खिलाफ जो लोग काम कर रहे हैं, हमें उनके खिलाफ काम करना है। मर्द ए मोमिन से तकदीर बदल जाती है, तो सरकार भी बदल सकती है। अगर आप रक्षात्मक रुख अपनाएंगे, तो पूरी जिंदगी गुजर जाएगी। हर मस्जिद में शिवलिंग मिल जाएगा। फुहारों में शिवलिंग मिल रहे हैं। किसी भी सरकारी जगह पर इबाद. तगाह नहीं बन सकती है। हर थाने और अस्पतालों में मंदिर मिलेगा।

# थानों में पोस्टिंग को लेकर भड़के अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर पीडीए के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यूपी पुलिस में जातिगत आधार पर तैनाती और सरकारी वेबसाइट से डेटा हटाने के आरोप भी लगाए हैं। अखिलेश यादव ने दावा किया कि पीडीए सरकार बनने पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया है कि थानों में उच्च जातियों के लोगों की पोस्टिंग की जा रही है। साथ ही साथ दावा किया कि पीडीए के साथ अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने सरकार की वेबसाइट का एक स्क्रीनशॉट भी जारी किया, जिसमें थानों में जातिगत आधार पर थानेदारों की लिस्ट भी जारी की गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अधिकारियों को आगे करके कहा जा रहा है कि गलत आंकड़े पेश किए, हमने गलती सुधारने मौका दिया, तो सरकार ने अधिकारियों को आगे कर दिया। मैंने अभी 2-4 जिलों का पुलिस पर खुलासा किया, जब मैंने थानों पर सवाल उठाया, तो मुझे नसीहत दे रहे हैं, गलती नहीं सुधार रहे हैं। सरकार डाटा क्यों नहीं दे रही है। मुझ पर गलत आंकड़ा देने का आरोप लगा रहे हैं, सरकार जवाब नहीं दे रही है और अधिकारियों को आगे किया जा रहा है। हमने जो डेटा दिया है वो सरकार की वेबसाइट से लिया है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में सभी बड़े पदों पर एक ही जाति के लोग भरे पड़े हैं।



**■ पीडीए की सरकार बनने पर सभी को मिलेगा रोजगार: सपा**

उन्होंने कहा कि दलित समाज पर अत्याचार किया जा रहा है। मेरे पीडीए डाटा का खंडन करने आ गए, लेकिन सदन में जो उन्होंने कहा उसका खंडन करने नहीं आए। चित्रकूट में सपा डीएम, सीडीओ, सीएमओ, खनिज, पर्यटन, थानाध्यक्ष, कई बीडीओ में से कितने पीडीए के हैं? सरकार मैनिपुलेशन कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि बच्चों का भविष्य बने। हमें बाबा साहेब आंबेडर का संविधान, आरक्षण बचाना है। सपा प्रमुख ने दावा किया है कि अगर पीडीए की सरकार बनेगी, तो नौकरी, रोजगार मिलेगा।

# दलितों पर हमले की घटनाएं शर्मनाक: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

**बहुजन** समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश के मुरैना में अंबेडकर जयंती के अवसर पर जुलूस पर हमला और अन्य राज्यों में अंबेडकर प्रतिमा का अपमान तथा दलितों के खिलाफ हिंसात्मक वारदातें शर्मनाक हैं जो सरकारों के दोहरे चरित्र को दर्शाती हैं।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संविधान निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर इस बार देश के कई राज्यों में इनकी प्रतिमा का अनादर व उस मौके पर कार्यक्रम/जुलूस पर सामंती तत्वों के हमलों में अनेक लोगों के हताहत होने की घटनाएं अति-शर्मनाक व यह सरक.ारों के दोहरे चरित्र का प्रमाण। उन्होंने कहा ह्व ऐसे दुखद मामलों में खासकर मध्य प्रदेश के मुरैना में अम्बेडकर जुलूस पर हुए हमले में दलित की हुई हत्या व अनेकों के घायल होने की घटना अति-निन्दनीय, जिसमें दोषियों के विरुद्ध अभी तक भी सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने से राज्य सरकार इसमें स्पष्ट संलिप्तता को लेकर कठघरे में है। बसपा प्रमुख ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि दलित संतों,गुरुओं और महापुरुषों के अपमान की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें वरना दलित समाज उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व सभी राज्य सरकारें घटनाओं को गंभीरता से लेकर जरूर सख्त कार्रवाई करके इसे रोकें, वरना इन वर्गों के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। ऐसी घटनाओं से स्पष्ट है कि केन्द्र व राज्य सरकारें बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की जयंती आदि पर जो कार्यक्रम आयोजित करती हैं वे सब दलितों के वोट के स्वार्थ की खातिर पूर्णत: छलावा है।

### भाजपा राज में दलित असुरक्षित : अजय राय

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपाऋ सरकार के कार्यकाल में दलित सुरक्षित नहीं है। अमेठी में दलित युवक की हत्या के बाद पीड़ित परिजनों के प्रति शोक संवे.दना व्यक्त करने पहुंचे श्री राय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यकाल में दलितों से साथ लगातार अन्याय हो रहा है। जहां भी दलितों के साथ अन्याय हो रहा है,कांग्रेस हमेशा दलितों के साथ खड़ी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में एक दलित को पेट्रोल डाल करजिदा जला दिया गया। आजमगढ़ और रामपुर में दलितों पर अत्याचार हो रहे है। अजय राय ने भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह के कार्यक्रम पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बाबा साहब का वास्तविक सम्मान तब होगा जब दलितों के परिवार में खुशहाली आएगी।

# यूपी में चली तबादला रेल, 33 आईएएस के ट्रांसफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 11 जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा ॰(आईएएस) के 33 अधिकारियों के तबादले कर दिए। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वाराणसी, बरेली, आजमगढ़, झांसी,महोबा, अंबेडकरनगर, गाजीपुर, कुशीनगर, बरेली, हापुड़, संतकबीरनगर के जिलाधिकारियों को बदला गया है जबकि वाराणसी के मंडलायुक्त का भी ट्रांसफर कर दिया गया है।

प्रमुख सचिव परिवहन,समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग,अध्यक्ष, उप्र राज्य परिवहन निगम महानिदेशक,उप्र प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी व दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान तथा निदेशक, अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा निदेशक छत्रपति शाहू जी महाराज,उप्र श्री लक्कू वेंकटेश्वरलू को प्रमुख सचिव परिवहन विभाग तथा अध्यक्ष उप्र राज्य परिवहन निगम के पद से अवमुक्त कर दिया गया है। यह प्रभार अब प्रमुख सचिव,स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता देखेंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा को मुख्यमंत्री का सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि वाराणसी के डीएम एस राजलिंगम अब श्री शर्मा के स्थान पर वाराणसी के नए मंडलायुक्त होंगे। वहीं मुख्यमंत्री के विशेष सचिव सत्येन्द्र कुमार को वाराणसी का जिलाधिकारी बनाया गया है। हापुड़ की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को सूडा का निदेशक बनाया गया है वहीं मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय को हापुड़ का नया डीएम नियुक्त किया गया है। गोरखपुर के सीडीओ संजय कुमार मीणा को मेरठ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अलीगढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी को गोरखपुर का सीडीओ बनाया गया है। बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय को इसी पद पर आजमगढ़ भेजा गया है, जबकि आजमगढ के मौजूदा डीएम नवनीतसिंह चहल का ट्रांसफर मुख्यमंत्री के विशेष सचिव के पद पर किया गया है। अंबेडकरनगर के डीएम अवनीशसिंह का तबादला बरेली कर दिया गया है जबकि विशेष सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा व निदेशक,यूपीनेडा एवं प्रबंध निदेशक, उप्र रेनुवबिल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लि. अनुपम शुक्ला को अंबेडकरनगर का डीएम बनाया गया है। लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीतसिंह को श्री शुक्ला के स्थान पर विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा व निदेशक,यूपीनेडा एवं प्रबंध निदेशक, उप्र रेनुवबिल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लि. की जिम्मेदारी दी गई है। प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक गौरव कुमार का तबादला लखनऊ के नगर आयुक्त के पद पर किया गया है। चंदौली की संयुक्त मजिस्ट्रेट हर्षिकासिंह का तबादला प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक के पद पर किया गया है। गाजीपुर की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को विशेष सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नियुक्त किया गया है वहीं झांसी के डीएम अविनाश कुमार को गाजीपुर का डीएम बनाया गया है। महोबा के डीएम मृदुल चौधरी अब झांसी के नए डीएम होंगे। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में सचिव गजल भारद्वाज को महोबा का जिलाधिकारी बनाया गया है। संतकबीरनगर के डीएम महेन्द्रसिंह तंवर को कुशीनगर के डीएम के पद पर किया गया है।

**■ मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय को हापुड़ का नया डीएम नियुक्त किया गया**

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के तरलता उपाय से चढ़ा बाजार

**मुंबई, वार्ता**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जारी आलोचना से विश्व बाजार के कमजोर संकेत के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और एनएसई का निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,252.46 अंक और स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत उछलकर 49,143.12 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4130 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2476 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1834 में तेजी, जबकि 1059 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा। आरबीआई ने तरलता मानकों को और मजबूती देने तथा तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) ढांचे में संशोधन संबंधी अंतिम दिशा.निर्देश सोमवार को जारी किए हैं। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया।



### दिल्ली ईवी बस सेवा का कार्यक्रम स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की ओर से दिल्ली ईवी इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत 330 नई इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च करने के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि धर्मगुरु महामहिम पोप फ्रांसिस जी के निधन पर भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शोक की वजह से देवी योजना के तहत शुरू होने वाली इलेक्ट्रिक बसों की लॉलन्चग को स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 'एक्स' पर कहा कि आज पृथ्वी दिवस पर हम देवी पहल के तहत 330 नई इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च करके एक हरित भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली की यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक टिकाऊ बनाने का एक गंभीर प्रयास है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**

**विदेशी** बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 4106 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-41 सेंट की बढ़त लेकर 48-73 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।



इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13187 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बंगाल सरकार के खिलाफ घेरा शिक्षकों ने एसएसपी ऑफिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साल्ट लेक क्षेत्र में मंगलवार को तनाव उस समय चरम पर पहुंच गया जब सैकड़ों बर्खास्त सरकारी शिक्षकों ने यहां स्थित पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के मुख्यालय का घेराव किया।

इससे पहले सोमवार को एसएससी प्रमुख सिद्धार्थ मजूमदार और अन्य को घेरा गया था। इन्होंने 2016 के शिक्षक पैनल के योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने की मांग की। पुलिस ने एसएससी कार्यालय के आसपास अपने बलों को तैनात किया, जबकि प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया और एसएससी द्वारा उनकी मांगें स्वीकार किए जाने तक विरोध जारी रखा। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने उन लोगों को अनुम.ति दी जो पानी, दवाइयां और आवश्यक सामान एसएससी अध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों को आचार्य सदन में ले जा रहे थे। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी अंदर थे, जबकि प्रदर्शनकारियों ने उन्हें जाने नहीं देने का दृढ़ निश्चय किया। एसएससी ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि एसएससी ने पहले ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बरकरार रखने की अपनी मंशा की घोषणा कर दी है। उन्होंने पात्र शिक्षकों को सलाह दी कि वे तब तक प्रतीक्षा करें जब तक राज्य सरकार समीक्षा याचिका के साथ अदालत में नहीं जाती। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा था जिसमें शिक्षकों और ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारियों के पूरे 2016 के पैनल को रद्द कर दिया गया था। क्योंकि एसएससी बार-बार अनुरोध के बावजूद योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची उपलब्ध कराने में विफल रहा था।

### नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करने की योजना तैयार की है। इसमें बीजेपी और सरकार पर संविधान विरोधी होने का चेहरा उजागर किया जाएगा। कांग्रेस 24 अप्रैल तक देश भर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सफाई देने के बाद 25 अप्रैल से नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी। कांग्रेस के पांच सूत्रीय एजेंडे में लोकसभा चुनाव में कुछ बीजेपी उम्मीदवारों के संविधान बदलने के बयान की तर्ज पर निशिकांत दुबे, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री किरन रिजूजू जैसे नेताओं के सुप्रीम कोर्ट पर दिए बयानों को उठाया जाएगा, राज्यसभा में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह के बयान को वीडियो क्लिप से साथ प्रचारित किया जाएगा। चुनाव आयोग और राज्यपाल समेत संवैधानिक संस्थाओं पर बीजेपी के कब्जे के आरोप को पुख्ता किया जाएगा।

# इंडिया एक्सपो में सहारनपुर के हस्तशिल्प को मिली सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के तत्वाधान में ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 16 से 19 अप्रैल तक आयोजित हस्तशिल्प मेले में सहारनपुर और मुरादाबाद की हस्तशिल्प कला को दुनिया के 112 देशों के खरीदारों को खूब लुभाया।

मेले में अबकी 13 सौ करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स मुरादाबाद के निदेशक इश्हान अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि पिछली बार के हस्तशिल्प मेले में एक हजार करोड़ का विदेशी कारोबार हुआ था। अबकी 300 करोड़ की वृद्धि इस मायने में अहम है, क्योंकि विश्व बाजार में अस्थिरता का माहौल है। अमेरिका और चीन के बीच निर्यात शुल्क को लेकर चल रही तनातनी से दुनिया के खरीदार खासे घबराएं हुए हैं। फिर ईपीसीएस खरीदारों को प्रदर्शनी में बड़ी तादाद में लाने में सफल रही। मेले में यूं तो देश भर से तीन हजार के करीब निर्यातक पहुंचे लेकिन सहारनपुर और मुरादाबाद के निर्यातकों की चांदी रही। सहारनपुर के 30-35 निर्यातक मेले में गए थे। राम जी सुनेजा का कहना था कि कारोबार उम्मीद के मुताबिक तो नहीं रहा, लेकिन कम से कम आधे निर्यातक विदेशी खरीदारों से मिले ऑर्डर से संतुष्ट है। सहारनपुर के सबसे बड़े वुड कार्विंग के उत्पादों के निर्माता एवं निर्यातक असलम सैफी ने कहा कि उनके स्टाल पर पहले मेलों की तुलना में ज्यादा अमेरिकी खरीदार पहुंचे। मुरादाबाद के सेविन सीज इंटरनेशनल फर्म के निदेशक निर्यातक अब्दुल अजीज का कहना है कि विदेशी ग्राहक उनके स्टाल पर बड़ी संख्या में आए पर कारोबार करने को लेकर उनमें हिचक बनी रही। विश्व बाजार में अस्थिरता जब तक रहेगी तो भारतीय निर्यात उससे अवश्य प्रभावित रहेगा। मुरादाबाद की ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स के निदेशक इशहान अग्रवाल ने बताया कि फर्नीचर, लैंप और सजावटी सामानों की मांग इंग्लैंड, हालैंड आदि देशों में खूब रही। इसी फर्म के रजनीश अग्रवाल और कुलीन अग्रवाल का कहना है कि निर्यातक खासे उत्साहित है। चीन, अमेरिका की खींचतान का लाभ भारतीय निर्यातकों को मिलेगा।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बारात में जा रहे बाइक सवार युवक की हादसे मे मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, गांव में छाया शोक, मौके पर पहुंची पुलिस से कार्यवाही करने से किया इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी-लकसर मार्ग पर अचानक बाईक फिसलने से बिहारगढ़ निवासी दो युवक घायल हो गये। घायलों को भोपा सीएचसी पर लाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल युवक को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया। युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।



भोपा थाना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ निवासी 18 वर्षीय सौरभ पुत्र राजेंद्र चौहान अपने पडोसी शोकेंद्र पुत्र सूरज कश्यप के साथ बाईक द्वारा गांव के अभिषेक चौहान की बरात मे उत्तराखण्ड के रायगढ़ी जा रहा था। जैसे ही वह भोकरहेड़ी-लकसर मार्ग पर मजलिसपुर तोफिर गांव स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक किसी कारण फिसल गयी। सड़क पर गिरने से सौरभ व शोकेंद्र घायल हो गये घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत के चलते सौरभ को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां चिकित्सक ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजेंद्र चौहान ने घटना को इत्तीफाकन बताते हुए पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया। सौरभ की मौत से गांव मे शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं पिता राजेंद्र माता प्रवेश भाई सोनित, विनीत व बहन का रोरोकर बुरा हाल है।

## विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर किया सुसाइड

**बुढाना।** एक विवाहिता ने अपनी ससुराल में ही गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतका की ससुराल में सन्नाटा छाया हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी शिवम सैनी पुत्र शिव कुमार की शादी पिछले वर्ष जनपद शामली की कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर में काजल सैनी नाम की एक युवती से हुआ था। बीते 5 दिन पूर्व बुढाना पुलिस ने विवाहिता के ससुर शिव कुमार को एक मामले में जेल भेज दिया था। जिसको लेकर घर में खटपट रहती थी। विवाहिता फिलहाल बीमार भी चल रही है। आज मंगलवार के दिन शिवम् अपने खेतों में गेंहू कटवाने गया था तो उसकी गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए उसकी पत्नि ने मौका पाकर घर के अंदर छत के पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब लगा जब एक पडघेसन काजल के पास कुछ काम से गयी तो उसने शोर मचा दिया।

शोर शराबा सुनकर मौके पर आए लोगों ने इसकी सूचना बुढाना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर शिवम से घटना की जानकारी लेकर इसकी सूचना मृतका के परिजनों को दी तो परिजनों ने मौके पर आकर हंगामा कर अपनी पुत्री की हत्या का आरोप उसके पति व उसके अन्य परिजनों पर लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी थी वहीं बुढाना सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर उस कमरे का निरीक्षण किया जिसमें विवाहिता ने फांसी लगाई।

# जिले की बेटी रिया सैनी बनेंगी आईएएस अफसर

- ऑल इंडिया मेरिट में पाया 22वां स्थान, परिवार में खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चरथावल।** चरथावल ब्लाक क्षेत्र के गांव टांडा निवासी मुकेश सैनी की बेटी रिया सैनी ने आइएएस की सूची मे 22वां स्थान पाकर अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है सूची मे नाम आने से परिवार सहित क्षेत्र मे खुशी का माहौल हे और क्षेत्र मे खुशी की लहर हे रिया सैनी के पिता मुकेश सैनी दिल्ली मे फौज मे इंजीनियर हैं और रिया सैनी का परिवार दिल्ली मे ही रहता हे रिया सैनी का चयन होने से पुरे क्षेत्र सहित परिवार और गांव मे खुशी की लहर दौड़ गयी हे रिया सैनी का परिवार दिल्ली मे ही रहता हे और रिया के ताऊ चाचा गांव टांडा मे ही रहते हे रिया के चयन से क्षेत्रवासियो ने गांव मे निवास कर रहे रिया के ताऊ चाचाओ को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की हे और परिजनों से मोबाईल से सम्पर्क कर रिया के परिजनों को बधाई देते हुए उज्ववल भविष्य की कामना की है।

## घर में अकेली युवती से दुराचार की कोशिश

**खतौली।** क्षेत्र के जानसठ रोड स्थित एक गांव में एक युवती के साथ दुराचार की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना उस वक्त हुई जब युवती घर पर अकेली थी। गांव का ही युवक-युवती को अकेला देख घर में घुस आया और युवती के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। खुद को घिरता देख आरोपी जान से मारने की धामकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित युवती परिजनों के साथ थाना कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता और उसके परिजनों ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



मुजफ्फरनगर: जिलाधिकारी के सम्मुख अपनी बात रखते चाट विक्रेता।

# जिलाधिकारी के दर से भी निराश लौटे वेंडर

## बोले- दूसरे स्थान पर लगाया जाये चाट बाजार, निराश व्यापारियों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टाउन हाल के बाहर बंद कराए गए चाट बाजार के विरोध में धरना दे रहे वेंडरो की समस्या को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने वेंडरों के साथ मुलाकात करते हुए उनकी समस्या को सुना। भाकियू और हिंदूवादी संगठनों के नेताओं के साथ डीएम से मिलने पहुंचे वेंडरों को डीएम ने दो टूक जवाब दे दिया कि टाउन हाल के बाहर चाट बाजार फिर से लगने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने विकल्प दिया कि वो शहर में अपनी पसंद की जगह तलाश कर लें और वहां पर तमाम व्यवस्था वो स्वयं कराकर देंगे। इसके बाद डीएम की दर से भी वेंडर निराश लौट आये। उन्होंने कहा कि समाधान होने तक बेमियादी धरना चलता रहेगा। गौरतलब है कि नगरपालिका ने सौन्दर्यकरण कराने के नाम पर टाउन हाल का यह चाट बाजार समाप्त कर दिया है तभी से टाउन हाल के बाहर मुख्य मार्ग पर चाट बाजार के स्थान पर अपना ठेला, ठिया लगाकर रोजी रोटी कमाने वाले वेंडर बेमियादी धरने पर हैं, क्योंकि इसको लेकर भाकियू, शिवसेना और क्रांतिसेना के साथ ही पालिका सभासदों का समर्थन भी चाट बाजार संघ को मिल रहा है। डीएम ने इनकी समस्या का समाधान तलाशने के लिए मंगलवार को वार्ता के लिए बुलाया। भाकियू जिलाधयक्ष नवीन राठी, शिवसेना नेता शरद कपूर और क्रांतिसेना के देवेन्द्र चौहान के साथ चाट बाजार के वेंडर कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम उमेश मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने दो टूक कह दिया कि टाउनहाल के बाहर चाट बाजार जो हट चुका है, उसको पुनः नहीं लगाया जायेगा। डीएम ने कहा कि प्रशासन किसी भी दुकानदार का अहित नहीं होने देगा और सभी की समस्याओं का संतुलित समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में अनेक विभिन्न स्थान हैं, जहां चाट बाजार को स्थानांतरित किया जा सकता है। इनमें जानसठ रोड पर ओवरब्रिज के नीचे का स्थान भी बताया गया, लेकिन वेंडरों ने इन स्थानों को असुविधाजनक बताते हुए असंतोष जताते हुए कहा कि ऐसे किसी भी नये स्थान पर रोजगार जमने में ही काफी समय लग जायेगा, वहां पर उनको सुविधा भी नहीं मिल पायेंगी। वार्ता के दौरान एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहाद.ुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह भी मौजूद रहीं।

# रोहाना क्षेत्र में कारोबारी व किसान से लूट से फैली सनसनी

- एक बदमाश मौके पर दबोचा, बाकी की तलाश में टीम रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना में एक के बाद एक लूट की दो वारदाते होने से पुलिस में हडकंप मच गया। वारदात के एसपी सिटी व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। सबसे पहले सुबह लगभग दस बजे बदमाशों ने कॉस्मेटिक व्यापारी के घर में घुसकर उसकी पत्नी को आतंकित करते हुए एक लाख रुपये लूट लिए। शोर शराबा होने पर भीड ने एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। उसके तीन घंटे पश्चात बैंक से पैसे निकालकर बाहर निकले किसान से बाइक सवार बदमाशों ने दो लाख रुपये लूट लिए। पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। रोहाना चौकी के सामने कॉस्मेटिक व्यापारी विनोद जैन का आवास है। मंगलवार सुबह उनकी पत्नी अलका जैन घर में मौजूद थी। तीन नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए और हथियारों के बल पर उसे आंतकित करते हुए मुंह दबा दिया। बदमाशों ने एक घर में रखे एक लाख रुपये लूट लिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश घर से बाहर निकले तो महिला ने शोर मचा दिया।

शोर शराबा होने पर भीड ने एक बदमाश को घेराबंदी कर दबोच लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। आईपीएस राजेश घुनावत ने बताया कि पकडे गए बदमाश ने अपना अंशुल निवासी मन्सूरपुर बताया है। उसके दो साथी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जंगल में काम्बिंग के दौरान पुलिस को एक बैग मिला है। बैग में एक तमंचा, एक चाकू व कुछ कारत.ूस बरामद हुए हैं।

उसके तीन घंटे पश्चात गांव मलीरा निवासी किसान महेश त्यागी रोहाना क्षेत्र के इंडियन बैंक से दो लाख रुपये निकालकर बाहर निकले थे। बैंक से मात्र दस कदम की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने उनसे दो लाख रुपये से भरा थैला लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश देवबंद की तरफ फरार हो गए।

## लगातार लूट की घटनाओं से नगर में फैली दहशत

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में बदमाश पुलिस को लगातार चुनौती देकर कानून व्यवस्था पर सवाल खडे कर रहे है। जनपद में सप्ताहभर में बदमाशों ने चार थाना क्षेत्र में पांच लूट की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस सुरक्षा पर सवाल खडे कर दिए है। रोहाना क्षेत्र में तीन घंटे के भीतर लूट की दो वारदातों से पुलिस को भी चौकाकर रख दिया है। पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन किसी भी घटना में पुलिस के सफलता हाथ नहीं लगी है। पिछले दिनों नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों ने भूसा व्यापारी उज्जवल से हवाई फायरिंग कर 11 लाख रुपए लूट लिए थे। पुलिस की चार टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। वही बदमाशों ने बुढाना क्षेत्र में महिलाओं से कुंडल लूटकर पुलिस को कडी चुनौती दी थी। उसके बाद थाना सिविल लाइन क्षेत्र में महावीर चौक पर बाइक सवार बदमाशों ने महिला से तीन तोले की सोने की चेन लूट ली। पुलिस तीनों घटनाओं को खोलने जुटी हुई थी। तभी मंगलवार को बदमाशों ने रोहाना क्षेत्र में लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को कडी चुनौती दी है। तीन घंटे के भीतर एक के बाद एक घटना से पुलिस में हडकम्प मच गया। सबसे बडी चौकाने वाली बात यह है कि रोहाना क्षेत्र में पहली लूट की घटना होने के बाद अधिकारी पुलिस टीम के साथ रोहाना क्षेत्र में मौजूद थे। पुलिस टीम चैकिंग भी कर रही थी। उसके बावजूद बदमाशों ने पुलिस टीम के सक्रिय होने पर किसान से लूटकर दूसरी घटना को अंजाम दे डाला। बदमाश पुलिस को लगातार वारदाते कर पुलिस को चुनौती दे रहे है। पुलिस की सभी टीमे घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। वहीं कॉस्मेटिक व्यापारी की पत्नी से लूट से पकडे गए बदमाश से पुलिस के हाथ जल्द सफलता लग सकती है।

## बंद मकान में मिले युवक-युवती

**मुजफ्फरनगर।** सुभाष नगर में स्थित नसीरपुर रोड पर एक बडा मामला सामने आया है। गली नंबर 6 में एक मकान के बंद कमरे में दो युवकों के साथ एक युवती को पाया गया। हिन्दू संगठन के लोगों ने यहा पहुंचकर हंगामा किया । इस समय यहां स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा थी। इस मामले की जानकारी स्थानी पुलिस को दी गई जिसके बाद नई मंडी पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में ले लिया। युवती के बारे में बताया जा रहा है कि वह रामपुर की रहने वाली है और संभवत: किसी अस्पताल में कार्यरत है। पकडे जाने के समय वह सफेद कोट में थी। हालांकि, युवती की पहचान को लेकर कुछ संदेह जताए जा रहे हैं। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की और कोई भी मामला न पाया जाने पर उनको थाने से छोड दिया गया।

# मंत्री कपिल देव के घर पहुंचे पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह

- केन्द्रीय मंत्री एसपी बघेल का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश की पहली काऊ सेंचुरी का लोकार्पण करने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह का नगर विधायक एवं यूपी सरकार में कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के आवास पर स्वागत किया गया। इस दौरान यहां पर पूरा भाजपा संगठन और परिवार उमड़ा नजर आया।

शहर के गांधीनगर स्थित मंत्री कपिल देव के आवास पर मंगलवार को भाजपाइयों का हुजूम जुटा दिखाई दिया। यहां पर प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह जलपान के लिए पहुंचे थे। मंत्री कपिल देव ने संगठन परिवार के साथ उनका अपने आवास पर अभिनंदन और स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अपने निज निवास पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का संगठन परिवार के साथ आत्मीय स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अतिथि बनकर आये मंत्री के साथ ही सभी साथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने हमें प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने इस अवसर पर निवास पर पधारे सभी पार्टी पदाधिकारियों, समर्पित कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का आभार एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग और स्नेह ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

# 27 को लखनऊ में हुंकार भरेंगे व्यापारी

- व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल ने सहारनपुर मंडल के जनपदों का दौरा करते हुए जनपद सहारनपुर एवं शामली में व्यापार संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर व्यापारियों के हितों के लिए अनेक मुद्दों पर आगामी 27 अप्रैल को लखनऊ में व्यापार संगठन के बैनर पर आयोजित होने वाली बैठक की तैयारी की जानकारी ली और बताया कि लखनऊ में व्यापार संगठन के प्रदेश के समस्त जिलों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

मंडल के दौरे पर मुजफ्फरनगर से कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, नगर उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंघल, जिला युवा प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल, नगर मंत्री विशाल शर्मा भी शामिल रहे। सहारनपुर में बैठक के दौरान सहारनपुर व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष मदन मोहन मित्तल, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, नगर महामंत्री विजय मलिक, गौरव दुंग, नगर अध्यक्ष संदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीष विजन, नगर उपाध्यक्ष अनुपम जुनेजा, मनप्रीत सिंह, मयंक चौधरी, रजत गर्ग, संजय बंसल, दिवाकर, राजकुमार, प्रवीण कुमार, शशि कुमार, प्रेमचंद, नरेश शर्मा, मुनेश त्यागी सहित अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: मंत्री धर्मपाल सिंह का स्वागत करते मंत्री कपिल देव व अन्य।

# हिन्दू संगठनों ने की बार हटाने की मांग

## शिक्षण संस्थाओं के बीच खोलने से नाराज लोगों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** शिक्षण संस्थाओं के बीच में खोली गई बार को वहां से हटाने की मांग लेकर आज संयुक्त हिंदू मोर्चा के प्रति. निधि मंडल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सोपा।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर के भोपा रोड स्थित मैनेजमेंट कॉलेज के सामने पिछले दिनों एक बार का लाइसेंस दिया गया है जिस स्थान पर ये बार खोली गई है वहां सनातन धर्म की अनेक शिक्षण संस्थाएं है जिनमें मुख्य रूप से एस डी मैनेजमेंट कॉलेज, एस डी डिग्री कॉलेज व स्वामी कल्याण देव द्वारा स्थापित गांधी पॉलिटेक्निक स्थित है जिनमें हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते है इस अवसर पर संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी व शिव सेना प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा ने कहा कि जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरक्ष पीठाधीश्वर माननीय योगी जैसे महान संत हो उस राज्य के किसी जनपद में शिक्षण संस्थाओं के निकट (शराब की दुकान) बार को खोला जाना बहुत ही अफसोस जनक है यदि जल्दी ही इस बार को यहां से न हटाया गया तो सरकार के मंत्रियों का घेराव किया जाएगा मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी व जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेडा ने कहा कि बार खुलने से जनपद के गणमान्य व्यक्तियों में गहरा रोष व्याप्त है और इससे छात्र छात्राओं के बहकने की भी संभावनाएं है इसलिए जनहित में इसका हटाया जाना बहुत ही आवश्यक है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज सैनी डॉक्टर योगेंद्र शर्मा लो. केश सैनी बिट्टू सिखेडा राजेश कश्यप अमरीश त्यागी जितेंद्र गोस्वामी आशीष शर्मा गौतम कुमार आशीष शर्मा रविंद्र सैनी सनी बत्रा जितेंद्र गोस्वामी गोपी वर्मा रविंद्र शर्मा सचिन कपूर प्रदीप कोरी आदि उपस्थित करें।

## बाइक पर छह युवक सवार का वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर की सड़कों पर एक ही बाइक पर 6 से अधिक युवक सवार दिखाई दिए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना है। यह घटना ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे करती है। यह घटना मोटर व्हीकल एक्ट का खुला उल्लंघन है। भारत में सडक दुर्घटनाओं के मामले हर साल बढ रहे हैं। इस तरह की लापरवाही न केवल इन युवकों की जान को खतरे में डालती है, बल्कि अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी जोखिम बन सकती है।

# बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी ने बीएसए पर लगाया 15 लाख रुपये की डिमांड का आरोप

- पुलिस कई रोज से कर रही थी तलाश, स्वयं लौटे घर, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात डीसी विकास त्यागी 18 अप्रैल को घर से लापता हो गए थे। सोमवार रात वह नशे की हालत में घर पहुंचे। उन्होंने बीएसए पर 15 लाख रुपये की डिमांड करने और संविदा समाप्त करने की धमकी देने का आरोप लगाया।

### पुलिस जांच में जुटी

पुलिस ने डीसी के बयान दर्ज किए और उनके मोबाइल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि डीसी ने आत्महत्या के इरादे से घर से निकला था मोबाइल को महावीर चौक के पास फेंक दिया था।

### बीएसए ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

बीएसए संदीप कुमार ने आरा.ेपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि सभी चीजें ऑफिस के कैमरों में रिकॉर्ड रहती हैं और यह संविदा समाप्त करने का आरोप लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि 25 हजार की सैलरी वाले कर्मचारी से 15 लाख की डिमांड कैसे की जा सकती है।

### पुलिस जांच कर रही है

पुलिस ने बताया कि वह डीसी के बयानों की जांच कर रही है और उनके बैंक खातों को भी खंगाल रही है। पुलिस ने यह भी बताया कि बीएसए कार्यालय में तैनात कुछ कर्मचारियों ने व्हाट्सएप को डिलीट कर रखा है, जिसकी जांच की जा रही है।

### क्या है मामला?

डीसी विकास त्यागी ने आरोप लगाया है कि बीएसए उन्हें 15 लाख रुपये की डिमांड कर रहे थे और संविदा समाप्त करने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वह अवसाद में चल रहे थे और आत्महत्या के इरादे से घर से निकले थे।

# गौ अभ्यारण्य का लोकार्पण और कृत्रिम गर्भाधन केंद्र का शिलान्यास

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और उत्तर प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने मुजफ्फरनगर के ग्राम तुगलकपुर कम्हेडा में 42 एकड में 63 करोड की लागत से निर्मित गौ अभ्यारण्य का लोकार्पण किया और 20 करोड रुपये की लागत से बनने वाले कृत्रिम गर्भाधान केंद्र और कृषक प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने तुगलकपुर कम्हेडा में काऊ सेंचुरी के रूप में निराश्रित गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने का संस्थान बनवाया है, जो पूरे देश में अपने आप में अनूठा है। उन्होंने कहा कि काऊ सेंचुरी बनाना जितना कठिन था, उससे भी अधिक कठिन इसका संचालन करना है। केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आश्वासन दिया कि काऊ सेंचुरी के संचालन में उनका विभाग पूरा सहयोग करेगा। प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गौ अभ्यारण्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो भी योजनाएं बनाई जाएंगी, उनका क्रियान्वयन करने में पीछे नहीं रहेंगे। कार्यक्रम में मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक मिथिलेश पाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, गीता जैन, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी आदि मौजूद रहे। केंद्र डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान एवं कृषक प्रशिक्षण केंद्र बनने के बाद यहां 3 महीने का प्रशिक्षण किसानों के लिए बिल्कुल निशुल्क रहेगा और वह पशुपालन में डेयरी संचालन के संबंध में प्रशिक्षित होकर लाभप्रद कार्य कर सकेंगे। मुख्य ट्रस्टी राकेश बिंदल, भीम कंसल,सतीश गोयल गौ अभयारण्य ट्रस्ट के अध्यक्ष कुश पुरी ,विपुल भटनागर ,अरविंद भारद्वाज आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# पति की तलाश में एक माह से दर-दर भटक रही विवाहिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुस्कान और रविता जैसे चर्चित मामलों के बीच अब एक और नाम सामने आया है-सानिया। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मखियाली गांव की रहने वाली सानिया अपने लापता पति की तलाश में बीते एक महीने से थाना, चौकी और अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रही है, लेकिन नतीजा अब तक सिफर। सानिया के मुताबिक, उसके पति सालिम 26 मार्च को रोज की तरह फैक्ट्री में काम करने निकले थे, लेकिन फिर लौटकर घर नहीं आए। जब इंतजार लंबा होता गया तो सानिया ने पडताल शुरू की, और शक की सूई जाकर ठहरी खुद उसके रिश्ते के चाचा पर।सानिया का आरोप मेरे चाचा ही मेरे पति को ले गए हैं। कई बार थाने में शिकायत की, एसएसपी ऑफिस तक गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तो डर लगने लगा है कि मेरे साथ भी कुछ गलत न हो जाए। सानिया की शादी को महज एक साल ही हुआ है। उसकी एक छोटी बच्ची भी है, और अब अकेले वो इस लडाई को लड रही है- अपने पति को वापस लाने के लिए। सानिया ने बताया कि चार दिन पहले उसके पास सालिम का एक फोन आया था। 'फोन पर वो रो रहा था... कह रहा था कि वो बहुत तकलीफ में है। फिर अचानक कॉल कट गया और मोबाइल बंद हो गया। पुलिस का पक्ष पुलिस अधिकारी का कहना है- मामले की जांच जारी है। महिला ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी पुष्टि करने की कोशिश की जा रही है। जल्द कुछ अहम सुराग मिल सकते हैं।

# लविश की कंपनी में कई लोगों के करोड़ों रुपये फंसे

(नसीम कुरैशी)

**बुढ़ाना।** आखिर जिसका डर था वो ही हुआ। बुढाना कस्बे और क्षेत्र के सैंकडघें लोगों का करोडघें रुपया लविश की कंपनी में फंस गया। जिसको लेकर युवा वर्ग में हडकंप मचा पडा है। कोई भी पीडित युवक स्थानीय पुलिस विभाग में शर्म झिझक के मारे शिकायत नहीं कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लविश चौधरी उर्फ नवाब खान उर्फ राशिद अली ये तीनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। जिसने क्यूएफएक्स कंपनी खडी करके बुढाना कस्बे और क्षेत्र के सैंकडघें लोगों का करोडों रुपया बडा लालच देकर हडप कर लिया और मौका पाकर फरार हो गया। उसने अपना साम्राज्य बरकरार रखने के उद्देश्य से कुछ लोगों को विदेशों की भी सैर कराई और उनके खाते में ठीक ठाक रकम डलवाई। ऐसे लोगों का दिल जीतकर लविश ने उनके माध्यम से सैंकडों लोगों का मोटा रुपया अपने कब्जे में कर यहां के



सैंकडों लोगों को कंगाल कर, डाला। इस लालच में यहां के लोग उसके जाल में पूरी तरह से फंस गये और अब गुपचुप तरीके से फरार लविश की खोज कर रहे हैं। सुत्र बताते हैं कि पिछले दिनों ठगी के आरोपों में फंसे लविश चौधरी ने अपना नाम बदलकर अफीका महादीप के क्यूमोरोक्स मोहिली आइलैंड में योकर कैपिटल मार्केट नाम से एक नई कंपनी रजिस्टर कराई थी। इस कंपनी के माधयम से लविश विभिन्न नामों की स्कीम चला रहा था। इस कंपनी के बारे में दावा किया जा रहा था कि इसका व्यापार 1300 करोड रुपये का है। लविश ने कंपनी का पंजीकरण राशिद के नाम से कराया था जबकि निवेशकों में वह अभी भी लविश के नाम से ही पहच.ाना जाता है। लविश चौधरी के नाम का मामला और भी पेचीदा हो गया है क्योंकि जांच में यह सामने आया है कि वह एक नहीं बल्कि तीन अलग अलग नामों से निवेशकों को गुमराह कर रहा है। हिमाचल के मंडी थाने में क्यूएफएक्स द्वारा 210 करोड रुपये की ठगी के मामले में लविश चौधरी का दूसरा नाम नवाब खान भी दर्ज किया गया है। इसके अलावा ईडी की जांच में यह पता चला कि लविश ने तीन नामों लविश चौधरी, नवाब खान और राशिद अली से ठगी की साजिश को अंजाम दिया है। लविश चौधरी ने अपनी कंपनी का रजिस्ट्रेशन अमेरिका और अफीका महादीप के क्यूमोरोक्स मोि.हली आइलैंड में भी करवा लिया है। इसके साथ ही वह अब योकर कैपिटल मार्केट के नाम से अपना कारोबार चला रहा था। यह कदम उसने कारोबार के लिए साख बनाने और निवेशकों को विश्वास दिलाने के उद्देश्य से उठाया है। लविश चौधरी ने क्रिकेट के शौक को भुनाने के लिए यूपी नवाब क्रिकेट टीम भी बनाई हुई है। हालांकि वह खुद क्रिकेट नहीं खेल सका लेकिन उसने अपनी टीम को एडीटी 10 लीग में उतारा। इस टीम को बनाने के लिए लविश ने कई नामचीन क्रिकेट खिलाडियों को खरीदा। जिसमें रहमानुल्ला गुरबाज, टेमाल मिल्स, आंद्रे फ्लेचर, आदिल राशिद और डाविड मलान जैसे खिलाडी शामिल हैं। इस कदम से लविश ने अपनी कंपनी की साख को बनाए रखने का प्रयास किया और क्रिकेट में भी अपना हाथ आजमाया। कुल मिलाकर उसके बुने जाल में बुढाना कस्बे और क्षेत्र के सैंकडों युवकों का करोडो रुपया लालच के चलते फंस तो गया लेकिन पुलिस में शिकायत करने की हिम्मत कोई भी नही दिखा रहा।

# उपभोक्ताओं ने डीलर का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर के एक राशन डीलर का मंगलवार के दिन राशन घटतौली का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो के वायरल होने पर गांव मदीनपुर खिजरपुर के साथ ही गांव सुल्तानपुर के सभी ग्रामीणों ने राशन डीलर की जांच किए जाने की मांग संबंधित अधिकारियों से की है। इस 36 सेकेंड के वीडियो में पता लग रहा है कि उक्त राशन डीलर से राशन कार्ड धारक राशन ले रहे हैं। जब राशन कम तौलने की बात कही जाती है तो राशन डीलर कहता है कि ऊपर से ही राशन कम आ रहा है। राशन डीलर के घटतौली के खिलाफ ग्रामीणों ने आज विरोध प्रदर्शन भी किया। आरोप है कि राशन डीलर लोगों को पूरा राशन नहीं दे रहा है। यूनिट में कटौती कर राशन बांट रहा है। इस संदर्भ में बीते दिनों इस राशन डीलर की शिकायत संबंधित विभाग में देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। इस राशन डीलर की मनमानी से लोग परेशान हैं। लोग आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। ज्यादातर लोगों का कहना है कि डीलर हर परिवार के 2 से 3 किलो राशन में कटौती कर रहा है। जब डीलर से कम राशन देने के बारे में पूछा जाता है तो कहा जाता है कि अगली बार मत आना और गाली गलौज करता है। काफी लोग कम राशन लेकर ही घर को लौट जाते हैं।

## गंग नहर में डूबे युवक की तलाश जारी

**भोपा।** निरगाजनी गंगनहर झाल पर सोमवार को डूबे युवक की तलाश मंगलवार को भी गोताखोर द्वारा की गई मगर शव का पता नही चल सका है। गोताखोर शव की तलाश मे जुटे रहे। कस्बा पुरकाजी से एक बारात छपार थाना क्षेत्र के बसेडा निवासी याकूब पठान के निवास पर आई थी पुरकाजी निवासी अल्बख्श उर्फ बादशाह 16 वर्ष पुत्र जान आलम और शाहवेज पुत्र शाह जफर निवासी निवासी देवबंद भी बारात मे आया था सोमवार की दोपहर दोनो युवक तीन चार बरातियो और आधा दर्जन गांव के युवको के साथ रील बनाने के लिए भोपा थानाक्षेत्र की निरगाजनी गंगनहर झाल पर पहुंच गए रील बनाने के दौरान अल्बख्श ओर शाहवेज गंगनहर के गहरे पानी मे उतर गए वही अचानक पानी के तेज बाहो मे फस गये शाहवेज किसी तरह गंगनहर से बाहर निकल गया लेकिन अल्बख्श गहरे पानी मे समा गया जिसे देख साथ आये युवको ने शोर मचा दिया सुचना पर क्षेत्राधिकारी भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक उपनिरीक्षक जयप्रकाश गौतम की निगरानी मे गोताखोरो द्वारा डूबे युवक की तलाश कराई लेकिन कोई सफलता नही मिली मंगलवार को प्रशासन द्वारा पीएसी की टीम को बुलाया गया पीएसी की टीम ने बोट के द्वारा शंव की तलाश की मगर कोई सफलता नही मिली।

## आग लगने से भैंस की मौत, सामान जला

**भोपा।** गांव बेलडा मे मजदूर के छप्पर मे आग लगने से वहां खूँटे से बंधी दुधारू व ज्ञाभिन भैंस की झूलसकर मौत हो गई व घर मे रखा किमती सामान भी चलाकर राख हो गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा मे राशिद पुत्र जमीरा मजदूरी करता है। और वह झोपडी डालकर रहता है। इसी प्लॉट में एक भैस पाल रखी है इसी से उसके घर का गुजर बसर चलता था। मंगलवार की दोपहर राशिद अपनी भैस को पानी व चारा डालकर पेड के नीचे बैठ गया जैसे ही राशिद को झोपडी के पास आग दिखाई दी तो राशिद ने शोर मचा दिया कुछ ही देर मे आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। राशिद व ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की किन्तु आग की चपेट मे आकर भैस की जलकर मौत हो गई और घर का सभी किमती सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर दमकल विभाग की गाडिया मौके पर पहुंची और उन्होने आग पर काबू पाया। यहां पहुंचे लेखपाल सुरेश चंद ने नुकसान को आका और पूर्व प्रधान मुमताज अली, प्रधान भोपाल सिंह मौके पर पहुंचे।

## वेदांता पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बडे धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य व प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने पृथ्वी दिवस के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुनीता सैनी, कीर्ति रानी ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण की महत्ता , उपयोगिता, बचाव के विषय में जानकारी दी। विद्यालय की अध्यापिका बबीता गुप्ता, तनु शर्मा ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण में प्रत्येक वस्तु की उपयोगिता के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पृथ्वी एक ग्रह ही नहीं बल्कि हमारे जीवन का आधार है।

# 40 लाख गन्ने की पैराई कर किया समापन



**मुजफ्फरनगर।** इण्डियन पोटाश लिमिटेड की इकाई रोहाना कलां द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे पेराई सत्र 2024-25 हेतु अब तक के गन्ना पेराई के सभी रिकार्ड को तोडकर 40 लाख कु. से अधिक गन्ने की पेराई कर निंविन सत्र को समापन कर दिया गया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख तथा मिल के समस्त विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी तथा सभी कर्मचारी उपस्थित रहें । आई.पी.एल. व उ.प्र. राज्य चीनी निगम के कार्यकाल में यह गन्ने की पेराई सर्वाधिक है। इण्डियन पोटाश लिमिटेड द्वारा इस सर्वाधिक गन्ना पेराई का श्रेय प्रबन्ध निदेशक डॉ. पी. एस. गहलौत के निर्देशन में लोकेश कुमार, इकाई प्रमुख व उनकी टीम को जाता है। सर्वाधिक गन्ना पेराई करने पर क्षेत्र के किसानों द्वारा खुशी मनाई गई और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई करने के लिये बधाईयाँ दी गई।

# एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को मिला गौरव सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने पर भर्ती बोर्ड के महानिदेशक राजीव कृष्णा ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर उनकी सराहना की है। मंगलवार को शासन द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को सौंपते हुए जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के डीजीपी राजीव कृष्णा द्वारा अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह के नाम जारी प्रशस्ति पत्र में कहा कि भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया एवं परिचालन में अपनायी गई। कार्य प्रणाली की सराहना प्रदेश ही नहीं पूरे देश के स्तर पर हुई है। आप सबके के सहयोग से सम्पन्न हुई इस परीक्षा ने भर्ती के क्षेत्र में नये प्रतिमान स्थापित किये हैं। यह समस्त सफलताएं आप के सक्रिय सहयोग, परिश्रम एवं निष्ठापूर्वक किये गये कर्तव्य निर्वहन के बिना कत्तई सम्भव नहीं था। इसके लिये आप सराहना के पात्र है। डीजीपी ने नरेंद्र बहादुर सिंह की भूरि-भूरि सराहना की है।



## अवैध कब्जा हटवाने को लेकर भारतीय अति पिछड़ा संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

**मोरना।** शुकतीर्थ में ग्राम प्रधान की जमीन पर दबंगों द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जे का मामला गर्मा गया है। दबंगों द्वारा ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी देने व मंगलवार को मौके पर पहुंचने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद शुकतीर्थ गंगा घाट पर भारतीय अति पिछडा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग प्रशासन से की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने बताया कि दबंगों ने शुकतीर्थ के प्रधान राजपाल सैनी की जमीन पर कुछ दबंग लोग कब्जा करना चाहते है, जिन्होंने फोन कर ग्राम प्रधान राजपाल सैनी को धमकी दी थी कि मंगलवार को सैकड़ों गुंडे लेकर आएंगे तथा जमीन पर भी कब्जा करेंगे। भाजपा सरकार में अति पिछड़ों की जमीनों पर दबंगों द्वारा कब्जे किए जा रहे है। दबंग लोगों को किसी भी कीमत पर अति पिछड़ों का शोषण करने नहीं दिया जायेगा। अगर प्रशासन ने मिलीभगत कर दबंगों का साथ दिया तो किसी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेंगे। कोई अगर उनकी जमीन को हड़पने की कोशिश करेगा तो ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। दबंगों द्वारा दिये गये समयानुसार मौके पर प्रधान राजपाल सैनी के साथ सैकडों लोग मौके पर इकट्ठा हो गये। इस मौके पर रणवीर सिंह सैनी, उपाध्यक्ष राकेश वालिया, विजयपाल, रजत प्रजापति, यश सैनी, कृष्णपाल प्रधान, राहुल सैनी, सतीश पाल, विनोद कश्यप, मनोज पाल, राकेश सैनी, रविन्द्र, भोपाल, नितिन सैनी आदि मौजूद रहे।

## शहरीकरण मानव जीवन के लिए वरदान विषय पर डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस. डी. कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर औद्योगीकरण, वैश्वीकरण और शहरीकरण मानव जीवन के लिए वरदान विषय पर छात्र-छात्राओं के लिये डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

अनुभव कुमार (सचिव) ने इस अवसर पर कहा कि 21वीं सदी में मानव जीवन में जो सबसे बड़े परिवर्तन आए हैं, उनमें औद्योग.ीकरण, वैश्वीकरण और शहरीकरण सबसे प्रमुख हैं। ये तीनों प्रक्रियाएं मानव समाज को आधुनि.कता की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जहां एक ओर यह आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं, वहीं दूसरी ओर जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार लाती हैं। औद्योगीकरण का अर्थ है मशीनों और तकनीक की सहायता से बड़े पैमाने पर उत्पादन। जिस कारण रोजगार के अवसरों में वृद्धि और औद्योगिक इकाइयाँ हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। उत्पादन बढ़ने से देश की जीडीपी बढ़ती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। औद्योगीकरण, वैश्वीकरण और शहरीकरण, इन तीनों ने मानव जीवन को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी समृद्ध किया है। इनका संतुलित उपयोग मानवता के लिए वरदान सिद्ध हो सकता हैं। प्रतियोगता में इनफारमेशन टैक्नोलोजी चतुर्थ वर्ष के लक्ष्य शर्मा ने प्रथम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स प्रथम वर्ष की स्वास्ती शर्मा ने द्वितीय व आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स प्रथम वर्ष के आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अपना घर आश्रम का दौरा

**मोरना।** मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटि मेडिसिन विभाग के एमबीबीएस प्रशिक्षुओं ने बिहारगढ स्थित अपना घर आश्रम का दौरा किया। बिहारगढ स्थित अपना घर आश्रम में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटि मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निरंकार सिंह के नेतृत्व में पहुंचे एमबीबीएस प्रशिक्षुओं ने आश्रम में रह रहे असहाय व्यक्तियों की नि:स्वार्थ सेवा कार्यों को देखा। जिसमें सेवा का भाव होगा तो प्रभु औषधियों में बस जाएंगे। अपना घर आश्रम में 433 असहाय व्यक्तियों के आवास, जलपान, भोजन, नि:शुल्क इलाज आदि की व्यवस्था निरंतर जारी है। अपना घर आश्रम की टीम एम्बुलेंस द्वारा आश्रम लेकर आते हैं तथा उन्हें उच्च स्तरीय इलाज व सुविधाएं दी जाती है। डॉ. दीपशिखा, डॉ. हिमांशु, गौरव, सुधीर, अवधेश कौशिक, धर्मेन्द्र, मंजुषा, पंकज मौजूद रहे।

## पोषण पोटली का वितरण

**खतौली।** आदरणीय जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व आदरणीय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के आदेशों के अनुपालन में मंगलवार को सीएचसी खतौली परिसर में सिवाया टोल प्लाजा की एनजीओ 'क्यूब रूट फाउंडेशन' के तत्वाधान में खतौली क्षेत्र की अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व क्षेत्रीय नियंत्रक अधिकारी डॉ दिब्या वर्मा द्वारा टीबी ग्रसित मरीजों को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय पोषण पोटली का वितरण किया गया। जिला स्वास्थ्य मीडिया प्रभारी गीतांज.लि वर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए टीबी के मरीजघे को गोद भी लिया गया। बोपडा पीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप द्वारा भी टीबी रोगियों को गोद लेकर उनका उपचार की जिम्मेदारी उठायी गई। स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम जावेद, टीबीएचवी शांतनु, एसटीएस देवेंद्र लो.हित डॉट प्रोवाइडर जोशी रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड सहारनपुर**

पत्रांक 58 / ल0सि0 / लेखा / पी0वी0सी0-पाईप / 2025-26 दिनांक 15.04.2025

अल्पकालीन विज्ञप्ति संख्या- 01 / 2025-26

आई0एस0आई0 मानक के पी0वी0सी0 पाईप के समस्त निर्माता फर्मो/अधिकृत डीलरों को सूचित किया जाता है कि लघु सिंचाई खण्ड सहारनपुर के अन्तर्गत जनपद सहारनपुर एवं मुजफ्फरनगर में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के घटक उथले नलकूप के लाभार्थियों द्वारा स्वेच्छा से बोरिंग में प्रयुक्त होने वाले पी0वी0सी0 पाईप एवं अन्य सामग्री (एसेसरीज) विभाग द्वारा अधिकृत/पंजीकृत विक्रताओं/डीलरों से क्रय किया जायेगा। जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 स0 | सामग्री का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | 110एम0एम0 व्यास 6 के0जी0एफ0 प्रति वर्गसेमी पी0वी0सी0 प्लेन पाईप आई0एस0आई कोड 4985-2021 यथा संशोधित) (प्रति मी0) | |
| 2 | 110एम0एम0 व्यास 6 के0जी0एफ0 प्रति वर्गसेमी पी0वी0सी0 स्ट्रेनर/स्लोटिड पाईप आई0एस0आई कोड 4985-2021 यथा संशोधित) (प्रति मी0) | |
| 3 | 100एम0एम0 व्यास का एम0एस0 कटिंग शू (प्रति नग) | |
| 4 | 110 एम0एम0 व्यास का पी0वी0सी0 एडोप्टर मेल/फीमेल (प्रति नग) | |
| 5 | 110 एम0एम0 व्यास का पी0वी0सी0 एफ0टी0पी0 (प्रति नग) | |
| 6 | 110 एम0एम0 व्यास का सी0आई0 फ्लेन्ज (प्रति नग) | |
| 7 | 110 एम0एम0 व्यास का आयरन क्लैम्प 60से0मी0 लम्बाई में चार नट बोल्ट के साथ विभागीय विशिष्टयों के अनुरूप कम से कम 3.65 कि0ग्रा0 वजन (प्रति नग) | |
| 8 | 100 एम0एम0 व्यास का सी0आई0 बैण्ड विद् नट बोल्ट | |
| 9 | 100 एम0एम0 व्यास का सी0आई0 रिफलैक्स वाल्व विद् नट बोल्ट (प्रति नग) | |
| 10 | 110 एम0एम0 व्यास का पी0वी0सी0 कपलर (प्रति नग) | |
| 11 | 100 एम0एम0 व्यास का एम0एस0पाइप 110 से0मी0 लम्बे टुकडे में दोनो ओर चूडी सहित (प्रति नग) | |
| 12 | नायलान कलाथ 110 एम0एम0 पी0वी0सी0स्टेनर हेतु (प्रति मी0) | |
| 13 | 110 एम0एम0 व्यास का पी0वी0सी0 एण्ड केप (प्रति नग) | |
| 14 | नाइलोन डोरी (प्रति किलो ग्राम) | |
| 15 | 110 एम0एम0 व्यास की रबर पैकिंग (प्रति नग) | |

अतः उपरोक्तानुसार जो फर्म/अधिकृत डीलर मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लाभार्थियों को पी0वी0सी0 पाईप व अन्य एसेसीरीज देने के इच्छुक है तो सम्बन्धित फर्म/डीलर निम्न प्रपत्र जमा करायें।

1-एफ0डी0आर रू0 50,000.00(पचास हजार रू0) प्रति जनपद जो अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड सहारनपुर के पक्ष मे बंधक हो।

2-वैध डीलरशीप का प्रमाणपत्र।

3-जी0एस0टी0 पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

4-पैन नम्बर।

5-स्वघोषणा शपथ पत्र।

6-निर्माता फर्म या बी0आई0एस0 से पी0वी0सी0पाईप/एसेसीरीज के निर्माण हेतु वैध लाईसेंस इत्यादि की छायाप्रतियां।

उपरोक्त प्रपत्र दिनांक 07.05.2025 की सायं 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा कराये जा सकते है, जोकि दिनांक 08.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोले जायेंगें। जिसका परीक्षणोपरान्त मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लाभार्थियों को उपरोक्तानुसार बोरिंग कार्य हेतु पी0वी0सी0 पाइप, जाली एवं एसेसरीज उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत किया जा सके जिसकी वैधता दिनांक 30.06.2026 तक होगी। विज्ञप्ति/निविदा खुलने की तिथि को यदि सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तो विज्ञप्ति/निविदा आगामी कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

यह भी सूचित करना है कि लाभार्थियों द्वारा क्रय किये गये पी0वी0सी0 पाईप, जाली एवं सामग्री का भुगतान कृषक लाभार्थियों द्वारा स्वयं किया जायेगा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र के आधार पर विभाग द्वारा आपूर्तिकर्ता फर्म/डीलर को अधीक्षण अभियन्ता ल0सि0 वृत्त मेरठ द्वारा स्वीकृत दरें अथवा आप द्वारा अंकित दरें जो भी कम हो के आधार पर किया जायेगा।

शर्तें:-

1- विभागीय मानको के अनुसार उथले बोरिंग में प्रयुक्त किये जा रहे पी0वी0सी0 पाईप के 1.10 मी0 के दो सैम्पल नियमानुसार लेकर टैस्टिंग सीपेट लखनऊ से कराई जायेगी सैम्पल फेल होने की दशा में भुगतान पर रोक लगाकर जमानत धनराशि रू0 50000.00 को जब्त कर फर्म को काली सूची में डाल दिया जायेगा।

2- 10.00रू0 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का नोटरी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि आपका कोई सम्बन्धी/रिश्तेदार,कर्मचारी/अधिकारी इस विभाग में कार्यरत नहीं है, जिसके गलत पाये जाने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

3- विभागीय मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण उथले नलकूपों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं एसेसरीज पात्र कृषक/लाभार्थियों को उपलब्ध करानी होगी।

UPID-232703, DATE-21/04/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड
सहारनपुर।

IIFL FINANCE
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि ... [illegible]

... उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: 23.04.2025
स्थान: मुजफ्फरनगर

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# स्कूलों में बच्चों ने लिया पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण को बचाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर। दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी** के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बैनर एवं मॉडल का प्रदर्शन किया छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक पेड लगाने नदियों को दूषित न करने पॉलिथीन का प्रयोग न करने पेडों के कटान पर रोक पर्यावरण के प्रदूषण से बचने वाहनों का प्रयोग कम से काम करने इलेक्ट्रिक ऊर्जा सोलर ऊर्जा आदि का प्रयोग करने वन्य जीव जंतुओं का संरक्षण करने आदि विषयों पर मॉडल में चार्ट का प्रदर्शन किया प्रधानाचार्य विकास शर्मा एवं विद्यालय के अधिशासी समन्वयक प्रवीण कुमार पुंडीर ने बताया की सर्वप्रथम इंटरनेशनल अर्थ डे की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने की थी क्योंकि अगर पृथ्वी सुरक्षित है तो हम सुरक्षित हैं हमारा जीवन सुरक्षित है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पर्यावरण को शुद्ध रखने का संकल्प लिया की हम पृथ्वी को दूषित नहीं होने देंगे पॉलिथीन का प्रयोग नही करेंगे पानी की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं बहाना वातावरण को प्रदूषित नहीं करेंगे कार्यक्रम को संपन्न कराने में समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

मन्सूरपुर में स्थित विद्यालय **एमडीएस विद्या मन्दिर इन्टर कॉलिज** में पृथ्वी दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रबन्धक सन्दीप कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय, संचालक अनिल शास्त्री व सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने मॉं सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के ईको क्लब, ज्योति एवं रमेश सर के संयुक्त नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और क्राफ्ट प्रतियोगिता के माधयम से भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों ने सेव अर्थ मानव श्रृंखला बनाई एवं पौधारोपण किया। कार्यक्रम में कोई आम तो कोई सूर्य और कोई पृथ्वी के आकार की कटिंग पहनकर संरक्षण की अपील कर रहा था।

विद्यालय के प्रबन्धक सन्दीप कुमार ने बताया कि कि प्रकृति को नष्ट न करें, उसके संरक्षण में योगदान दें। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और पृथ्वी बचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के संचालक अनिल शास्त्री ने कहा कि पृथ्वी व पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है तथा इसके लिए हम सबको मिलकर कार्य करना है। बच्चों को प्रकृति संरक्षण और पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के ईको क्लब के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में बताया और बच्चों से पौधारोपण भी करवाया। कार्यक्रम का संचालन अंकिता बत्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं को विशेष योगदान रहा।

'अर्थ डे (पृथ्वी दिवस)' के अवसर पर **चिल्ड्रन एकेडेमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल**, मुजफ्फरनगर में विविध गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'धरती हमारी माँ है, इसका संरक्षण हमारा धर्म है। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण छोडना है। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने नारे लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, नाटक और कविता पाठ जैसी गति.विधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य था 'सेव अर्थ, सेव लाइफ।

विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने बच्चों को बताया कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है। कार्यक्रम में छात्रों ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलाव कर धरती को बचाने में योगदान देंगे जैसे की पॉलीथिन का प्रयोग न करना, पानी-बिजली की बर्बादी रोकना, अधिक से अधिक पेड लगाना, व अन्य को भी प्रेरित करना। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और छात्रों ने गो ग्रीन, ब्रीथ क्लीन के नारे के साथ पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

**दशमेश पब्लिक स्कूल राम.राज** में आज पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता ने बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया और बच्चों को पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने विद्यालय के उद्यान में जाकर पौधों को पानी दिया और यह संकल्प लिया कि वे पौधों की रक्षा करेंगे तथा पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने में अपना योगदान देंगे। विद्यालय के प्रधाानाचार्य आमिर खान ने कहा कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए हमें प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। कक्षा पांच के छात्र भवि पाहवा, कक्षा नर्सरी के मृत्युंजय पाहवा एवं कक्षा एक के छात्र अगम ने पृथ्वी के संरक्षण पर सुंदर कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए, जिससे सभी उपस्थितजन प्रभावित हुए। स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, दीप्ति शर्मा, गुरजीत कौर, कोमल राणा, कविता, खुशबू, मोनिका, गुरविंदर कौर, महक, प्रियंका, सुशील कुमार, विजय कुमार, धनवीर सिंह, प्रवेश कुमार, प्रशांत कुमार, निखिल कुमार, अशोक कुमार, सूरज जैन, अनिकेत राणा आदि उपस्थित रहे।

## शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मीरांपुर** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र केशव दत्त शर्मा ने 88.17 पर्सेंटाइल और अंश देओल ने 84.80 पर्सेंटाइल अर्जित कर जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है। विद्यालय के पूर्व छात्र यश धीमान ने भी 95.95 पर्सेंटाइल हासिल कर जेईई एडवांस परीक्षा के लिए अपनी योग्यता सिद्ध की है। विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत तथा चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी।

**प्रेस विज्ञप्ति**

वाहन संख्या UP12CT-1367 के फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में हस्तान्तरण के सम्बन्ध में। MAHINDRA & MAHINDRA FINANCE MUZAFFARNAGAR द्वारा वाहन सं. UP 12 CT-1367 को अपने नाम में हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उपरोक्त हस्तान्तरण के सम्बन्ध में पूर्व में इस कार्यालय के पत्र संख्या 3370/सा.प्र./फाईनेन्स नोटिस/2024 दिनांक 29.11.2024, पत्र संख्या 3646/सा.प्र./फाईनेन्स नोटिस/2024 दिनांक 20.12.2024 एवं पत्र संख्या 3830/सा.प्र. / फाईनेन्स नोटिस/2024 दिनांक 28.12.2024 द्वारा वाहन स्वामी श्री संजय पुत्र श्री राजबीर, नि.- वार्ड नं0-4 सदीक नगर, खतौली, मुजफ्फरनगर को सूचित किया गया था परन्तु आज दिनांक 17.02.2025 तक उक्त वाहन के हस्तान्तरण में कोई आपत्ति/सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यदि 03 दिन के अन्दर कोई सूचना उक्त हस्तान्तरण से सम्बन्धित प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त वाहन का हस्तान्तरण MAHINDRA & MAHINDRA FINANCE MUZAFFARNAGAR के नाम में कर दिया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी इस कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मुजफ्फरनगर**

**सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), मुजफ्फरनगर।**

# लाखों की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी

**मजदूरी पर गए भट्टा मजदूर के मकान को बनाया निशाना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** थाना फुगाना क्षेत्र के गांव खेडा मस्तान निवासी सुरेश पाल, पुष्पेंद्र और रणवीर का परिवार ईंट भट्टे पर हरियाणा राज्य और पंजाब राज्य में मजदूरी का कार्य करता है। बीती 13 अप्रैल को तीनों परिवार अपनी अपनी बीवी बच्चों के साथ ईंटों के भट्टे पर मजदूरी करने के लिए चले गए थे।

तीनों परिवारों ने अपने-अपने मकान में मुख्य द्वार पर तथा अंदर कमरों में सभी ताले लगाए हुए थे। बीती देर रात के समय कुछ अज्ञात बदमाश मुख्य द्वार के ताले तोडकर मकानों के अंदर घुस गए। बदमाशों ने तीनों परिवारों की अलमारी, संदूक और बक्सों के ताले तोड डाले। बदमाशों ने सोने-चांदी के आभूषण सहित घर में रखा हुआ कीमती सामान चुरा लिया। घर मालिकों की गैर मौजूदगी में बदमाशों ने तसल्ली के साथ घटना को अंजाम दिया। लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण और कीमती सामान लेकर बदमाश फरार हो गए। तीन परिवारों के घरों के ताले टूटे देखकर ग्रामीणों ने घटना की सूचना बीती सोमवार की रात पीडित परिवार वालों को दी तो सूचना मिलते ही तीनों परिवार अपने गांव मे आ गए।

पीडित पुष्पेंद्र ने बताया कि उनके परिवार में लडकी की शादी है। शादी का सभी सामान बदमाश चुराकर ले गए हैं। घटना की तहरीर पीडित परिवार ने फुगाना पुलिस को दे दी है। फुगाना पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उधर दूसरी और जिस लोहे की राड से अज्ञात चोरों के द्वारा इस चोरी की उक्त घटना को अंजाम दिया गया है वे लोहे की राड को जल्दबाजी में मौके पर छोडकर भागे हैं। जिसको पुलिस ने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है।



# जानसठ तिराहे पर खड़ी रोडवेज बसों से जाम



**आशीष सैनी**

**खतौली।** कस्बे के जीटी रोड पर स्थित जानसठ तिराहे पर हर रोज लगने वाला जाम अब एक स्थायी समस्या बन चुका है। रोडवेज बसों की मनमानी और ट्रैफिक व्यवस्था की लगातार अनदेखी के कारण इस क्षेत्र में घंटों तक यातायात बाधित रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खतौली में रोडवेज डिपो होने के बावजूद रोडवेज की अधिकांश बसें जीटी रोड पर ही घंटों खडी रहती हैं और सवारियां उठाती हैं। खासकर जानसठ तिराहे पर एक साथ तीन-चार बसों के खडे होने से पूरा चौराहा जाम की चपेट में आ जाता है। स्कूली बच्चे, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, एम्बुलेंस सेवा और आम वाहन चालक इस अव्यवस्था से बुरी तरह प्रभावित हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि इस तिराहे पर एक पुलिस चौकी भी मौजूद है, फिर भी इस अव्यवस्था पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। कई बार स्थानीय लोगों द्वारा शिकायतें की गईं, ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय व्यापारी बोले की बसों से लगने वाले जाम से उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा। तिराहे के पास दुकानदारों का कहना है कि जाम की वजह से ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाते। दिनभर शोर, हॉर्न और धूल-धक्कड से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। सख्त कार्रवाई और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि रोडवेज बसों को तय डिपो या स्टॉप से ही सवारियां लेने के लिए बाध्य किया जाए। इसके अलावा, जानसठ तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस की सख्त निगरानी और अस्थायी रूप से बस स्टॉप हटाने जैसी कार्यवाही की जानी चाहिए।

### प्रशासन की चुप्पी, जनता का फूटा गुस्सा

बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने से लोगों में आक्रोश है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जनता द्वारा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

### भीषण जाम की वजह बनी निष्क्रिय लाइट

जानसठ तिराहा हर दिन घंटों तक जाम में जकडा रहता है। रोडवेज बसों का अवैध रूप से खडा होना, ट्रैफिक लाइट का निष्क्रिय होना और ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति इन सभी कारणों ने इस चौराहे को मुसीबत का केंद्र बना दिया है।

### पृथ्वी को हरी-भरी बनाए रखने का लिया संकल्प

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में समाजसेवी जोगेंद्र शास्त्री के द्वारा विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राओं के संग विश्व पृथ्वी दिवस बडी धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। यहां पर सभी ने पृथ्वी को हरी भरी रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान यहां पर समा. जसेवी जोगिंदर शास्त्री ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस को पहली बार वर्ष 1970 में मनाया गया था।

इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है। पृथ्वी के पर्यावरण के बारे में प्रशंसा और जागरूकता को प्रेरित करने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस की स्थापना बीते वर्ष 1970 में अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के द्वारा एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की गयी और इसे कई देशों में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से उर्मिला, अर्चना, अंजू रानी, अनुराधा, गीता व जगमोहन समेत अन्य स्टाफ के लोग मौजूद थे।

### किड्जी प्रेमपुरी में अर्थ-डे मनाया

**मुजफ्फरनगर।** किड्जी प्रेमपुरी में अंतरराष्ट्रीय अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल की कॉर्डिनेटर गरिमा मारवाह ने पृथ्वी पर स्थित सुंदर वन, झरनों , नदी और पर्यावरण के बारे में विस्तार से बताया कि ये सब कैसे हमारी दैनिक जिंदगी में जरूरी है। स्कूल डायरेक्टर शालिनी शर्मा और नेहा अरोरा ने बच्चों को पर्यावरण को बचाने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का सुंदर और सफल आयोजन स्कूल की फैसिलिटेटर शालिनी कौशिक , चिंकी भटनागर और वैशाली चौधरी के कठिन परिश्रम का परिणाम है।

## अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित सर्किल रेट में वृद्धि का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर की बुढाना तहसील में भी प्रस्तावित मूल्य सूची में चार गुना तक वृद्धि की गई है। आरोप है कि मूल्य सूची में हुई वृद्धि से कस्बा और देहात की जनता में विपरीत प्रभाव पडेगा। सर्किल रेट बढने का हर वर्ग में विरोध दिखाई दे रहा है। प्रस्तावित मूल्य सूची में हुई वृद्धि को लेकर आज मंगलवार को बार एसोसिएशन बुढाना के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित मूल्य सूची का खुलकर विरोध किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रस्तावित मूल्य सूची में चार गुना वृद्धि तक कर दी गई है। यह वृद्धि बिलकुल गलत है। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभी अधिवक्ता इसका जमकर विरोध करते हैं। सबकी सहमति से लिए गए निर्णय के अनुसार बार एसोसिएशन बुढाना के अधयक्ष विनोद त्यागी तथा महासघचिव ओमपाल सिंह मलिक ने संयुक्त रुप से कहा कि इसके संबंध में वे जल्द ही जन प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। प्रस्तावित मूल्य सूची में हुई वृद्धि को लेकर वे अपना विरोध पत्र जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को भी देगे। अघधिवक्ताओं ने कहा कि प्रस्तावित मूल्य सूची पर आपत्ति की अंतिम तारीख आगामी 26 अप्रैल है। अधिवक्ताओं ने जनहित में जनप्रतिनिधियों और जनता से सहयोग की अपील की है। इस मीटिंग में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव के अलावा प्रशांत शर्मा, अवध बिहारी लाल गर्ग और ओमप्रकाश आदि अधिवक्ताओं की मौजूदगी रही।

## हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर क्विज प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कुन्द कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खतौली में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती के कार्यक्रमों के आयोजन में आज ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' विषय पर एक परिचर्चा एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, अरविन्द कुमार व कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनीष कुमार जैन, डा. पुजा पुण्डीर, राहुल माहेश्वरी एवं एकता राजपूत ने किया।

निर्णायक मण्डल द्वारा परिचर्चा प्रतियोगिता में वैष्णवी जैन को प्रथम स्थान, इरम को द्वितीय स्थान, नाजिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा हुजैफा व प्रिंस को सांत्वना पुरूस्कार दिया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रिंस को प्रथम स्थान, शिवानी गौड को द्वितीय स्थान एवं वैष्णवी जैन को तृतीय स्थान दिया गया। डॉ. मनीष कुमार जैन व डा. मोहनी कुमार ने कहा कि जीवन में संविधा की अनिवार्यता का होना आवश्यक है क्योंकि संविधान ही हमें मौलिकता प्रदान करता है।

प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने इस अवसर कहा कि संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है। मंच का संचालन डॉ. संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में आशीष जैन, डॉ. मिनाक्षी, डॉ. श्वेता मलिक, विकास जैन, पारूल शर्मा, डॉ. विशु आदि प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

### विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार के दिन विश्व पृथ्वी दिवस और हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में योग को पौधारोपण और स्वच्छता अभियान के साथ जोड़ा गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर राजीव कुमार ने बताया कि हमारी शक्ति हमारा गृह थीम के साथ मनाया गया। हरित योग का रूप व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर करेगा और धरती की हरियाली को भी दर्शायेगा। जिस प्रकार योग हमारे मन और तन को पोषण देता है ठीक उसी प्रकार पौधारोपण और स्वच्छता से धरती को पोषण मिलता है। जिससे आने वाली पीढ़ी के लिये स्वास्थ्य व स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका मीनू सिंह, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सदस्य शिवराज सिंह और विद्यालय की बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक से उतारे गए पाइपों के नीचे दबकर चालक की मौत

**छपार।** रामपुर तिराहा स्थित गोदाम पर गैस पाइपलाइन के ट्रक से पाइप उतारते हुए पाइप के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने बडी मुश्किल से उसे बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हाइवे के किनारे गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है उसके लिए रामपुर तिराहा पर गोदाम ले रखा है। मंगलवार को पाइप से भरा ट्रक आया। गोदाम में पाइप उतारते समय चालक एक पाइप में बंधी हुई चौन खोलने लगा जिससे पाइप उसके ऊपर गिर गया उसके नीचे दबने से 22 वर्षीय चालक कमलेश पुत्र जीवन गांव चांदमा थाना सरवाड जनपद अजमेर राजस्थान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों के सहयोग से शव को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ग्रामीण ने दरोगा पर लगाया अभद्रता का आरोप

**मोरना।** थानाक्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने थाने पर तैनात दरोगा पर उसके साथ अभद्रता करने व तमाचा मारने का आरोप लगाया है। युवक भाकियू तोमर के युवा जिलाध्यक्ष का करीबी है। युवक का कहना है कि सोमवार शाम पुलिस जटवाडा चौकी गंगनहर पुल पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। वह उधर से गुजर रहा था। उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस सहित बाइक के सभी कागजात थे। पुलिस ने चेकिंग के लिए उसे भी रोका। युवक का आरोप है कि चेकिंग के दौरान जटवाडा चौकी प्रभारी ने उसके साथ अभद्रता की। जिसकी वह अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। आरोप है कि उसे वीडियो बनाता देख चौकी प्रभारी ने उसके गाल पर तमाचा जड दिया। जिससे नाराज होकर उसने मंगलवार को दरोगा द्वारा की गई अभद्रता की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी तथा भाकियू तोमर के उच्च पदाधिकारियों से दरोगा की शिकायत की। भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने बताया कि ककरौली पुलिस के आमजन के प्रति खराब रवैये तथा यूनियन से जुडे एक युवक के साथ जटवाडा चौकी प्रभारी के द्वारा की गई अभद्रता को लेकर 26 अप्रैल को जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी के नेतृत्व में थाना ककरौली में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### ज्ञापन देकर भाकियू तोमर की पंचायत स्थगित

**छपार।** भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर द्वारा किसानों कि समस्याओं को लेकर 22 अप्रैल को कोतवाली छपार पर पंचायत कि घोषना कि गयी थी लेकिन संगठन ओर पुलिस अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बाद ज्ञापन देकर पंचायत स्थगित कर दी है। सोमवार की रात्रि में ही पुलिस अधिकारियों से संगठन के पदाधिकारियों की वार्ता के बाद प्रभारी निरीक्षक रामपुर तिराहा स्थित कार्यालय पहुंचे वहां पर मौजूद संगठन के पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी, जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी, मुकेश गुर्जर व इरशाद , रियासत से बातचीत हुई उन्होंने किसानों की समस्याओं का 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देकर जल्द समाधान की मांग रखी ओर तीन दिन में समाधान कराने को कहा। पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी ने कहा है कि अगर छपार कोतवाल ने जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान नही कराया तो फिर से संगठन छपार कोतवाली पर पंचायत करने के लिए बाधय होगा जिसकी जिम्मेदारी खुद छपार कोतवाली की होगी। ज्ञापन में किसानो पर क्रास केस का खेल चल रहा है उस पर रोक लगायी जाये, गांव रई बसेडा भैसरहेडी छपार बढेढी सहित दर्जनों गांवों मे किसानो के नलकूप से मोटर चोरी हो चुके है लेकिन अभी तक किसी चोरी का खुलासा नहीं हो सका ओर ना ही कोई रिपोर्ट दर्ज हुई। छपार क्षेत्र मे अवैध खनन पुलिस की साठ गाठ कर चल रहा है जिससे आये दिन दुघर्टना बढ रही है। कोतवाली में किसान ओर आमजन के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। बिना सुविधा शुल्क कोई काम नही हो रहा है, पासपोर्ट व जमानत तशदीक में सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। सभी मांगों को जल्द ही निपटाने के कोतवाल विकास यादव के आश्वासन पर पंचायत स्थगित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाधान न होने पर फिर पंचायत की जायेगी।

### तालाब की सफाई न होने से ग्रामीणों ने किया विरोध

**मोरना।** गांव दरियापुर में तालाब की सफाई न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। तालाब की सफाई कराने की मांग करते हुए मंगलवार को ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन किया। तालाब में दलदल होने से ग्रामीणों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तालाब की सफाई कराने की मांग की है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी अरुण चेयरमैन, ककरौली वी पैक्स उपसभापति नीरज, पवन, सुरेंद्र, बनारसी, मुकेश, सतीश, सुरेशपाल, सतवीर ने बताया कि गांव स्थित तालाब में सिल्ट जमने से तालाब में दलदल हो गई है। जिससे गांव की नालियों का पानी तालाब में नहीं पहुंच पा रहा है। नालियां ओवरफ्लो होने से गन्दा पानी गांव के रास्तों में बह रहा है। सफाई न होने से तालाब में कचरा, गंदगी और अन्य अपशिष्ट जमा हो गए हैं, जिससे पानी दूषित हो गया है। इसके उपयोग से जल जनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ गया है। तालाब में गंदगी से मच्छर और अन्य कीट आकर्षित होकर बीमारियां फैला रहे हैं। तालाब की साफ-सफाई न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को गुस्साए ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन कर तालाब की सफाई कराने की मांग की है।

# सिपाही की कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता से भड़का भाकियू मे रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा गंगनहर पुल पर तैनात सिपाही द्वारा भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता करने को लेकर मामला गर्मा गया, जिसके बाद भाकियू कार्यकर्ता मौके पर इकट्ठा हो गये तथा नारेबाजी करने लगे। सिपाही पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने थाने पर धरना दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक के समझाने बुझाने पर एक घंटे बाद धरना समाप्त हुआ।भाकियू के मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि पुलिस का काम शांति व्यवस्था व सुरक्षा का है। अपने प्रशासनिक विवेक को छोड़कर जनता के अपमान करने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी भाकियू के तहसील सचिव अजय उर्फ भूरा चौधरी मंगलवार को अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से भोपा आए थे। इसी दौरान भोपा थाना के दो पुलिसकर्मियों ने उनकी बाइक रोक ली। अजय चौधरी का आरोप है कि सिपाही द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई। इसी को लेकर कार्यकर्ताओं ने थाने में धरना दे दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। एक घंटे के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया, क्राइम इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने पुलिसकर्मियों को बुलाकर हिदायत देते हुए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को भी समझाया, जिसके बाद धरना समाप्त हो गया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी, बिट्टू प्रधान, सर्वेंद्र राठी, विकास रहमतपुर, अशोक कुमार, मोंटी, प्रदीप शर्मा आदि सहित अनेकों भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल मे बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव तिस्सा में वार्षिक उत्सव 'उडान बच्चों के सपनों की' के नाम से आयोजित कियाजिसमे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी कला का प्रदर्शन किया और दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम में बच्चों के परिजनों ने भी उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बृजभूषण वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया बच्चों द्वारा 1857 की क्रांति पर एक नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया। बच्चों के द्वारा नाटक, श्आज की ताजा खबरश श्अंधेरे कहीं जम न जाए उजाले बांट लोश श्मुझे पंख दे दोश श्आम के आम गुठलियों के दामश फैंसी ड्रेस, पंजाबी डांस आदि प्रोग्राम बच्चों ने मंच पर प्रस्तुत किया मुख्य रूप से कुमारी तान्या

राशि निधि तनिष्क तनीषा शौर्य सैनी पीहू सैनी ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। प्रधानाचार्य वजीर अली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारे देश की संस्कृति का अहम हिस्सा है और ये कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोगी होते है।और हम अपने विद्यालय में बच्चों का संपूर्ण विकास करने का प्रयास कर रहे हैं हमें उम्मीद है कि सभी बच्चे के माता-पिता से कि वह हमारा इसी तरह सहयोग करते रहेंगे हम अपने बच्चों को सच्चाई के रास्ते पर चलना सीख रहे हैं ताकि यही बच्चे आगे चलकर देश के उज्जवल भविष्य का निर्माण करें कार्यक्रम के मुख्य अथिति बच्चों के उज्जवल भविष्य के कामना की और कहा है कि यह बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। प्रबंधक मोहम्मद सद्दाम ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी टीचर्स अल्का मैडम, सायमा मैडम, मनम मैडम , किसा मैडम का विशेष योगदान मुख्य रूप से रहा कार्यक्रम के अंत में स्कूल में आए हुए टॉपर बच्चों का व कक्षा में प्रथम स्थान कुमारी इनायत पुत्री परवेज आलम द्वितीय कुमारी वीरा पुत्री अनुज कुमार, तृतीय स्थान कुमारी इल्मा पुत्री जमशेद ने प्राप्त किया बच्चों को मेडल देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन स्कूल की अधयापिका कुमारी मंताशा मलिक में व कुमारी सौम्या मालिक ने किया कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सराहा मुख्य रूप से एडवोकेट अंकित सैनी मुर. सलीन दीपक कश्यप मोहम्मद वकार अतुल पाल शाहनवाज कुरैशी लोकेश मास्टर रामधारी कश्यप सुशील सैनी अरुण सैनी रज्जू कश्यप आदि मौजूद रहे।



# शिक्षा के नाम पर स्कूलों में लुटाई बंद हो: फारूकी

**चेयरमैन जहीर फारूकी के नेतृत्व में अभिभावकों का प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** भाकियू नेता चेयरमैन जहीर फारुकी के नेतृत्व में सैकडों अभिभावकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय जाकर शिक्षा के नाम पर हो रही लुटाई के बारे में अवगत कराया चेयरमैन ने आरोप लगाया कि हर साल हर कक्षा का कोर्स बदलने ओर एक ही दुकान से कोर्स मिलने का क्या मतलब है गरीबों के बच्चों के फी एडमिशन क्यों नहीं होते हैं खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने ज्ञापन लेकर सबको बताया कि हर साल कोर्स बदलने या एक दुकान पर कोर्स मिलने का कोई नियम नहीं है गरीब बच्चों के एडमिशन कराने के जो नियम हैं उनकी जनता को जानकारी नहीं है चेयरमैन ने कहा कि नियमों के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी आपकी है आप गरीबों के फ्री एडमिशन के प्रति जनजागरुक अभियान चलाइए मैं हर तरह का सहयोग करने को तैयार हूं खण्ड शिक्षा अधिकारी ने इसे सभी स्कूलों को नोटिस जारी करने और कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया चेयरमैन जहीर फारुकी ने कहा कि आज आपको समस्याओं का ज्ञापन देने आए हैं समस्याओं का हल ना हुआ तो अनिश्चितक. ालीन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी आपकी होगी इस मौके पर शाहलम गौड, सुलेमान मेंबर, दीपू वर्मा, वंश अग्रवाल, फर्रुख, फैसल, अंकुर, डॉक्टर महावीर, नदीम आदि रहे।




## मोबाइल टावर से चोरी हुआ समान कराया बरामद

**खतौली।** मोबाइल टावरो से आरआरयू चोरी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने धार दबोचा था। मंगलवार को रिमांड पर लाकर पुलिस ने इनसे चोरी का माल बरामद कर पुलिस ने जेल रवाना कर दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी खतौली रामाशीष यादव के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में थाना खतौली पुलिस द्वारा पीसीआर पर लाये गये अभियुक्त मोनू शर्मा उर्फ दुष्यन्त पुत्र सतवीर निवासी जमालपुर इंचोली मेरठ हाल निवासी शान्तिनगर मूलचन्द विहार कस्बा व थाना खतौली व दीपक पुत्र मोहर सिंह निवासी सकौती बायपास थाना दौराला मेरठ हाल पता सरकारी अस्पताल सकौती मेरठ से चोरी कामल बरामद किया गया। थाना प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया कि 22-23 जनवरी 2025 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा इण्डस भारती लिमिटेड कम्पनी के मोबा. इल टावरो से, थाना खतौली, थाना मंसूरपुर, थाना नई मण्डी के आस पास के टावरां से आरआरयू चोरी किये थे, जिसमे कार्यवाही करते हुये थाना खतौली पुलिस द्वारा दिनांक 26 जनवरी के को 4 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जिसमे अभियुक्त मोनू शर्मा उर्फ दुष्यन्त पुत्र सतवीर व दीपक पुत्र मोहर सिंह फरार चल रहे थे, जिन्होने दिनांक 11 अप्रैल 2025 को न्यायालय मे जाकर आत्मसमर्पण किया था। इनसे बरामदगी के सम्बन्धा में मोनू शर्मा उर्फ दुष्यन्त व दीपक को पीसीआर पर लाया गया, जिनकी निशादे. ही से चोरी किये गये 5 आरआरयू बरामद किये गये हैं।

# गंगा में दिखावे के स्वच्छता अभियान से भड़का साधु संतों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित गंगा का पानी कम होने से तथा वहां फैली गन्दगी व सिल्ट को हटाने की मांग साधु संत लगातार कर रहे हैं। किन्तु प्रशासन द्वारा केवल दिखावे की साफ सफाई से साधु संतों में रोष भडक गया है। मंगलवार को साधु संतों ने बैठक कर प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है।

प्रसिद्ध तीर्थनगरी शुकतीर्थ में घटता गंगा का जलस्तर एक बडी समस्या बना हुआ है। वहीं गंगा में फैली भारी गंदगी से चारों ओर भारी दुर्गन्ध फैल रही है। जिससे आने वाले श्रद्धालु बिना स्नान किए ही लौट रहे हैं। वहीं किनारों पर फैली सिल्ट कीचड के रूप में बदल गई है। गंगा में फैली गंदगी से नाराज साधु संतों ने गंगा घाट पर एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें नगरी के साधु संतों ने भाग लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए महामंडलेश्वर



गोपालदास महाराज ने कहा कि शुकतीर्थ में प्रशासन दिखावे की साफ सफाई कर रहा है। प्रशासनिक अधिकारी फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं। शुकतीर्थ के विकास के नाम पर आया पैसा अनावश्यक कार्यों में लगाया जा रहा है। सौन्दर्यीकरण के नाम पर मार्ग को संकरा कर दिया गया है तथा जगह जगह कूडे के ढेर लगे हुए हैं। गंगा के जलस्तर को लेकर शासन प्रशासन गम्भीर नहीं है। गंगा में पानी के कम होने से श्रद्धालुओं की संख्या लगातार कम हो रही है। गंगा में सिल्ट का अंबार लगा हुआ है, जिससे गंगा की धार घाट से दूर हो गई है। कई स्थानों पर घाट टूटा पडा है तथा भारी दुर्गन्ध फैली हुई है। शुकतीर्थ में वर्तमान में 80 करोड रूपये के विकास कार्य किये जा रहे हैं किन्तु धरातल पर सिर्फ गंदगी ही नजर आ रही है। तिलकधारी आश्रम के स्वामी विष्णु आचार्य महाराज ने कहा कि गंगा की धार लाने का आश्वासन सीएम योगी आदित्यनाथ दे गये थे। किन्तु गंगा में पानी आज तक नहीं आ पाया है। मेले के दौरान थोडा पानी गंगा में छोड दिया जाता है जो पर्याप्त नहीं है। प्रशासन गंगा में निरंतर पानी की व्यवस्था करे। आचार्य महेशानन्द ने कहा कि हरिद्वार की ही तरह शुकतीर्थ को भी विकसित करना होगा। शुकतीर्थ में गंगा में गंदगी को देखकर ब्रह्मलीन संतों की आत्मा को कष्ट होता होगा। प्रेमशंकर मिश्रा ने कहा कि गंगा घाट पर फैली सिल्ट को प्रशासन तुरंत हटवाए व वहां सौन्दर्यीकरण की व्यवस्था करे, जिससे साधु संत गंगा में प्रतिदिन स्नान कर सके। ओमदत्त आर्य ने कहा कि शुकतीर्थ की समस्या के समाधान को लेकर गम्भीर होना होगा साथ ही साधु संतों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर गंगा में साफ सफाई न हुई तो शुकतीर्थ में सरकार द्वारा कराए जा रहे सभी निर्माण कार्यों को साधु संत बंद करवा देंगे। वहीं गंगा घाट पर पहुंची मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने एसडीएम जयेन्द्र सिंह को गंगा घाट पर चार सफाई कर्मचारियों की नियमित तैनाती व तुरंत सिल्ट हटाने के आदेश दिये। एसडीएम जानसठ ने गंगा घाट पर साफ सफाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर स्वामी आनन्दस्वरूपानंद सरस्वती, गीतानंद गिरि, स्वामी भजनानंद, स्वामी कृपालदास महाराज, ओम शांति सैंटर की प्रवेश बहन, शुकतीर्थ मंडल अध्यक्ष अरूण पाल, अजय कृष्ण शास्त्री, बीके प्रवेश बहन, गंगा सेवा समिति के महामंत्री डॉ. महकार सिंह, प्रबन्धक देवेन्द्र आर्य, चौ. सुरेन्द्र सिंह, आचार्य उप्रेति, स्वामी राजेन्द्रदास, लवी राठी आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 'अगर पृथ्वी ही न रही तो कहां रहेंगे हम' बच्चों ने दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, शिक्षक रवि कुमार व बालिकाओं ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार को पौधा भेंट करते हुए पृथ्वी दिवस के विषय में बालिकाओं से कहा कि पृथ्वी के संरक्षण में प्रकृति भी अपनी अहम भूमिका निभाती है। नदी, पहाड़ और अनेक प्रकार की मिट्टी ने इसकी देह को सजाया है। धरती हमारी माता है। हमें भी उसके पुत्र के समान उसके संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उसके सौंदर्य को बढ़ाना चाहिए। कहा कि हमें पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। जगह-जगह कूड़ा न डालकर कूड़ेदान में ही डालना चाहिए। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, वंदना रानी, नीलम रानी, पंकज रानी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मोहित कुमार, कपिल कुमार, सुरभि रानी, उपासना रानी, साक्षी रानी, आकांक्षा रानी आदि मौजूद रहे।

शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रर्यावरण संरक्षण, भूमि की महत्ता तथा सतत् विकास विषयों पर विभिन्न गति. विधियां आयोजित कि गई। जिनमे भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं निबंन्ध लेखन आदि रहे। कक्षा 1 से 3 के छात्रों ने प्रर्यावरण संरक्षण का पाठ पढाने के लिए लद्यु नाटक प्रस्तुत किया। कक्षा 7 से 8 तक कीछात्राओं ने पर्यावरण परिवर्तन के लिए नाटक एवं भाषण प्रस्तुत किए। कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने जल के अपव्यय को रोकने, प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम् करने और ऊर्जा के विवेक पूर्ण उपयोग के लिए विभिन्न नाटको की सजीव प्रस्तुती पेश की। प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने छात्र-छात्राओं एवं समस्त कर्मचारियों को साथ लेकर पर्यावरण के संरक्षण के लिए संकल्प लिया गया। जिनमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल का अपव्यय रोकने, प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने, ऊर्जा का विवे. कपूर्ण उपयोग, जैव विविधता की रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। विद्यालय चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल ने कहा कि पेड पौधों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों का अत्याधिक दोहन के कारण हमारी धरती खतरे मे आ गई है जिससे जगह जगह हिमपात, भारी वर्षा, बादल फटना, सूखा आदि विभिन्न प्रकार की विपत्तियां संपूर्ण मानव एवं पशु जाति को झेलनी पड रही है। जिसके कारण असाध्य रोगो का सामना भी करना पड रहा है।


रॉक गोल्ड

शहर के स्थानीय सरती देवी राजा राम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पेड़ लगाना, स्वच्छता अभियान चलाना, कला और निबन्ध प्रतियोगिताऐ हुई। बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट तथा पोस्टर द्वारा अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय किया। विद्यार्थियों ने 'मेरी धरती मेरा भविश्य' और 'प्लास्टिक को ना कहे' इन विशयों पर पोस्टर के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल प्रबन्धक राहुल गुप्ता ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है। हमें इसे प्यार और देखभाल के साथ सँभालना चाहिए। प्रधानाचार्य नितिन अरविन्द टंडन ने भी बच्चों को जागरूक किया।


सरती देवी राजा राम स्कूल

शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि पृथ्वी का अस्तित्व करोड़ों वर्षों से है। किन्तु पिछले लगभग 100 वर्षों से पृथ्वी पर विभिन्न प्रकार के प्रदूषण बढ़ रहे हैं, जिसके कारण आज हमें पृथ्वी को बचाने की चिन्ता करनी पड रही है। क्योंकि जब पृथ्वी का वातावरण ही शुद्ध नहीं रहेगा, जल स्वच्छ नहीं रहेगा तो मनुष्य भी जीवित नहीं रह सकेगा। इसलिए आज हमें पृथ्वी दिवस जैसे आयोजनों को करना पड रहा है। इस अवसर पर जल को स्वच्छ रखने के लिए, पेड पौधों को लगाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने जैसे विषयों पर वंशु बंसल, मुस्कान सैनी, चिंकी, सना, लवपाल, दिवांक नामदेव, जुनैद अंसारी, वंश आदि छात्र छात्राओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन अनिल कश्यप ने किया। इस अवसर पर सतीश आत्रेय, धनश्याम सारस्वत, छवि शर्मा, ज्योति तायल, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, सुमन शर्मा आदि मौजूद रहे।


सत्य नारायण इंटर कॉलेज

शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शामली में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रधानाचार्य संजय सैनी व शिक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि आज पृथ्वी दिवस को मनाने की शुरुआत अप्रैल 1970 से हुई थी पृथ्वी स्वरूप को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना की आवश्यकता है और उनके देखभाल करना भी पेड़ों से पर्यावरण शुद्ध होता है और हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गीत और भाषणों के माध्यम से पृथ्वी के महत्व को बताया।इस अवसर पर प्रवेश शर्मा, राजीव शर्मा, आदेश कुमार, मुकेश कुमार, योगेश कुमार, शिवकुमार धीमान, रवि कुमार, नामित कुमार, अरुण कुमार, सविता गुप्ता, नूपुर वशिष्ठ, रितु रुहेला आदि उपस्थित रहे।


सरस्वती शिशु विद्या मंदिर

**झिंझाना।** एसडीएस कांवेंट स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ नामक थीम पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

जिसमें स्कूल प्रबंधन द्वारा भी बच्चों तथा अभिभावकों को पृथ्वी को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने को कहा। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने उत्साह व जोश के साथ जागरूकता हेतु पोस्टर्स का निर्माण किया।

प्रदर्शनी के पश्चात सभी छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से ए शपत ली की वे पृथ्वी को साफ - सुथरा व प्रदुषण मुक्त बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएंगे। इस अवसर प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने सभी छात्र छात्राओं से ए अपील की वे अपने जन्म दिवस पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए।

प्रदर्शनी का आयोजन चेतना व विनीत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुमित,अलका, संस्कार, आकाश आदि स्टाफ मोजूद रहा।


एसडीएस कान्वेंट स्कूल झिंझाना



## वाजिद अली की माता के इंतकाल पर की दुआ-ए-मगफिरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली की माता के निधन पर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना प्रदान की। गत सप्ताह पूर्व रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली की 82 वर्षीय माता सईदन का निधन हो गया। रालोद जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर कई राजनैतिक दलों के नेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर सांत्वना दी और माता के इंतकार पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, सांसद चन्दन चौहान, एमएलसी वीरेंद्र सिंह, भाजपा नेता अनिल चौहान, विधायक कैराना नाहिद हसन, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अशरफ अली, योगेन्द्र सिंह चौयरमेन, राजेन्द्र प्रमुख, गाजियाबाद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी, बुलंदशहर जिलाध्यक्ष पंकज प्रधान, मेरठ से रालोद एससी एसटी प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्षा संगीता, सहरानपुर जिलाध्यक्ष सहजमा खान ने पहुंचकर वाजिद अली से मुलाकात कर सांवत्ला दी है।

## एक नजर

### अभाविप द्वारा चलाया जा रहा पानी पिलाओ पक्षी बचाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाए जा रहे पानी पिलाओ पक्षी बचाओ अभियान में अभाविप जिला शामली के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों से आग्रह किया गया कि इस भीषण गर्मी में सभी अपनी छत पर पक्षियों के लिए एक बर्तन में पानी रखे तथा इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े। इस अवसर पर जिला संयोजक आकाश भारती, प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य विष्णु शर्मा, हनी संगल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेड़ों को जेनरिक नाम से किया टैग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज, शामली में क्यू आर कोड फ्लोरा मिशन के अन्तर्गत कॉलेज परिसर में लगे पेड पौधों को उनके जेनरिक नाम से टैग करने का कार्य किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि पेड पौधों को उनके जेनरिक नाम से जानना आवश्यक है। इससे हम पेड पौधों की विभिन्न प्रजातियों से परिचित होते हैं तथा मौसमों के अनुसार उनकी रक्षा करने में सक्षम होते हैं। मौके पर लोकेन्द्र कुमार, अनिल कश्यप, सतीश आत्रेय, महेश नारायण गौड़, राहुल सिंघल, नीतू अग्रवाल, ज्योति तायल, जौली गर्ग, आदि उपस्थित रहे।

### ईंट भट्टे पर मारपीट मामले में आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** सोमवार ग्राम गुज्जरपुर में ईंट भट्टे पर मारपीट और गाली-गलौच की घटना हुई थी, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। पीड़ित तारीफ पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम भड़ी चौसाना की तहरीर पर थाना झिंझाना में मुक. दमा दर्ज किया गया था। जिस में झिंझाना पुलिस ने आरोपी जावेद पुत्र यामीन को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक अवैध बंदूक और 12 बोर के दो जिंदा कारत. ूस बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अजयपाल सिंह बिडौली, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल शिवम और नरेन्द्र शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में कार्यवाही कर उसे न्यायालय में पेश किया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसो. व शिक्षक महासंघ ने किया धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन एवं शिक्षक महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। जिसमें उन्होने पांच सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की है।

मंगलवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि फाईनेन्शियल बिल 2025 के माध्यम से पेंशनरी नियमों में किए गए बदलाव को तत्काल निरस्त कर सेवानिवृत्त होने की तिथि के आधार पर पेंशनर समूह में भेद न पैदा किया जाए। केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन की कार्यवाही पूर्ण कर उसके नियम एवं शर्तों में पेंशन के पुनरीक्षण का विषय भी संदर्भित किया जाए। कर्मचरियों, शिक्षकों एवं पेंशनरों के वेतन पुनरीक्षण की तिथि एवं वेतन निर्धारण के प्रचलित नियमों के अनुरूप ही पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण की तिथि एवं सिद्धान्त में समानता रखी जाए। पेंशनरों की पेंशन राहत का शासनादेश कर्मचारियों, शिक्षकों के मंहगाई भत्ते के शासनाद. ेश की तिथि को ही जारी किया जाए। मंहगाई राहत को मंहगाई भत्ते से डी-लिंक न किया जाए।देश में एनपीएस और यूपीएस की व्यवस्था के स्थान पर कर्मचारियों एवं शिक्षकों को परिभाषित लाभ योजना ओपीएस ही प्रदान की जाए। पेंशन के राशिकरण की हो रही कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष लाई जाए। इस अवसर पर चन्द्रपाल सिंह, अश्वनी त्यागी आदि मौजूद रहे।




## फसल को चोरी से काटने का आरोप

**झिंझाना।** गांव युसुफपुरा चौतरा निवासी महिला ने थाने दी तहरीर में गांव निवासी दबंगों पर 18 बीघा गेंहू की फसल को चोरी से काटने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सोमवार को थाने में दी तहरीर में महिला बिन्द्रो उर्फ मिन्द्रो पत्नी स्व रविदत्त शर्मा निवासी युसुफपुर चौतरा ने बताया कि उसकी करीब 18 बीघा कृषि भूमि खंसरा नं0 307, 321, 310, 312, 309 जो गांव में स्थित है। इस कृषि भूमि के खसरा संख्या 307, 321 न्यायालय सिविल कोर्ट कैराना में विवाद विचाराधीन है, जिसमे न्यायालय ने खसरा नं0 307, 321 पर यथा स्थित मे रखने के आदेश किए थे, जिसका विपक्षी गण गय्यूर, अय्यूब, तैय्यब पुत्रगण केशू व तौसीफ पुत्र गय्यूर निवासीगण युसुफपुर चौतरा ने नाजायज तरीके से करीब 18 बीघा खडी गेंहू की फसल को सोमवार की रात समय करीब डेढ़ बजे रात चोरी की नियत से काट लिया। आरोप है कि महिला जब मौके पर गई तो विपक्षी गणो ने गाली-गलोच करते हुए मार-पीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित महिला द्वारा थाने में दी तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को जनपद न्यायाधीश ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए मंगलवार को जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में एक बैठक आहुत की गई। जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश विकास कुमार द्वारा की गई। जिसमें, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली प्रतिभा तथा जिला पूर्ति अधिकारी, पंचायती राज अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला प्रोबेशनध्चकबन्दी अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, लीड बैंक मैनेजर व अन्य बैंकों के शाखा प्रबंधक,जिला सूचना अधिकारी शामली के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। आयोजित बैठक में जनपद न्यायाधीश द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदा. धिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के लिए अपना योगदान प्रदान करे।

## बाल अपचारी पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद हुआ है।

बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेने एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि बाईक पर सवार होकर झिंझाना में कपडे की खरीदारी करने जा रहे तीन युवकों की सामने से आ रही दूसरी अन्य बाईक से जोरदार भिडंत हो गई। दुर्घटना में तीनों युवकों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से दो को जिला अस्पताल से हायर सैंटर के लिए रेफर किया गया है।

गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव मालैंडी निवासी हंसराज, मोहित व विजय गत सोमवार देर रात्रि बाईक पर सवार होकर झिंझाना कपडे की खरीदारी करने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह ऊन-दरगाहपुर रोड पर पहुंचे तो इसी दौरान सामने से आ रहे बाईक सवार दो युवकों से उनकी बाईक की आमने सामने की जोरदार भिंडत हो गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शामली जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां हंसराज के पैर की हडडी टूटी पाई गई, जबकि विजय और मोहित की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# गर्मी को लेकर विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने बीएसए को ज्ञापन देकर अत्यधिक गर्मी व हीटवेव के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत विद्यालय समय में परिवर्तन किए जाने की मांग की है।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला संयोजिका पूनम तोमर व भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार ने बीएसए को ज्ञापन देकर कहा कि वर्तमान में सभी परिषदीय विद्यालयों का संचालन बच्चों के शिक्षण के लिए प्रात: 8 से 2 बजे तक किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे के बाद से ही बच्चे अत्यधिक गर्मी के कारण विच. लित महसूस करते हैं तथा शिक्षण कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पाता है। दोपहर 2 बजे बच्चों की छुट्टी के समय भी अत्यधिक गर्मी व हीटवेव का प्रकोप पहता है। शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा भी सभी विद्यालयों में हीटवेव के दृष्टिगत विद्यालय की समयावधि में परिवर्तन किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। इसलिए संगठन अनुरोध करता है कि अत्यधिक गर्मी व हीटवेव के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत विद्यालय समयावधि प्रात: 7:30 से 12:30 बजे तक की जाए। शिक्षकों ने जिला. धिकारी को एक्स पर समस्या से अवगत कराया है। मौके पर अमित मित्तल, इकबाल अहमद, दिलशाद, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

# नैदानिक केंद्रों के पंजीकरण व नवीनीकरण को लेकर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली डॉ अनिल कुमार द्वारा जनपद शामली में संचालित हास्पिटल, नर्सिंग होम, चिकित्सालय, पैथोलोजी लैब एव अन्य निजी नैदानिक केन्द्रो के संच. ालको को सूचित करना है कि 1 मई से क्लीनिकल स्टैबलिशमेन्ट एक्ट के प्रावधानों के अनुसार सभी निजी नैदानिक केन्द्रों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाना है जिसमें निम्न अभिलेखीय कार्यवाही पूर्व से ही पूर्ण करते हुए पोर्टल पर आवेदन करना सुनिश्चित करें। यदि पोर्टल पर अपूर्ण आवेदन प्राप्त होता है तथा पंजीकरण एवं नवीनीकरण की कार्यवाही ससमय नहीं हो पाती है तो उसके लिए निजी नैदानिक केन्द्र संचालक स्वय उत्तरदाई होंगे। निजी नैदानिक केन्द्र से उत्सर्जित होने वाले वायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु निर्धारित अवधि का अनुबन्ध कर उसकी प्रति पोर्टल पर अपलोड करेंगे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राधिकार पत्र प्राप्त कर उसकी प्रति पोर्टल पर अपलोड करेंगे। फायर विभाग से निजी नैदानिक केन्द्र का ऑडिट कराकर उसकी प्रति पोर्टल पर अपलोड करेंगे। विद्युत विभाग से निजी नैदानिक केन्द्र का ऑडिट कराकर उसकी प्रति पोर्टल पर अपलोड करेंगे। चिकित्सालय से निकलने वाले गन्दे पानी एवं प्रदूषित हवा के निस्तारण की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सक एव पैरामेडिकल स्टाफ का एच.पी.आर. संलग्न करेंगे। निजी नैदानिक केन्द्र का एच0एफ0आर0 संलग्न करेंगे। निजी नैदानिक केन्द्र में नियुक्त चिकित्सकों एव कर्मचारियों का शपथ-पत्र एव उनके बैठने के समय का विवरण लिखते हुए उनके अभिलेखो की छाया मय आधार कार्ड प्रमाणित कराते हुए संलग्न करेंगे। जिस स्थान पर निजी नैदानिक केन्द्र संचालित होगा वह स्वयं का है अथवा किराए का है इसका प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराएं। यदि कोई चिकित्सक एक से अधिक स्थानों पर कार्य सम्पादित करेगा, तो उसके प्रत्येक चिकित्सालय में बैठने का समय निर्धारित करते हुए शपथ-पत्र उपलब्ध कराएंगे। चिकित्सालय में दी जा रही सेवाओं एवं उपलब्ध बैडों की संख्या एवं कार्यरत चिकित्सकों एवं पैरामेडिल स्टाफ का विवरण पोस्टर चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर पेन्टिंग कराकर उसकी फोटो आवेदन के साथ संलग्न करेंगे। अन्य अभिलेख एवं विवरण जो पोर्टल द्वारा वांछित हो अपलोड संलग्न किया जाए।

## नशामुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अतुल बंसल के आदेशानुसार जिला मान. सिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम अंकित यादव और प्रेरणा पुंडीर ने जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज मुंडेट कला, मे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं नशा मुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बच्चों को लाइफ स्किल सुसाइड प्रीवेंशन स्ट्रेस मैनेजमेंट, एवं नशे से होने वाली बीमारी एवं नशा न करने एवं इससे होने वाले रोगों के के बारे में बच्चों को समझाया गया और उन्हे मानसिक बीमारी के बारे मे बताया गया कि इसके क्या क्या लक्षण होते हैं और इसका इलाज अब आपके जिले मे संभव हैं। विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चो को टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 से मिलने बाली सहायता के बारे बताया गया और छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। अंत में आईईसी मैटीरियल वितरित करते हुए जिला अस्पताल में बने मनकक्ष के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्या गीता वर्मा एवं अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

# कैराना जाते हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ता पुलिस ने रोके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** सीमावर्ती राज्य उत्तराखंड के देहरादून से करीब दर्जन भर से अधिक गाड़ियां लेकर 75-80 की संख्या में शामली के कैराना जा रहे हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को जिला प्रशासन के निर्देश पर बिहारीगढ़ थाना पुलिस ने मोहण्ड बार्डर पुलिस चौकी के समीप रोक लिया। इस बात से नाराज होकर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस का विरोध करते हुए जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिये और शामली जाने के लिए भरपूर कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घंटों तक उन्हें समझाने के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया।



मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर करीब बारह बजे देहरादून से हिंदू रक्षा दल के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा के नेतृत्व में करीब अस्सी से अधिक कार्यकर्ता अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर शामली स्थित कैराना जा रहें थे। इस मामले की जानकारी जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों तक पहुची तो उन्होंने बिहारीगढ़ थाना पुलिस को मोहण्ड पुलिस चौकी पर सभी लोगों को रोकने और किसी भी सूरत में आगे नहीं जाने देने के निर्देश दे दिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंदू रक्षा दल के सभी लोगों को मोहण्ड में ही रोक लिया। इस दौरान हिन्दू संगठन के लोगों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए जय श्री राम के नारे लगाने शुरू कर दिए। पुलिस ने उन्हें समझाया कि हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं से वार्ता करने के लिए सीओ बेहट मोहण्ड पहुंच रहे हैं। उसके बाद ही इस समस्या का समाधान होगा।

मोहण्ड पुलिस चौकी पर रोकें जाने के इस मामले में हिंदू संगठन के नेताओं का कहना था कि वह शामली के कैराना में शांतिपूर्वक तरीके से हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए जा रहे थे, लेकिन यूपी पुलिस ने उन्हें यहां बेवजह परेशान करने की नीयत से रोक रखा है। इस सम्बन्ध में जानकारी करने पर सीओ बेहट मुनीष चन्द्र ने बताया कि देहरादून से शामली जाने के लिए हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं के पास किसी भी तरह की प्रशासनिक अनुमति नहीं थी यह बात उनके नेताओं को अच्छी तरह समझाते हुए संतुष्ट करने के बाद वापस देहरादून भेज दिया गया है।

# सौलर लाइटों से बैटरे हुए गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में लगभग दो वर्ष पूर्व भारी भरकम पैसा खर्च कर निकाय द्वारा लगायी गई सोलर लाईटों के ज्यादातर बैंटरे गायब हो जाने से यह सभी सोलर लाईटें मात्र शोपीस बनकर रह गयी हैं। बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह बैंटरे गायब कहां हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर निकाय द्वारा भारी भरकम सरक.ारी पैसा खर्च कर नगर की मुख्य गलियों, नुक्कड़ एवं चौराहों पर लगभग दो वर्ष पूर्व सोलर लाईटें लगायी गयी थी जो कि आज शोपीस मात्र बनकर रह गयी हैं। जहां सुलतानपुर नगर में डॉ. जिया अहमद की दुकान के बराबर में, छप्पर वाली मस्जिद के निकट, सीएचसी सुलतानपुर से पहले सर्विस स्टेशन के सामने, वहीं चिलकाना नगर के मोहल्ला मजहर हसन में फुरकान कुरैशी के घर के बराबर वाली सड़क, पत्रकार एम एस सोनू कुरैश के बराबर वाली गली में, ठेकेदार आजम कुरैशी, भूतपूर्व चौयरमैन भूरा कुरैशी मरहूम व कॉग्रेस नेता लियाकत अली के घर निकट लगी हुई सभी सोलर लाईटों से बैंटरे गायब हो चुके हैं। कुछ अन्य जगहों से भी सोलर लाइटों के बैंटरे तो कहीं से सोलर प्लेट गायब हो गयी हैं वहीं कई जगहों से पूरा का पूरा सेटअप ही गायब हो चुका है।

सबसे बडा सवाल यह बनता है कि यदि यह बैंटरे चोरी हुए है तो निकाय द्वारा इनके चोरी होने की शिकायत व इनकी व देख रेख क्यों नही की गई। यदि यह बैंटरे किसी खराबी के चलते निकाय द्वारा स्वंय उतरवाये गये हैं तो इनके स्थान पर अभी तक दूसरे बैंटरे क्यों नहीं लगाये गये हैं। जबकि सुत्रों का कहना है कि यह बैंटरे तीन साल की रिप्लेसमैंट गारंटी के साथ आये थे व सोलर प्लेटों की भी पच्चीस साल की गारंटी होती है। नगरवासियों का कहना है कि यह सोलर लाईटें लगने के कुछ महीने बाद ही कई जगहों से पोल पर लगे बैंटरे गायब होना शुरू हो गये। वहीं यह लाईट भी लगने के मात्र कुछ दिन बाद ही जलना बंद हो गई थी। आज स्थिति यह है कि इन सोलर लाइटों में से एक भी लाईट जलती हुई दिखाई नही देती है। बावजूद इसके नगर निकाय द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

## ज्ञापन सौंपा

**सहारनपुर।** भगीरथ सेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर फिल्म फुले को सिनेमाघरों में प्रदर्शित कराने एवं टैक्स फ्री कराने की मांग की है।

भगीरथ सेना के जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि शिक्षा के अग्रदूत व महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष पर बनी फिल्म 'फुले' जो 11 अप्रैल को देश के सिनेमा घरो मे रिलिज होनी थी। उसको बिना कारण रोका गया। जबकि उक्त फिल्म को सेंसर बोर्ड से भी अनुमति मिल गई थी। उक्त फिल्म को किसी कानूनी प्रक्रिया के रोका गया है जो असवैधानिक है। उक्त फिल्म को जारी करने एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक संघर्ष को देखते हुए फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की। ज्ञापन के दौरान भगीरथ सेना सुप्रियो सोनू सैनी ने केन्द्र सरकार से महात्मा ज्योतिबा फुले के समाजिक कार्य व शिक्षा की अलख जगाने के महान कार्यो, उनके जन्मदिन पर राष्ट्रीय अवकाश तथा भारत रत्न की मांग की। ज्ञापन देने वालो में सौंपने वालो मे किरणपाल सैनी, विकास सैनी, सुशील सैनी, रामू, हिमांशु, राकेश सेवी, रोहित सैनी, गुड्डू सैनी, अरविंद सैनी, अमन, आकाश, मोहित सैनी, अनुल सैनी, डा. प्रवेश सैनी आदि शामिल रहे।

# श्रीराम व रावण युद्ध की लीला का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** रामलीला महोत्सव में भगवान श्रीराम व रावण युद्ध की लीला का भव्य मंचन हुआ। कलाक.ारों ने लीला को इतने सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया कि पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जैसे ही श्रीराम ने रावण का वध किया, पूरा पंडाल श्जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।



लीला की शुरुआत मेघनाथ के वध से हुई। इसके बाद रावण के चेहरे पर पुत्र व वीरों की मृत्यु का शोक साफ नजर आया रावण ने प्रतिशोध की भावना से पाताल लोक से अपने पुत्र अहिरावण को बुलाया। अहिरावण ने हनुमान को मूर्छित कर राम और लक्ष्मण का अपहरण कर पाताल लोक पहुंचा दिया। इस प्रसंग को मंच पर अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इसके बाद हनुमान द्वारा पाताल लोक में जाकर राम लक्ष्मण को मुक्त कराना और अहिरावण का वध दर्शकों को रोमांचित कर गया। लीला में आगे श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध दिखाया गया। जिसमें अंततः रावण का वध हुआ। मंचन के दौरान यह दृश्य भी दिखाया गया कि मृत्यु शैया पर लेटा रावण भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को चारों वेदों का गूढ़ ज्ञान देता है। लीला के बीच में रावण दरबार में हास्य व नृत्य कलाकारों ने प्रस्तुति देकर पंडाल में मनोरंजन का रंग घोल दिया।

रामलीला का शुभारंभ डा0 वेदप्रकाश सैनी, रजनीश अग्रवाल, इंजीनियर विशाल गुप्ता, विनोद वर्मा सर्राफ, मुकेश सिंघल व शरद जैन ने श्रीराम की पावन ज्योति प्रज्वलित कर किया।

रामलीला महोत्सव समिति के संरक्षक मनोज गोयल, प्रधान हरीश गर्ग, उपप्रधान पंकज जैन, महामंत्री वरुण मित्तल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र नारायण व मंत्री आकर्ष सिंघल, अनिल गोयल ने बताया कि मंगलवार को दिन में जनक बाजार में भरत मिलाप की लीला और रात्रि में रामल.ीला भवन में श्रीराम के राज्याभिषेक की भव्य प्रस्तुति होगी।

# डा.फैसल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** गन्देवड़ा स्थित लाईफ केयर सेंटर के संचालक डॉ. फैसल खान की समाज सेवा और चिकित्सा क्षेत्र में उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए प्रशंसा हो रही है।

हाल ही में उनके नेतृत्व में आयोजित निशुल्क मेडिकल कैंप, जिसमें ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 150 मरीजों की मुफ्त जांच और दवा वितरण किया, ने उनकी मानवता और समर्पण की मिसाल कायम की है।

डॉ. फैसल खान ने लाईफ केयर सेंटर को एक ऐसे मंच के रूप में स्थापित किया है, जहां मरीजों को निशुल्क भर्ती, 24 घंटे चिकित्सा सुविधा और इमरजेंसी में तत्काल सहायता मिलती है, बिना किसी बेड शुल्क के। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उनकी पहल ने जरूरतमंद लोगों को न केवल राहत दी, बल्कि चिकित्सा के प्रति विश्वास भी जगाया।

कैंप की सफलता के बाद डॉ. फैसल को उनकी टीम के साथ सम्मानित किया गया। लोग उन्हें एक ऐसे चिकित्सक के रूप में देखते हैं, जो न सिर्फ बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाते हैं। उनकी इस सेवा भावना को जनता का भरपूर प्यार और सम्मान मिल रहा है।

# सड़कों पर उतरा जैन समाज, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मुंबई के विले पार्ले स्थित जैन मंदिर तोड़े जाने की घटना को लेकर जैन समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को जैन समाज के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए भारत की महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मंदिर तोड़ने वाले अधिकारियों को बर्खास्त करने तथा मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग की।



जैन समाज कार्यकारिणी समिति के बैनर तले जैन समाज के सैकड़ों लोग जैन त्यागी भवन में एकत्रित होकर बीएमसी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम श्वेता पाण्डेय के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भेजा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि मंदिर को असंवैधानिक तरीके से तोड़ते हुए जैन धर्म के तीर्थंकरों को प्रतिमा और शास्त्रों का अपमान किया गया। साथ ही अहिंसक समाज के जैन श्रद्धालुओं को भी बीएमसी के इशारे पर पुलिस बल द्वारा प्रताड़ित किया गया। जो घोर निंदनीय है। जैन समाज के प्रधान मनोज जैन ने कहा कि जैन समाज की भावनाओं और आस्थाओं पर बुलडोजर चलाने वाले बीएमसी अधिकारियों पर जब तक कोई ठोस कारवाई नहीं होती तब तक जैन समाज चुप नहीं बैठेगा।

इसके अलावा जैन समाज के साथ हुए अन्य मामलों का भी जिक्र करते हुए कार्रवाही की माँग की गई है।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अमित जैन, आर्जव जैन, शशांक जैन, संजय जैन, अशुंल जैन, वीरेंद्र जैन, नीरज जैन, अरविन्द जैन, दीपक जैन, नमन जैन, सुशील जैन, राकेश जैन, रोहित जैन, विनय जैन, विकास जैन, शुभम जैन, अवनीश जैन, आकाश जैन, पुनीत जैन, अंकित जैन सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पौधारोपण से बचाएं धरती: भूर्यान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एमपीएस के प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि अधिक वृक्षारोपण व पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा कर पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। प्रसिद्ध शिक्षण संस्था मदरलैंड पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सेव अर्थ,सेव फ्यूचर पर आकर्षक पोस्टर बनाए।प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि पृथ्वी का अस्तित्व सुरक्षित होगा तो ही सभी जीवों का अस्तित्व भी सुरक्षित रहेगा।

उन्होंने कहा कि अधिक व्रक्षारा.ेपण व पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा कर पृथ्वी को सुरक्षित रखा जा सकता है। प्रधानाचार्या डॉ कुमारी शालू भूर्यान ने पर्यावरण के सरंक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के महत्त्व के बारे में विद्यार्थियों को अमूल्य जानक.ारी देते हुए समझाया कि हम किस प्रकार से अपनी धरती को खुशहाल बना सकते हैं। स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि पृथ्वी की देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है।व्रक्षो की कटाई,वन क्षेत्र की कमी,प्लास्टिक व अन्य हानिक.ारक पदार्थों का अधिक प्रयोग पृथ्वी को नुकसान पहुंचा रहा है।उन्होंने कहा कि हम सभी को जागरूक होना होगा। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** चार दिन पूर्व कस्बे के भाटखेड़ी रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में घायल हुए बुजुर्ग इकबाल की पी जी आई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक सहारनपुर के मौहल्ला खान आलमपुरा निवासी इकबाल 70 पुत्र फजलुर्रहमान अपनी बाइक से 19 मार्च की शाम कस्बे के भाटखेड़ी रोड होते हुए वापस सहारनपुर जा रहा था। जैसे ही वह गांव भाटखेड़ी के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही एक बाइक के साथ उसकी भिड़ंत हो गई। घटना में इकबाल गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ.आरिफ को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**हासिम पुत्र हकिमुदीन निवासी मौहल्ला इलाही बख्श कस्बा व थाना गंगोह, जिला सहारनपुर।**

# शत प्रतिशत हाजिरी वाले बच्चे सम्मानित



**गंगोह।** उच्च प्राथमिक विद्यालय हैदरपुर कम्पोजिट में शत प्रतिशत उपस्थिति रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक रोहताश कुमार ने बताया कि मार्च माह में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को ग्राम प्रधान माया देवी ने पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा सकें। रोहताश कुमार ने बच्चों को रोज विद्यालय आने को प्रेरित किया।

# नगर आयुक्त शिपू गिरी ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को शहर में चल रही सभी डेरियों में साफ सफाई के सम्बंध में निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यह जांच कर ले कि पशु डेरियों द्वारा नालियों में गोबर तो नहीं बहाया जा रहा है। नगरायुक्त ने कहा कि डेरियो द्वारा नालियों में बहाया जाने वाला गोबर नालियों को चौक करने का कारण बनता है। उन्होंने ऐसी डेरियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।




नगरायुक्त ने यह निर्देश आज जनसुनवाई में वार्ड नंबर 4 सिद्धार्थ नगर के लोगों द्वारा की गयी एक पशु डेरी की शिकायत पर दिए। मौहल्लावासियों का कहना था कि एक डेरी द्वारा नालियों में गोबर बहाकर गंदगी फैलाई जा रही है। आज जनसुनवाई में आयी 8 शिकायतों में से 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि सहारनपुर नगर निगम में नगरायुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहली बार जनसुनवाई कर रहे थे। एक अन्य शिकायत के संदर्भ में उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण को शहर में टूटी पुलियों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा सफाई सम्बंधी दो शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कराते हुए उनका निस्तारण किया गया। वार्ड 52 किला नवाग गंज के नवाब खान द्वारा गली नंबर दो में खराब पडेंः हैण्ड पम्प को हटवाये जाने तथा वार्ड 13 चकहरेटी निवासी अगम शर्मा द्वारा दो प्याऊ में टंकी लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

होटल रॉयल रेजिडेंसी के पास से दो बंदरों को पकड़वाने के लिए अनवार अहमद द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित निगम के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

**SHRIMATI VIDYAWATI COLLEGE OF LAW**
**(Affiliated to Maa Shakumbhari university Saharanpur Approved by B.C.I New Delhi)**

**REQUIRED:** Teacher for BA.LL.B & LL.B
**SUBJECT:** Law, Hindi, English, History, Political science, Economics & Sociology,
**QULIFICATION:** As per U.G.C. Norms Apply Within 7 days by Email/post/courier
**Email:-** smtvidyavati018@gmail.com
**Mob-** 9719445293, 8630142482
**Address-** Vill. Malayan, post muzaffarabad, Saharanpur U.P-pin-247129

# कर्तव्य निभाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह में छात्रों को अधिकार और जिम्मेदारी के पद देकर बैज प्रदान कराकर कर्तव्यों व जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलायाघ्।

अलंकरण समारोह आयोजित कर जूनियर में हेडबॉय शाबान और हेडगर्ल सिमान और सीनियर में हेड बॉयसहवर व हेडगर्ल देवांगी के साथ ही स्कूल कैप्टन आतिफ व स्कूल वाइस कैप्टन शिवांगी को नियुक्त किया।

सरखी, आरव अशोका हाउस, वहादीप, नबिया भौचर्या हाउस, अली, आरजू नालंदा हाउस, प्रगम्यत, खुशी विक्रम हाउस से कैप्टन व वाइस कैप्टन बनाये गए। हुरीन, तन्मय, निदा, हुमेरा अशोका हाउस, आस्था मुसरान सिया, आराधना भौया हाउस, सुमेया, रोहन, युवराज किरणदीप, नालंदा हाउस, हिमांशी, तरूण, निशा, शमूनप्रीत विक्रम हाउस से डिसिप्लिन, एकेडमिक, स्पोर्टस इंचार्ज नियुक्त हुए। प्रबंधक आदेश गर्ग, अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, नरेन्द्र तायल, नितिन तायल, विशाल गर्ग, अमित गर्ग, गौरव गर्ग, रचित गुप्ता, शुभम गुप्ता, मयंक गुप्ता रहे। प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अलंकरण समारोह में छात्रों को अधिकार और जिम्मेदारी के पद देकर बैज प्रदान कराकर कर्तव्यों व जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेते है। संचालन शिवा, रजोर, अक्षय ने किया।

## महोत्सव 24 को

**नकुड़।** श्री श्याम दीवाना सेवा मंडल समिति द्वारा आयोजित चतुर्थ श्याम संकीर्तन महोत्सव आगामी 24 अप्रैल को केएलजीएम इंटर कॉलेज में श्रद्धा, भक्ति के साथ आयोजित किया जाएगा।

समिति सदस्यों ने बताया कि महोत्सव में बाबा श्याम का भव्य दरबार विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा। इत्र वर्षा की जाएगी। साथ ही बाबा को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। दिल्ली, वृंदावन, सहारनपुर से पधारने वाले प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा बाबा के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में डूब जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति ने सभी श्याम भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भक्तिमय आयोजन में भाग लेकर बाबा श्याम की कृपा प्राप्त करें।

# प्राथमिकता से करें समाधान: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि अधिकारी उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान करने का काम करें।

जिलाधिकारी श्री बंसल कलक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उद्योग बंधु की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। श्री बंसल ने बैठक में निर्देश दिए कि जिला पंचायत से संबंधित प्रकरणों में चल रही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शीघ्रता से कार्य शुरू कराया जाए। औद्योगिक क्षेत्र पिलखनी में बने तालाब पर सौंदर्यकरण के लिए यूपीसीडा को निर्देशित किया।




औद्योगिक क्षेत्र पिलखनी में स्थित पार्क की चारदीवारी के कार्य को 01 सप्ताह में शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्योगबंधुओं से जुडे कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर करें। हौजरी मैन्यू0 एसोसिएशन द्वारा जनता रोड की औद्योगिक इकाइयों के विद्युत फीडर से संबंधित कार्य को प्राथमिकता से कराने के सम्बन्ध में निर्देश दिए कि उनके स्तर से पत्र भिजवाया जाए। पिलखनी इंडस्ट्रियल एरिया में बनने वाले नाले को मानसून से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी सिटी व्योम बिंदल, डीसी डीआईसी वीके कौशल, आईआईए से अनूप खन्ना, लघु उद्योग भारती से अनुपम गुप्ता, सीआईएस अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी अन्य उद्यमीगण एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवक के नहर में डूबने से शादी की खुशियां हुई मातम में तब्दील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब जान. आलम का बेटा बादशाह दोस्तों के साथ नहाने के दौरान भोपा नहर में डूब गया। जिससे गोताखारों ने दूसरे दिन भी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ हैं।

नगर की चांद कॉलोनी निवासी जानआलम सोमवार को बेटे बादशाह के साथ जनपद मुजफ्फरनगर के थाना छपार के बसेड़ा में स्थित रिश्तेदारी में हो रहे शादी समारोह में शामिल होने गया था। कस्बा पुरकाजी से उन्हें बरात में शामिल होना था, लेकिन लड़की वालों से भी रिश्तेदारी होने के कारण वह सीधा बसेड़ा ही पहुंच गए। इस दौरान 15 वर्षीय बादशाह बरात में शामिल दोस्तों के साथ कुछ ही दूरी पर स्थित भोपा नहर पर नहाने चला गया। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। दोस्तों से जानकारी मिलने पर काफी संख्या में लोग नहर पर पहुंचे और उसकी तलाश शुरू की। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और गोताखारों से उसकी तलाश कराई। लेकिन रात तक भी उसका पता नहीं लगा। मंगलवार को फिर से गोताखार नहर में बादशाह की तलाश में उतरे, लेकिन शाम तक भी उसका कोई सुराग नहीं लगा।

# मुहब्बत मिली हमें न ही करार मिला, न चाहत मिली हमें न ही वस्ल ए यार मिला: अंजना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में आयोजित श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मेला पंडाल में अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें प्रख्यात कवयित्रियों ने सुंदर काव्य पाठ कर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

सोमवार की रात अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन का उद्घाटन सीए एपी सिंह ने फीता काटकर किया जबकि दीप प्रज्वलित मनोज बंसल एड. और माल्यार्पण भाजपा जिला मंत्री विपिन भारतीय ने किया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग रहे। देर रात तक चले कवयित्री सम्मेलन में मेरठ की डा. शुभम त्यागी ने अपनी रचना सुनाई 'कोई नगमा गुनगुनाना अच्छा लगा, तेरा रूठना और मनाना अच्छा लगा'। उन्नाव की मीनाक्षी दिनेश कुमार की यह रचना श्रोताओं ने खूब सराही 'आंसू तेरी आंखें धोए तो ये होना क्या होना है, मन तेरा उम्मीदें खोए तो ये होना क्या होना है'। कानपुर से आई डा. अंजना कुमार ने कुछ यूं कहा 'मुहब्बत मिली हमें न ही करार मिला, न चाहत मिली हमें न ही वस्ल ए यार मिला'। बबीता अजीत राणा दिल्ली ने सुनाया 'दीवाना बनाकर यूं हमें छोड़ तो न दोगे, यूं दिल में बसाकर दिल तोड़ तो न दोगे'। सोनल जैन सूरत की यह रचना भी खूब सराही गई 'विरह की जिरह सुनी नहीं किसी ने, तब आंसुओं की आग में तपाई गई कविता'। इनके अलावा गार्गी कौशिक, शिखा दीप्ति, डा. शोभा त्रिपाठी, प्रिया श्रीवास्तव व दिव्यम ने भी अपनी रचनाएं सुनाई।











अध्यक्षता समाजसेवी अरुण अग्रवाल ने की। अंत में संयोजक गौरव विवेक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. बीपी सिंह, चौधरी ओमपाल सिंह, डा. सुरेंद्र धीमान, राजीव गुप्ता, अजय गांधी, श्याम चौहान, राकेश गांगुली, विकास चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मुसलमान को शरीयत में नहीं बर्दाश्त हस्तक्षेप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** मुसलमान हर बात पर समझौता कर सकता है लेकिन शरीयत में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकता है। तालकटोरा स्टेडियम में हुए वक्फ बचाव सम्मेलन ने साबित कर दिया हैं।

जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वह इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाना चाहते थे लेकिन स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण नहीं जा सके। कहा कि वक्फ की सुरक्षा की लड़ाई हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। इसलिए हम वक्फ कानून 2025 को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हमें अल्लाह पर पूरा भरोसा है कि अगर हम मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे तो सफलता हमारा मुकद्दर होगी। मौलाना मदनी ने चेताते हुए कहा कि अगर संविधान को बचाना है, तो वक्फ कानून 2025 को खत्म करना होगा, क्योंकि संविधान लोकतंत्र की बुनियाद का वह पत्थर है जिसे अगर हिला दिया गया, तो लोकतंत्र की यह शानदार इमारत खड़ी नहीं रह सकेगी। इसलिए हम हमेशा कहते हैं कि संविधान बचेगा तो देश बचेगा, संविधान की सर्वोच्चता समाप्त हुई तो लोकतंत्र भी जिंदा नहीं रह पाएगा। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश में जो एकतरफा राजनीति की जा रही है, उसने संविधान के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर दिया है। इतना ही नहीं दिखाने के लिए संविधान की कसम खाई जाती है, उसका गुणगान भी किया जाता है लेकिन सच्चाई यह है कि संविधान के आदेशों की अवहेलना करते हुए मुसलमानों को नए नए हथकंडों से परेशान किया जा रहा है। कहा कि अब इसमें कोई शक नहीं रह गया है कि देश पूरी तरह फासीवाद की गिरफ्त में है। ऐसे में न सिर्फ हमारी बल्कि देश के उन सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है जो संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं कि वे संविधान को बचाने के लिए आगे आएं क्योंकि अगर संविधान की सर्वोच्चता समाप्त हो गई तो फिर लोकतंत्र भी जिंदा नहीं रह सकेगा। मौलाना मदनी ने कहा कि संविधान, सेकुलरिज्म, लोकतंत्र और वक्फ की हिफाजत के लिए हमारी लोकतांत्रिक और कानूनी जद्दोजहद जारी रहेगी। कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा वक्फ कानून की कुछ धाराओं पर रोक लगाना सराहनीय कदम है। यह रोक कार्रवाई पर नहीं बल्कि संविधान के खिलाफ काम करने वालों की मंशा और इरादों पर रोक है।

# विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द** द दून वैली पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

द दून वैली पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का प्रार्थना स्थल पर विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा शर्मा के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने छात्रों को पृथ्वी की महत्ता और उसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात प्री-प्राइमरी व प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पृथ्वी संरक्षण पर आधारित कविताएँ, भाषण, समूह-गीत, स्किट एवं भावपूर्ण नृत्य शामिल रहे। छात्रों ने अपने हाथों से तैयार किए गए पोस्टरों और चार्ट्स के माध्यम से हरित पृथ्वी, सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे प्रकृति की रक्षा के लिए पौधारोपण करेंगे, जल की बचत करेंगे और प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने का एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।






# नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कासमी मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में नेत्र चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया। इसमें आंखों की जांच कर उन्हें औषधि वितरित करने के साथ ही आखों की बिमारी से बचाव के टिप्स दिये।

भायला मार्ग स्थित सभासद वाजिद मलिक के आवास पर कासमी मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ. असमा ने मरीजों की जांच की। इस दौरान उन्होंने रोगियों को आंखों की देखरेख के टिप्स भी दिए। ट्रस्ट संस्था ताहिर हसन शि. बली ने बताया कि संस्था की ओर से शिविर में दूर दराज से आने वाले मरीजों को भोजन भी दिया गया। इस मौके पर वाजिद मलिक, सोनू सलमानी, शमशेर, अयान, मोहसिन, काशिफ, इरशाद, महमूद, गुलफाम आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाइक फिसलने से युवक घायल

**नहटौर।** झालू मार्ग पर एक बैंकट हॉल के सामने बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने के दौरान बाइक सवार घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

थाना कोतवाली शहर के गांव गोपालपुर निवासी सतवीर पुत्र वीर सिंह एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सोमवार की रात को करीब 11:00 बजे नहटौर झालू मार्ग पर स्थित एक बैंकट हॉल के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह घायल हो गया। एंबुलेंस के जरिए घायल को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उसके परिवार वालों को सूचना दी।

# विद्यालयों के समय परिवर्तन की मांग

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सम्बद्ध और प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक बेसिक को पत्र लिखकर प्रदेश स्तर के विद्यालयों का समय परिवर्तन की मांग की है। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रा. धिकरण ने बेव हीट के चलने के कारण बच्चों को भीषण गर्मी तथा लू लगने से बचाव के उपाय के साथ ही विद्यालयों के समय परिवर्तन के भी सुझाव दिए है, जिनके आधार पर शिक्षा निदेशक ने सभी बीएसए को आवश्यकता अनुसार विद्यालय के समय परिवर्तन के निर्देश दिए है।

# श्रीमद् भागवत कथा के सुनने से मिलता है मोक्ष: नरेंद्रानंद महाराज

**धामपुर।** श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक स्वामी श्री नरेंद्रा नंद महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से अच्छे कर्म करने की प्रेरणा मिलती है और जब मनुष्य अच्छा सत्संग करता है और अच्छे कर्म करता है तो उसको मोक्ष की प्राप्ति होती है। मौहल्ला क्षत्रिय नगर स्थित धर्मशाला शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन जनकल्याणाथ हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। हवन-यज्ञ के मुख्य यजमान डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. बीना चौहान, आदित्य सिंह, चित्रा देवी रहे। कथा में जयवीर सिंह सिसोदिया, कुलदीप चौहान, दीपेश राजपूत, डॉ. विनीत देवरा, पूनम देवरा, सौरभ राजपूत, यश चौहान, भोपाल सिंह, मास्टर शिशुपाल सिंह, कल्याण सिंह, कुमार रमाकांत, पूनम सिसोदिया, मीनू सिसोदिया, ममता राजपूत, अर्चना देवी आदि शामिल रहे।



# छात्र संघ नेता एमएसयू के परीक्षा नियंत्रक से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** छात्रसंघ संयुक्त सचिव अमन जैन ने मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर छात्रों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

छात्रसंघ नेता अमन जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं जैसे विषम सेमेस्टर की बैक एवं मुख्य परीक्षाओं का परिणाम ना जारी होने, मुख्य और बैक परीक्षाओं की मूल अंकतालिका महाविद्यालयों में उपलब्ध न होने, परीक्षा परिणाम में डिटैंड हटने पर भी विद्यार्थियों को मूल अंकतालि. काएं महाविद्यालय में उपलब्ध न होने। इसी सम सेमेस्टर से ओएमआर शीट के साथ स्टूडेंट कॉपी उपलब्ध कराने, बहुविकल्पीय आधारित परीक्षा की उत्तर कुंजी परीक्षा के 48-72 घंटे के अंदर जारी करने और उन पर आई आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण करने की मांग उठाई। आदि समस्याओं को लेकर 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है एवं साथ ही साथ छात्रों के हितों से जुडे अनेक विषयों पर चर्चा हुई।

छात्रसंघ नेता अमन जैन ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक महोदय ने दिए गए ज्ञापन पत्र पर कार्यवाही करते हुए अधिकांश समस्याओं का तत्काल समाधान किया और शेष सभी विषयों पर सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

## बजाज शुगर मिल की टीम ने खेतों की ओर किया रुख

**बुढाना।** मंगलवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाडा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के खेतों पर बजाज शुगर मिल की टीम पहुंची। यहां आसपास के किसानो के लिए गन्ना जुताई और मिटी चढाने के पावर विडघ्र को मंगाकर गांव डेमोनसट्राशन किया गया। किसानो ने स्वयं भी इसे चलाया और इसे खेती के लिए अच्छा यन्त्र बताया और साथ ही मौके पर इकठ्ठा किसानो को गन्ने के कीट रोगो टाप बोरर व अन्य रोगो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित अधिकारियों में मुख्य रूप से सहायक महा प्रबंधक गन्ना डाक्टर विकास बालियान, अपर प्रबन्धक गन्ना अनिल सिंह, अधिकारी गन्ना कमल मलिक और गौरव प्रताप सिंह बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड यूनिट भैसाना सहित अन्य काफी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसडी कॉलेज मैनेजमेंट में संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के इनफोर्टनमेंट क्लब के तत्वावधान में बीसीए विभाग द्वारा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी तकनीकी जागरूकता एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, बीसीए विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीव तायल, सभी बीसीए एवं बीएससी (कंप्यूटर साइंस) के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा मीडिया प्रभारी डॉ. आलोक गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. संदीप मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान तकनीकी परिदृश्य में एक नवीन एवं व्यावहारिक अवधारणा के रूप में उभर रही है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक कंप्यूटर सिस्टम को अधिक लचीला, अनुकूलन योग्य और कुशल बनाने की दिशा में कार्य करती है। इसके माधयम से हम कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को मॉडड्लर रूप में व्यवस्थित कर सकते हैं, जिससे न केवल अपग्रेडिंग सरल होती है, बल्कि सिस्टम का रखरखाव भी अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। इसके पश्चात बीसीए विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी के संयोजक डॉ. संजीव तायल ने विषय पर एक विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रस्तुति दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि मॉड्यूलर कम्प्यूटिंग का मूल विचार यह है कि कंप्यूटर सिस्टम को अलग-अलग स्वतंत्र घटकों में विभाजित किया जाए, जिन्हें आवश्यकतानुसार बदला या उन्नत किया जा सके। डॉ. संजीव तायल ने समझाया कि किस प्रकार मॉड्यूलर कंप्यूटिंग पारंपरिक कंप्यूटिंग मॉडल से भिन्न है।

उन्होंने बताया कि गुगल माइक्रसॉफ्ट और फेसबुक जैसी वैश्विक कंपनियाँ पहले से ही अपने डेटा सेंटर्स में मॉड्यूलर कंप्यूटिंग का उपयोग कर रही हैं। कैसे मॉड्यूलर स्मार्टफोन, मॉड्यूलर लेपटॉप, मॉड्यूलर कुल्ड और मॉड्यूलर सिस्टम आने वाले समय में टेक्नोलॉजी की मुख्यधारा बनेंगे।



## अंडरग्राउंड पाइपलाइन फटी, बह रहा है पानी

बुढाना। ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई जा रही पानी की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन के कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है। जिसमें आज मंगलवार के दिन जोला ग्रामवासियों ने खुला आरोप लगाया है कि गांव जौला में कांधाला रोड पर स्थित शिक्षण संस्था जैन इंटर कॉलेज के पीछे वाली कॉलोनी में कई जगह पाइप लाइन फटी हुई है। जिसके कारण इंटरलॉकिंग सीसी सडक बैठ गई है। ग्रामीणों ने बार-बार उक्त अधिकारियों को अवगत भी कराया है कि इस और ध्यान दिया जाए लेकिन कोई भी आवश्यक कदम नहीं उठाया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों के द्वारा बार-बार सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। क्या अधिकारी इस और ध्यान देंगे?

# छात्राओं ने पोषण पखवाडा रैली निकाल कर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत छात्राओं ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

प्रधानाचार्य रेखा देवी के निर्देशन में छात्राओं ने कालेज से रैली निकाल कर सुभाष चौक होते हुए वापस कॉलेज में आकर संपन्न हुई। रैली में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक कि छात्राओं ने भाग लिया। छात्राएं हाथों में नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी और नारे लगाते हुए लोगों को जागरुक करते हुए चल रही थी, जिसमें अच्छा खाएंगे शरीर को स्वस्थ बनाएंगे। दूसरा नारा था अच्छा खाना सेहत का खजाना यह नारे लगाते हुए छात्राएं चल रही थी। छात्राओं में सुहाना, भावना देव, प्रिया कौशिक, अंजलि, तनु, नैना, मंशा, आदित्य तख्तियां लिए हुए चल रही थी और नारे लगा रही थी। शिक्षिकाओं में प्रधानाचार्य रेखा देवी श्रीमती मंजू, विनोद शर्मा, अनीता रानी, अंजलि, प्रभुता आदि शामिल रही। रैली कॉलेज से शुरू होकर सुभाष चौक होते हुए वापस कॉलेज पर आकर संपन्न हुई।

# एमएससी व बीएससी की छात्राओं ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा एम. एस.सी. (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) प्रथम, तृतीय सेमेस्टर व बी.एस.सी. (गृह विज्ञान) प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया जिसमें सभी छात्राएं सफल रही। इस अवसर पर इन सभी छात्राओं को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं शिक्षिकाओं अंजू कुमारी, नीतू शर्मा, शिवांगी वशिष्ठ, नीलू राठी, पिंकी पाल, शिवांगी पुंडीर ने परीक्षा में सफल होने वाली छात्राओं को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। एम.एस.सी. (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) प्रथम सेमेस्टर से आस्था ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर गजाला 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं तृतीय स्थान पर आरूषी ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया। एम.एस.सी. फूड एण्ड न्यूट्रीशन. तृतीय सेमेस्टर से विधि आहुजा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बेबी मुस्कान 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं तृतीय स्थान पर ग्रेसी सिंह ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया। बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) प्रथम सेमेस्टर से सपना ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर प्रीति 69 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से नेहा व जेबा ने 66 प्रतिशत अंक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया।



बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) पंचम सेमेस्टर से वैष्णवी अग्रवाल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रिया रोहिल 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं तृतीय स्थान पर खुशी त्यागी ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी छात्राओं को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सभी छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है ऐसा अवसर हमें छात्राओं एवं शिक्षको के निरंतर प्रयासो के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है और उन्होनें भविष्य में भी सभी छात्राओं को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के लिए आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जीशान अहमद व पुत्रवधू रोजी पत्नि जीशान अहमद मेरे कहने सुनने में नहीं हैं और मेरे साथ लड़ते झगड़ते हैं और कोई बात नहीं मानते हैं। जिस कारण मैं उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गये किसी भी लेन-देन व कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अब्दुल गफ्फार पुत्र मुश्ताक अहमद,** निवासी: मकान नंबर 4/209 मालियान निकट फूल वाली गली थाना कोतवाली नगर जिला-सहारनपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम KAMIL से बदल कर MOHD KAMIL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

MOHD KAMIL
S\O MOHD YAMEEN
भायला रोड घास मंडी पठानपुरा (ख)देवबंद (सहारनपुर)

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ0 शाहीद पुत्र मौ0 मुरसलीन व पुत्रवधु श्रीमति इलमा पत्नी मौ0 शाहीद ने हमारी मर्ज़ी के खिलाफ विवाह किया हैं। और हमारे परिवार के कहने में नहीं हैं समझान के बावजूद हमारा कोई कहना नहीं मानते इसलिए मैंने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के हम जिम्मेदार नहीं होंगे।

श्रीमति शाहजहां पत्नी मौ0 मुरसलीन
निवासी ग्राम राजूपुर थाना देवबन्द
जिला सहारनपुर

**टी0के0एस0एम0 डिग्री कॉलेज रणखण्डी, देवबंद (सहारनपुर)**

**आवश्यकता है शिक्षकों की**

बी0कॉम0 एवं बी0सी0ए0 (BCA) पाठ्यक्रमों हेतु क्रमश: तीन एवं पांच असिस्टेंट प्रोफेसर की। योग्यता नेट पी.एच.डी., यू.जी.सी. व विश्व विद्यालय मानकानुसार।

आवेदन की अन्तिम तिथि 20.5.2025
सचिव मो0 9719242397

# केकेआर को मिली लगातार दूसरी हार




## गुजरात टाइटंस तालिका में शीर्ष पर बरकरार, गिल व सुदर्शन चमके

**कोलकाता, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 39 रनों से हराया और शीर्ष पर अपना दबदबा मजबूत किया।

गुजरात ने शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्द्धशतकों से 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए थे, जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। इस सीजन यह पहली बार है जब केकेआर ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। यह गुजरात की आठ मैचों में छठी जीत है और वह 12 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। गुजरात ने इस सीजन दो मुकाबले गंवाए हैं। वहीं, केकेआर की आठ मैचों में यह पांचवीं हार है और वह तीन जीत के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बनाए जो 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने गुरबाज का विकेट जल्द गंवा दिया। इसके बाद रहाणे ने सुनील नरेन के साथ मिलकर टीम को संभाला, लेकिन नरेन 17 रन बनाकर आउट हो गए। फिर रहाणे अच्छी पारी खेलते रहे, लेकिन दूसरे छोर पर उनका कोई बल्लेबाज साथ नहीं दे सका। केकेआर के लिए बड़ी साझेदारी नहीं बन पाना हार का बड़ा कारण बना। केकेआर की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उसे पिछले मैच में पंजाब किंग्स ने हराया था। केकेआर के लिए रहाणे के अलावा आंद्रे रसेल ने 21, रिंकू सिंह ने 17, वेंकटेश अय्यर ने 14 और रमनदीप सिंह ने एक रन बनाए, जबकि इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे अंगकृष 27 और हर्षित राणा एक रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात के लिए प्रसि( कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और आर साई किशोर को एक-एक विकेट मिले। इससे पहले, केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन ने शतकीय साझेदारी की जिसकी मदद से टीम बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। गुजरात के लिए गिल ने 55 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 90 रन बनाए, जबकि सुदर्शन 36 गेंदों पर छह चौका और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। पहले बल्लेबाजी करते हुए गिल और सुदर्शन ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 114 रन जोड़े। गिल ने 34 गेंदों पर और सुदर्शन ने 33 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। सुदर्शन का इस सीजन का यह पांचवां और गिल का तीसरा पचासा था। गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन की जोड़ी हिट है। गिल और सुदर्शन के नाम ही गुजरात के लिए सबसे बड़े ओपनिंग साझेदारी करने का रिकॉर्ड है। गिल और सुदर्शन के बीच 114 रनों की साझेदारी गुजरात के लिए चौथी बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। गिल और सुदर्शन तीन बार गुजरात के लिए शतकीय साझेदारी कर चुके हैं जिसमें एक बार 210 रनों की पार्टनरशिप भी शामिल है। गिल और सुदर्शन आईपीएल 2025 में शानदार फार्म में चल रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी इस सीजन धमाल मचा रही है। गिल और सुदर्शन ने इस सत्र में आठ पारियों में अब तक 448 रन जोड़े हैं और इनका औसत 56.0 का रहा है। गिल और सुदर्शन 8.93 के रन रेट से रन बना रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी ने इस सीजन दो बार शतकीय और दो बार अर्द्धशतकीय साझेदारी की है। इतना ही नहीं, इन दोनों ने आईपीएल 2024 से अब तक 17 पारियों में कुल आठ बार 50+ साझेदारी की है जो सर्वाधिक है। इन्होंने इस मामले में ट्रेविस और अभिषेक को पीछे छोड़ा जिन्होंने आईपीएल 2024 से अब तक 22 पारियों में सात बार 50+ साझेदारी की है। गिल और सुदर्शन के बीच इस साझेदारी को रसेल ने तोड़ा। सुदर्शन के आउट होने के बाद बटलर क्रीज पर आए और उन्होंने गिल के साथ मिलकर गुजरात की पारी को गति दी। गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन वह शतक लगाने से चूक गए। इस दौरान गिल और बटलर के बीच दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी हुई जिसे वैभवने तोड़ा। इसके बाद हर्षित ने तेवतिया को खाता खोले बिना आउट कर गुजरात को तीसरा झटका दिया।



# समृति मंधाना-जसप्रीत बुमराह को विज्डन के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

## जसप्रीत बुमराह का 2024 में औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्डतोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष आरसीबी को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

## बीमारी के कारण सात्विक और चिराग सुदीरमन कप में नहीं लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीमारी के कारण सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की शीर्ष भारतीय युगल जोड़ी चीन के जियामेन में 27 अप्रैल से चार मई तक चलने वाले सुदीरमन कप में हिस्सा नहीं लेगी।

### खेल विशेष

## क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के शीर्ष क्रिकेट विश्लेषण मंच क्रेक्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। क्रेक्स ने आज हरमनप्रीत को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह साझेदारी महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड द्वारा निरंतर प्रयास को दर्शाता है। साथी भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के साथ, दो प्रसिद्ध खिलाड़ी मंच को व्यापक दर्शकों से जुड़ने में मदद करेंगे। क्रेक्स ऐप के जरिए क्रिकेट के सभी प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय, टी-20 और यहां तक कि क्लब मैचों गेंद-दर-गेंद कमेंट्री, स्कोर, फिक्स्चर, टीम/खिलाड़ी रैंलकग, समाचार और विस्तृत आँकड़े प्रशंसक प्राप्त कर सकते हैं। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर कहा कि मैं क्रेक्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हूँ, यह एक ऐसा मंच जो क्रिकेट के लिए मेरे जुनून को साझा करता है और महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। युवा लड़कियों को उनके क्रिकेट के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्रेक्स की प्रतिबद्धता को देखना प्रेरणादायक है।

## शास्त्री ने सिटी को रौंदा, जुबा संघा की आसान जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। शास्त्री क्लब के लिए एंडी, होकिप और वंशनगलांग ने दो दो गोल किये। सेमन ने एक गोल दागा। पराजित टीम सिटी एफसी के लिए अक्षय राज ने एक गोल किया। दिन के पहले मुकाबले में अजमल एफसी ने गढ़वाल डायमंड को 2-1 से हराया। अजमल के लिए राकेश और पैसोउ ने गोल किए जबकि गढ़वाल के लिए आलतू ने गोल किया। उधर नेहरू स्टेडियम में हो रही डब्ल्यूपीएल में जुबा संघा ने निधि के दो गोलों से ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को 4-0 से हराया।





# भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीते सात पदक

**लीमा, वार्ता।** आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों ने दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल सात पदक जीते। भारतीय निशानेबाज सिमरन प्रीत कौर बराड़ ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना पहला सीनियर अंतर्राष्ट्रीय पदक जीता, वहीं पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर टूर्नामेंट में सोमवार को 22 हिट्स के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं।

निशानेबाजी फाइनल में सिमरनप्रीत ने 33 हिट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की सुन यूजिये ने 34 हिट्स के साथ स्वर्ण और याओ कियानशुन ने 29 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन में मनु भाकर ने 585 स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत ने 580 के साथ पांचवां और ईशा सिंह ने 575 के साथ आठवां स्थान हासिल किया। जबकि ईशा सिंह 17 हिट्स के साथ छठे स्थान पर रहीं। सौरभ चौधरी/सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम ने स्वर्ण, सुरुचि सिंह महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण, मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत, सिमरनप्रीत कौर ने महिला 25 मीटर पिस्टल में रजत, रुद्रांक्ष पाटिल/आर्या बोर्से ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम ने रजत, अर्जुन बाबूता ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक और सौरभ चौधरी ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता।

# शुभमन गिल में महान कप्तान के सभी गुण मौजूद: राशिद खान

- गुजरात के कप्तान के रूप में गिल पास साहसिक फैसले लेने का बेहतरीन अनुभव है

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2025 में सोमवार को गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर इस सीजन की अपनी छठी जीत दर्ज की। टीम आठ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। कप्तान शुभमन गिल के 90 रन की बदौलत गुजरात ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में कोल. काता की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। गिल को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। अब गुजरात से खेलने वाले अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने गिल की तारीफ की है और कहा है कि उनमें एक महान कप्तान बनने के सभी गुण हैं। राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है और गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने और साहसिक फैसले लेने का शानदार मौका है। राशिद ने जियो हाटस्टार की खास सीरीज श्जेन गोल्डश में कहा कि एक लीडर के तौर पर गिल का भविष्य बहुत उज्जवल है। केवल एक बल्लेबाज के रूप में ही नहीं बल्कि जिस तरह से वह सोचते हैं और खेल को समझते हैं उसमें भी वह शानदार हैं। राशिद ने कहा कि वह एक योजना के साथ मैच में आते हैं। वह बहुत शांत हैं और जब आप उन्हें मैदान पर देखते हैं, जिस तरह से वह टीम, गेंदबाजों को संभालते हैं तो उनमें एक महान लीडर बनने के सभी गुण हैं। वह इतनी बड़ी लीग में कप्तानी कर रहे हैं और यहां दबाव विश्व कप से भी ज्यादा है। इस 26 वर्षीय लेग स्पिनर ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर यह उनके लिए दबाव में प्रदर्शन करने और साहसिक फैसले लेने का सबसे अच्छा मौका है। साल 2022 में हार्दिक पांडया के अस्वस्थ होने पर कुछ समय के लिए गुजरात की कप्तानी करने के अपने अनुभव के बारे में राशिद ने कहा कि इससे उन्हें एक लीडर के तौर पर विकसित होने में मदद मिली और इससे उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने में भी मदद मिली।उन्होंने कहा कि यह एक सपना सच होने जैसा था। उस अनुभव ने मुझे आगे बढ़ने में मदद की, न केवल लीग में बल्कि तब भी जब मैं अफगानिस्तान का नेतृत्व करने के लिए वापस लौटा। मैंने अलग तरह से सोचना शुरू किया। राशिद ने कहा कि चार-पांच साल पहले की तुलना में मेरी मानसिकता में बदलाव आया है। कप्तानी के उस दौर ने मेरी मदद की और 2024 (टी-20 विश्व कप) में अफगानिस्तान के सेमीफाइनल तक पहुंचने में भूमिका निभाई।

## घरेलू हिंसा के लिए माइकल स्लेटर को चार साल जेल की सजा

**सिडनी, वार्ता।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को घरेलू हिंसा सहित कई मामलों में चार वर्ष के जेल की सजा सुनाई गई है, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय तक जेल में रहने के कारण उनकी सजा निलंबित कर दिया गया हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्लेटर को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और जमानत नहीं मिलने के कारण वह तब से जेल में थे। 55 वर्षीय स्लेटर को पीछा करने, एक महिला का गला दबाने और चोरी करने के मामलों सहित सात आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद मंगलवार को मारूचीडोर जिला न्यायालय के जज ग्लेन कैश ने चार वर्ष की सजा सुनाई। स्लेटर की सजा का शेष भाग पांच साल के लिए आंशिक रूप से निलंबित रहेगा। इस दौरान अगर वह कोई और गंभीर अपराध करता है तो उसे फिर से हिरासत में लिया जायेगा।



## नजमुल शान्तो ने बांग्लादेश की पारी को संभाला

**सिलहट, वार्ता।** कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 60), मोमिनुल हक (47) और जाकेर अली (नाबाद 21) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मंगलवार को जिम्बावे के खिलाफ दूसरी पारी में स्टंप के समय चार विकेट पर 194 रन बना लिए है।

बांग्लादेश ने कल के एक विकेट पर 57 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 20वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने महमुदुल हसन जॉय (33) को आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई। 35वें ओवर में विक्टर न्याउचीने मोमिनुल हक (47) को आउट कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। बांग्लादेश का चौथा विकेट मुशफिकुर रहीम (चार) के रूप में गिरा। उन्हें भी मुजारबानी ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने चार विकेट पर 194 रन बना लिए थे, नजमुल शान्तो (नाबाद 60) और (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद थे।

# लखनऊ ने दिल्ली को दिया 160 रनों का लक्ष्य

- दिल्ली कैपिटल्स का पहला विकेट गिरा, मारक्रम ने करुण को बोल्ड किया

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल के 40वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए।

ऐडन मार्करम ने 52, मिचेल मार्श ने 45 और आयुष बडोनी ने 36 रन बनाए। दिल्ली से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स ने 3.4 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 36 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक पोरेल और केएल राहुल पिच पर हैं। ऐडन मार्करम ने करुण नायर को बोल्ड किया। दिल्ली कैपिटल्स से अभिषेक पोरेल और करुण नायर ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने पहले ओवर में 15 रन बनाए। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने यह ओवर फेंका। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। इसी के साथ लखनऊ टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। 20वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मुक. ेश कुमार ने यार्कर फेंकी। आयुष बडोनी आफ स्टंप की ओर शफल कर शाट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। बडोनी ने 36 रन बनाए। लखनऊ ने 14वें ओवर में 2 विकेट गंवाए। ओवर की दूसरी बाल मुकेश कुमार ने शार्ट पिच फेंकी। अब्दुल समद ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन मुकेश कुमार को ही कैच दे बैठे। वे 2 ही रन बना सके। मुकेश ने फिर ओवर की आखिरी गेंद यार्कर फेंकी और मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिया। मार्श ने 45 रन बनाए। 12वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी बाल मिचेल स्टार्क ने शार्ट पिच फेंकी। निकोलस पूरन पुल करने गए, लेकिन बाल उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। पूरन ने 9 रन बनाए। 10वें ओवर में लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल दुष्मंथा चमीरा ने गुड लेंथ पर फेंकी, ऐडन मार्करम ने कवर्स की ओर शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच हो गए। मार्करम ने 52 रन बनाए। उन्होंने मिचेल मार्श के साथ 87 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। ऐडन मार्करम ने 30 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 9वें ओवर की आखिरी गेंद पर मिचेल स्टार्क के खिलाफ 2 रन लिए और हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। लखनऊ से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श ने पावरप्ले में टीम का कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने 6 ओवर के बाद 51 रन बना लिए टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी लखनऊ सुपरजायंट्स ने पहले ओवर में 3 रन बनाए। टीम से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श पिच पर हैं। दिल्ली से अक्षर पटेल ने पहला ओवर फेंका।

## लेडी श्री राम कॉलेज की पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल में विजयी शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** लेडी श्री राम कॉलेज और रामजस कॉलेज ने पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच एंड एयरफोर्स वेटेरियन प्रदीप तोमर और मेजबान गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के लप्रसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। महिला वर्ग में लेडी श्री राम कॉलेज ने किरोड़ी मल को 38.28 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की अन्वी को मिला। वहीं एक अन्य मैच में रामजस कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 39.28 से हराया और रामजस कॉलेज की अनीका को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन पुरुष वर्ग में मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने किरोड़ी मल कॉलेज को 7-0 से हराया।

# कांग्रेस से नहीं मिला बाबा साहब को सम्मानः राजेंद्र

**सहारनपुर।** भाजपा के पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आज के भारत को बनाने में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का अतुलनीय योगदान है।

भाजपा द्वारा अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमो की श्रृंखला में आज आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मेरठ से पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब को सम्मान नही दिया और षड्यंत्र के तहत उन्हें चुनाव भी हरवाया। बाबा साहेब ने अपने पूरे जीवन संघर्ष किया और गरीबी में जीवन को आगे बढ़ाया, उसी में पढ़ लिख कर जिस प्रकार राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम किया वह अपने आप में एक अविस्मरणीय उदाहरण है। स्वतंत्रता के बाद बाबा साहेब भारत सरकार में मंत्री बने और पिछड़े, कमजोर, दलितों को समानता के अधिकार दिलाये और उनके हक के लिए काम किया। कांग्रेस नही चाहती थी कि बाबा साहेब संविधान सभा के सदस्य बने, कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हराया, काँग्रेस ने इतने लंबे समय तक सरकार में रहने के बाद भी बाबा साहेब को भारत रत्न नही दिया जब केंद्र में हमारे समर्थन वाली सरकार आयी तब उन्हें भारत रत्न दिया गया हालांकि उनके योगदान के सामने भारत रत्न बहुत छोटा है। रेलवे की यात्री सलाहकार समिति के पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र रतन ने कहा कि बाबा साहेब ने जीवन पर्यंत सामाजिक समरसता के लिए काम किया। आज जिस जगह भारत है उसमें बाबा साहेब का सबसे बड़ा योगदान है। वह हमेशा भारत और भारतीयता के लिए खड़े रहे।




संगोष्ठी में भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, एससी आयोग सदस्य महिपाल सिंह, योगेश कुमार, मुकुल वाल्मीकि, जसवीर मोगा, विपिन कुमार, जोगिंदर लाला, पार्षद सुलेख चंद, सीमा कात्यान, गोपाल मेहंदीरत्ता, नीरज शर्मा, संजीव कर्णवाल, अंकित जाटव, विश्वदयाल छोटन, संयोजक ललित कटारिया मौजूद रहे। अध्यक्षता सतपाल द्वारा की गई।

# देहात विधायक आशु मलिक के प्रयासों का असर, लगे कैंप

**स्वास्थ्य विभाग का 17 गांवों में विशेष अभियान, आज दवाई भी बांटी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधायक आशु मलिक द्वारा दूषित पानी के कारण हो रही बिमारियों के संबंध में विधानसभा में मुद्दा उठाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एक्शन प्लान के अनुसार आज 17 गांवों में स्वास्थ्य कैंप लगाये और दवाईयों का वितरण किया।



विधायक आशु मलिक द्वारा नियम 51 के अंतर्गत दी गई सूचना के सापेक्ष स्वास्थ्य विभाग ने आज ब्लाक पुंवारका के सोना सय्यद माजरा, घानाखंडी, घुन्ना, हरोडा, मुल्ला नगराजपुर, माहेश्वरी खुर्द, पाल्ली, सलेमपुर भूखडी, मढ, ढमोला, पकी, मालाहेडी, गोकुल. पुर, तेलीपुरा, रेडी मोहिददीनपुर, सरकडी खुमार, गागलहेडी में अभियान शुरू किया है। जिसके तहत सोना सय्यद माजरा, घानाखंडी, घुन्ना में शिविर लगाये गये। हरोडा, मुल्ला नगराजपुर, माहेश्वरी खुर्द में 23 अप्रैल, पाल्ली, सलेमपुर भूखडी, मढ में 24 अप्रैल, ढमोला, पकी, मालाहेडी में 25, गोकुलपुर, तेलीपुरा, रेडी मोहिददीनपुर में 26 तथा सरकडी खुमार, गागलहेडी में 28 अप्रैल को शिविर लगाये जायेंगे। इन 17 गांवों की कुल जनसंख्या 572210 है।

बताते चले कि समाजवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक ने विधानसभा में देहात विधानसभा के ढमोला नदी किनारे लगे गांवों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य का मुद्दा उठाया था। यह मुद्दा स्वास्थ्य से जुडा हुआ है, क्योंकि नदी के प्रदूषण के कारण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बिमारियों का सामना करना पड रहा है।

# जीआई सर्वे हो निरस्तः अभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जीआई सर्वे पर नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई न किये जाने पर सपा महानगर प्रभारी टिंकू अरोडा के नेतृत्व में पार्षदों का प्रति. निधि मंडल कैराना सांसद इकरा हसन से मिला और ज्ञापन सौंपा।



पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा की कुछ जनप्रतिनिधियों के द्वारा व्यापारियों को और जनता को आश्वासन दिया जा रहा है कि सर्वे का टैक्स हमने स्थगित करवा दिया है स्थगित कर देने से कुछ नहीं होगा यह टेक्स निरस्त होना चाहिए यह ऐसा टैक्स है जो कल को लोगों के बिल में जुड़कर आ जाएगा और लोगों को देना सबकी मजबूरी बन जाएगी। इस टैक्स का निरस्त होना ही सर्व समाज के लिए उचित होगा। सांसद इकरा हसन ने कहा कि इसे संसद के सत्र में बड़ी मजबूती से रखा जाएगा और ऐसा काला कानून जो जनता के हित में ना हो इसे तत्काल निरस्त कर देना चाहिए

प्रतिनिधि मंडल में पार्षद अहमद मलिक पार्षद नदीम अंसारी पार्षद फराज अंसारी पार्षद अब्दुल खालिक पार्षद हाजी गुलशेर पार्षद इमरान सैफी शामिल रहे।

## निगम ने उतरवाये होर्डिंग्स बैनर

**सहारनपुर।** नगर निगम ने महानगर में अवैध होर्डिंग व बैनरों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाते हुए करीब सवा तीन सौ होर्डिंग व बैनर उतरवाए हैं।

निगम द्वारा यह अभियान प्रदेश शासन के निर्देश पर चलाया जा रहा है। महानगर के खंभों, चौराहों एवं तिराहों पर अवैध होर्डिंग व बैनरों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के लिए दो टीमें लगायी गयी हैं। अपर नगरायुक्त राजेश यादव के दिशा निर्देशन तथा कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह व आर आई लोकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने मल्हीपुर रोड, सर्किट हाउस रोड, गंगोह रोड, दिल्ली रोड के अलावा घण्टाघर से राकेश केमिकल तक तथा घण्टाघर से नेहरु मार्किट होते हुए साईं मंदिर बेहट रोड तक अभियान चलाकर करीब सवा तीन सौ अवैध होर्डिंग व बैनर उतरवाए हैं।

# ग्लोकल यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी और ग्लोकल इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।




सेमिनार का उद्घाटन एडिशनल प्रो-चांसलर सैयद निजामुद्दीन एवं रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के दिशानिर्देशन में विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। शुभारंभ डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर डॉ. शोभा त्रिपाठी के स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात असिस्टेंट प्रोफेसर राशदा रहमान ने सेमिनार के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने कार्यक्रम का समन्वयन किया, जबकि संचालन की जिम्मेदारी असिस्टेंट प्रोफेसर शेख अब्दुल वासे ने निभाई। विशेष वक्ता के रूप में पैरामेडिकल विभाग की सुश्री अश्रिता दुबे ने छात्रों को रचनात्मकता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर फातिमा अकील ने नवाचारों के माध्यम से शिक्षा और तकनीकी विकास की दिशा पर अपने विचार साझा किए।

प्रतिभागियों में डॉ. मजहर अफजल, डॉ. रेशमा ताहिर, सुश्री सलमा, डॉ. अतीका बानो, गुरदीप पंवार, निगहत अख्तर मौजूद रहे।

# कोमल को यूपीएससी में मिला छठां स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के ग्राम नठौड़ी के किसान परिवार की होनहार बिटिया कोमल पूनिया ने यूपीएससी की परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष 2024 में इसी बिटिया ने आईपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और अब 1 साल बाद देश की सर्वोच्च प्रतिष्ठित परीक्षा में सिलेक्शन हुआ है।



राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह ने जानक. ारी देते हुए बताया कि ग्राम नठौड़ी के किसान रणबीर पूनिया एवं उनकी पत्नी गृहणी पदमा पूनिया की दो बेटियां और एक बेटा है। बड़ी बेटी ऋतिका विवाहित है एवं अध्यापिका है । बेटा विश्वेंद्र पूनिया रुड़की आईआईटी में प्रोफेसर है। आज कोमल पूनिया के आईएएस में सलेक्ट होने पर केवल ग्राम नठौड़ी ही नहीं, जनपद ही नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खुशी की लहर है। कोमल बिटिया ने समाज एवं जनपद का नाम रोशन किया है।

बिटिया एवं उसके परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आजकल बिटिया कोमल आईपीएस की ट्रेनिंग ले रही है।

# सामूहिक प्रयास से बचानी होगी धराः गजेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर मजिस्ट्रेटे गजेंद्र सिंह ने कहा कि पृथ्वी के संसाधनों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक न करें और सामूहिक प्रयास से हम स्थिति तंत्र और जैव विविधता को बचा सकते हैं।

नगर मजिस्ट्रेट ने यह बात एसएएम इंटर कालेज में अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर महिला संस्था परचम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को पूरी दुनिया में मनाया जाता है यह कैलेंडर की सिर्फ एक तिथि मात्र नहीं है यह पूरे संसार को याद दिलाने का आह्वान है कि वह पृथ्वी के संसाधनों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक न करें। अध्यक्षता करते हुए पर्यावरणविद प्रोफेसर एस के उपाध्याय ने कहा कि ग्रीन हाउस गैसों के तेजी से बढ़ने के कारण धरती को सांस लेने में कठिनाई हो रही है धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व हम सबका है। माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष व तरुण भारत संघ के सदस्य रजनीश चौहान ने कहा कि हमारे पर्यावरण के प्रति लापरवाही और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन ने भूमि को बंजर कर दिया है मनुष्य अपना लालच कम कर दे तो सभी को इन संसाधनों को इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा। एस ए एम इंटर



कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय गुप्ता ने कहा कि जिस तरह मनुष्य ने पेड़ को काट के हरियाली को खत्म किया है उसे वापस लाना होगा और पेड़ लगाने होंगे। एनसीसी के चीफ कमांडर ब्रिजेश पुंडीर ने कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा देकर पृथ्वी को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजिका डा. कुदसिया अंजुम ने कहा कि जिस पृथ्वी को बनने में करोड़ों वर्ष लगे उसे हमने कुछ ही दशकों में बर्बाद कर दिया।

इस दौरान मुबाशिरा, राजबीर सिंह यादव, योगाचार्य डी एस राणा, मुनव्वर, सीमा, बुशरा, फरजाना शेख व पवन राणा आदि मौजूद रहे। संच. ालन साजदा शाहिद ने किया।

# विद्युत दरों में वृद्धि जनता से धोखाः जगपाल सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत दरों वृद्धि करने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं का शोषण किसी भी रूप में सहन नहीं किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत दरों में प्रति यूनिट 1. 24 पैसे की वृद्धि की गयी है। बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि विद्युत दरों में की गई मूल्य वृद्धि जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि यह मूल्य वृद्धि प्रत्येक वर्ग पर भारी पड़ेगी किसान मजदूर व्यापारी व आम नागरिक को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा और महंगाई की मार पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी इस मूल्य वृद्धि का हर स्तर पर विरोध करेगी। जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि पार्टी अपने स्तर से मूल्य वृद्धि को वापस कराए जाने की मांग करते हुए प्रदेश के राज्यपाल व देश के राष्ट्रपति को पत्र भी प्रेषित करेगी ताकि जनता पर महंगाई की मार न पड़े।

# पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईसाई समाज के लोगों ने पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देते हुए प्रार्थना की।

नवीन नगर स्थित शांति निकेतन में आज सुबह प्रार्थना सभा की गई। फादर मैथ्यू नरेश ने बताया पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हुआ। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे लेकिन उन्होंने गरीब ईसाई परिवारों के लिए बड़े-बड़े कदम उठाए जिससे वह गरीबी रेखा से ऊपर उठ सके। विश्व में ईसाई समाज के वह संत और धर्म आचार्य जाने जाते थे। पोप फ्रांसिस ने अपने कार्यकाल में ईसाई समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा और रोजगार और स्वास्थ्य इन सब पर भी पूर्ण जोर काम किया। उनके निधन से पूरे विश्व में शोक की लहर दौड़ रही है।

इस मौके पर एमसी सिस्टर रिचर्डन, एमसी सिस्टर मेरी विनीता, एमसी सिस्टर स्वर्णा लता, सिस्टर रोज लीला, सिस्टर सरिता, सिस्टर मारीबेथ, सोनिया, कैथरीन, रुबीना, अग्नेस, रामकली, रजनी, मंजू लता, खुशबू, सुशीला आदि मौजूद रहे।

## टक्कर में मौत

**गंगोह/तीतरों।** सोमवार को बाइक सवार दो युवकों की भैंसा बोगी से हुई आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया।

गांव फूसगढ़ जनपद शामली निवासी 26 वर्षीय नितिन पुत्र मदन सिंह सोमवार दोपहर बाद बाइक सवार होकर अपने साथी गुल्लू के साथ गंगोह से गांव लौट रहा था। तीतरों-गंगोह मार्ग पर गांव रादौर के निकट उनकी बाइक की आमने सामने की टक्कर भैंसा बोगी से हो गई, जिसमें गंभीर चोट आने के कारण नितिन की मौके पर मौत हो गई और गुल्लू बुरी तरह घायल हो गया। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था। मृतक नितिन के परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के नितिन के शव को अपने साथ ले गए। कोतवाली प्रभारी संजीव शर्मा ने बताया कि मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# कान्हा गौशाला ने बनाया विश्व रिकार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्डर्स' ने नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला को सर्वाधिक गौ-उत्पाद निर्मित करने के लिए 'विश्व रिकॉर्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाली निगम की यह गौशाला देश ही नहीं समूचे विश्व की प्रथम गौशाला बन गयी है।

गौशाला के वरिष्ठ प्रभारीध्मुख्य अभियंता बी के सिंह, गौशाला प्रभारीध्पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा तथा अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय ने नगरायुक्त शिपू गिरि को कान्हा गौशाला को प्राप्त विश्व रिकॉर्ड प्रमाण पत्र भेंट किया। इस उपलब्धि पर महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि ने हर्ष व्यक्त करते हुए निगम की टीम को बधाई दी हैं। वरिष्ठ प्रभारी गौशाला बी के सिंह ने बताया कि नगर निगम की मां शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला द्वारा 25 गौ-उत्पादों के साथ फरवरी 2025 में विश्व रिकार्ड के लिए आवदेन किया था। हालांकि अब निगम गौशाला में करीब 30 गौ उत्पाद बनाये जा रहे हैं। इन उत्पादों में दूध, घी व छाछ के अलावा गोबर से प्राकृतिक पेंट, वर्मी कम्पोस्ट, दिए, गणेश-लक्ष्मी व शिव की प्रतिमा, गाय बछडेघ् की मूर्ति, ओइ्म, स्वास्तिक, धूप बत्ती, हवन स्टिक, उपले, गौ-काष्ठ, प्राकृतिक गुलाल, पंचगव्य साबुन, सम्भ्रानी कप, राखी, नेम प्लेट, तोरणद्वार, तिरंगा चेष्ट बैज, कमल का फूल तथा बायो गैस और गौमूत्र से गौ-अर्क व गोनाइल (फिनाइल) आदि शामिल हैं। गौशाला प्रभारीध्पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्डर्स' के पास डेढ़ सौ से अधिक देशों के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ल्ड रिकॉर्ड संग्रहित हैं। उन्होंने बताया कि यह सम्मान प्राप्त करने वाली निगम की यह गौशाला देश ही नहीं समूचे विश्व की प्रथम गौशाला बन गयी है।



निगम गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला है जो ऑन लाइन अपने उत्पाद बेच रही हैं। निगम की कान्हा उपवन गौशाला आईएसओ सर्टिफाइड गौशाला है और वर्तमान में गौशाला में 582 गौवंश का भरण पोषण हो रहा है।

# बिल भुगतान के नाम पर धनराशि की डिमांड

## नगर पालिका सरसावा में पंजीकृत ठेकेदार ने डीएम व कमिश्नर से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** नगरपालिका सरसावा के पंजीकृत एक ठेकेदार ने पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पर टेंडर के बिल भुगतान करने के नाम पर रुपए मांगने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी एवं कमिश्नर मंडल के कार्यालय में लिखित शिकायत देकर उसके रुपए दिलाए जाने की गुहार लगाई। बिल भुगतान न होने पर जल्द परिवार सहित पालिका कार्यालय के सामने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।



सरसावा नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप नगर के रहने वाले ठेकेदार रोहित कुमार ने बताया कि वह नगर पालि. का सरसावा में पंजीकृत ठेकेदार हैं। उन्होंने पालि. का 2024 में 6 कार्य किए थे। उनके बिल अवर अभियंता के द्वारा बनाए गए हैं. जिनमें दो कार्य 4 नवंबर 2024 के हैं तथा शेष चार कार्य 12 जनवरी 2025 के हैं। जिनके बिल पर अवर अभियंता के हस्ताक्षर व मोहर भी लगी हुई हैं।बावजूद इसके पालिका अध्यक्ष द्वारा बिल पर न हस्ताक्षर न हीं भुगतान किया जा रहा है। सोमवार को पीड़ित ठेकेदार रोहित ने जिलाधिकारी व कमिश्नर कार्यालय पहुंच शिकायती पत्र देते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान की एवज में चेयरमैन प्रतिनिधि उनसे पैसों की मांग कर रहे हैं उनका भुगतान करीब 25 से 30 लाख रुपए का है जो कि नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से उनके सामने आर्थिक तंगी खड़ी हो गई है साथ ही मानसिक रूप से भी उनका उत्पीड़न हो रहा है उन्होंने डीएम व कमिश्नर से पूरे मामले में कार्रवाई करने तथा भुगतान कराए जाने की मांग की है। पीड़ित ठेकेदार ने कहा है कि अगर उनकी मानसिक स्थिति को ऐसे ही अध्यक्ष प्रतिनिधि चोटिल करते रहे और उनके कार्यों का भुगतान जल्द नहीं हुआ तो वह पालिका के सामने अपने परिवार सहित आत्महत्या करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष तथा उनके पति प्रतिनिधि राजू पवार की होगी।

इस संबंध में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पंवार से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने ठेकेदार द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जल्द ही ठेकेदार की के बिलों का भुगतान कराया जाएगा।

## कार्रवाई की मांग

**सहारनपुर।** दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने पर पीड़ित से मारपीट करने और मुकदमे में फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर एक शिकायती पत्र सौंपा है।

पीड़ित शहजाद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मौहल्ला रमजानपुर रसूलपुर निकट असगरी मस्जिद आज अपने परिजनों के साथ पुलिस लाइन स्थित एसएसपी कार्यालय पहुंचा और बताया कि उसकी पुत्री सानिया की शादी फरहान पुत्र फारूक के साथ विगत 25 जुलाई 2022 को हुई थी। परिजनों का आरा. ेप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए उनकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे और 23 फरवरी 2025 को उसकी हत्या कर दी थी, जिसका मुकदमा थाना कुतुबशेर में दर्ज है।

# वैटलैंड में जिलाधिकारी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आज कैलाशपुर वैटलैण्ड का औचक निरीक्षण गया।



जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निरीक्षण के दौरान कैलाशपुर वैटलैण्ड के सौन्दर्यीकरण को बनाए रखने हेतु स्वच्छता को बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होने कहा कि गंदगी को दूर किया जाए। इससे न केवल पर्यावरण दुषप्रभाव पैदा होते है बल्कि स्वास्थ्य भी गडबड होने की संभावना रहती है। जिलाधिकारी ने कहा कि सौन्दर्यीकरण बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि इस क्षेत्र पर अतिक्रमण न हो। इसके दृष्टिगत अधिकारी इसकी पैमाईश करना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि वैटलैण्ड एवं पर्यावरण के द्वारा ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। आज पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है, जिस कारण मानव को स्वास्थ्य संबंधी बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के साथ वैटलैण्ड को संरक्षित करने की अपील करते हुए कहा कि वैटलैण्ड को बायोलोजिकल सुपरमार्केट भी कहा जाता है क्योंकि इनका पारिस्थितिकी तंत्र जल चक्र द्वारा जल को शुद्ध करता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एसडीएम सदर सुबोध कुमार, एसडीओ वन संयोगिता चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।


# सम्पादकीय

बुधवार , 23 अप्रैल 2025

## दुबे पर सुनवाई

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले हफ्ते सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। इसकी अभी तारीख तय नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दुबे के खिलाफ कई याचिका दायर की गई है। निशिकांत दुबे अपने 19 अप्रैल को दिए गए अपने बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने हुए है। जिसमें उन्होंने कहां था कि देश में गृहयुद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के आठ अप्रैल को दिए एक आदेश को लेकर आई थी। जिसमें उसने कहा था कि किसी भी बिल पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। उनके बाद से कई याचिकाएं दुबे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। 20 अप्रैल को पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और मांग की कि उनके बयानों को अपराधिक दायरे में लाया जाए। उनसे पहले सुप्रीम कोर्ट के वकील नरेंद्र मिश्रा ने लेटर पिटिशन दायर कर आवमानना कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया था। इन दोनों के अलावा सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर और शिव कुमार त्रिपाठी ने अटार्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर अपराधिक आवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी थी। निशिकांत दुबे ने जो बयान दिया है वह कोई पहली बार नहीं है सच तो यह है कि वह अपने विवादित बयानों को लेकर ही अधिक जाने जाते है, लेकिन ताजा मामले में व अपनी हदों से कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए है और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश को ही अपने निशाने पर ले लिया है। भले ही भाजपा दुबे के बयानों से अपने आप को अलग बता रही है और यह उनका व्यक्तिगत बयान बताकर पल्ला झाड़ रही है, लेकिन इससे कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। बात केवल निशिकांत दुबे की नहीं है बल्कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करने में पीछे नहीं रहे है। संवभत: यह भारत के इतिहास में पहला अवसर होगा जब संविधान के उच्च पद पर बैठे व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट पर ऐसी टिप्पणी की है। जाहिर है इस तरह कि टिप्पणी एकाएक नहीं की जा सकती और यह एक सोची समझी निति का नतीजा लगता है। तभी तो निशिकांत दुबे के बचाव में भाजपा के कई नेता खुलेआम उतरते दिखाई दे रहे है। सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले से बेहद आहत दिखाई दे रहा है। वह कितना आहत है इसका अनदाजा उस याचिका पर सुनवाई से लगता है। जो वकील विष्णु हरि जैन ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की जिसमें वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने कहां कि हम भला राष्ट्रपति को आदेश कैसे दे सकते है। हम पर तो पहले ही यह आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के मामले में दखल दे रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कोर्ट के फैसलों की आलोचना नहीं कि जा सकती है बेशक की जा सकती है। लेकिन उसकी एक मर्यादा तो होनी ही चाहिए।

## लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका



किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका होती है और वे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने इच्छा व्यक्त करते हैं, मेरे अनुसार नागरिक सर्वोच्च है, क्योंकि एक राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों द्वारा ही निर्मित होते हैं, उनमें से प्रत्येक की अपनी भूमिका है, लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में निवास करती है और धड़कती है, जब नागरिक सजग होगा, योगदान देगा, तो लोकतंत्र खिलेगा, इसके मूल्य बढ़ेंगे और नागरिक जो योगदान देता है, उसका कोई विकल्प नहीं है, संविधान का सार और महत्व संविधान की प्रस्तावना में समाहित है, संविधान के अनुसार हम, भारत के लोग सर्वोच्च शक्ति उनके पास है।

**जगदीप धनखड़**
**उप राष्ट्रपति**

# फसलों में लगी आग: किसान की मेहनत पर फिरता पानी





डॉ. सत्यवान सौरभ

**2024 में पंजाब के बरनाला जिले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे**

हर साल हजारों एकड़ फसल आग में जलकर राख हो जाती है, जिससे किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीवन प्रभावित होते हैं। आग के मुख्य कारणों में बिजली की लचर व्यवस्था, मानवीय लापरवाही, आपसी दुश्मनी और जलवायु कारण शामिल हैं। सरकारी मुआवज़ा योजनाएं और फसल बीमा प्रक्रियाएं इतनी जटिल और असंवे. दनशील हैं कि पीड़ित किसान को राहत नहीं, बल्कि और मानसिक पीड़ा मिलती है। लेख में तकनीक आधारित समाधान जैसे थर्मल सेंसर, फायर ब्रिगेड यूनिट, बिजली व्यवस्था का आधुनिकीकरण और किसानों की जागरूकता पर ज़ोर दिया गया है। फसल की आग केवल खेत नहीं जलाती, यह देश की खाद्य सुरक्षा और सामाजिक संरचना को भी राख कर देती है। समय रहते नीतिगत और तकनीकी हस्तक्षेप बेहद आवश्यक हैं।

हर साल जब रबी की फसल खेतों में सुनहरे रंग बिखेरती है और किसान की आंखों में सालभर की मेहनत की चमक उतरती है, तभी कहीं किसी गांव से धुएं का काला गुबार उठता है। फसल में लगी आग का। यह आग सिर्फ खेत को नहीं जलाती, यह किसान की आत्मा को भस्म कर देती है। भारत के ग्रामीण परिदृश्य में यह कोई नई घटना नहीं, बल्कि एक भीषण और बढ़ती हुई समस्या है जो नीतियों की लाचारी, तकनीकी उपेक्षा और प्रशासनिक सुस्ती की जिंदा मिसाल बन चुकी है।

### आंकड़ों की सच्चाई और जमीनी हकीकत

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, भारत में हर साल हज़ारों एकड़ की फसल आग की भेंट चढ़ जाती है। अकेले उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में अप्रैल से जून के बीच सैकड़ों घटनाएं सामने आती हैं। 2024 में पंजाब के बरनाला ज़िले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे। पर इन आंकड़ों के पीछे जो दर्द है, वह किसी सरकारी प्रेस रिलीज़ में दर्ज नहीं होता। किसान महीनों तक खेत में सुबह-शाम खटता है, उधारी में बीज, खाद, पानी और मजदूरी का इंतज़ाम करता है, और जब फसल तैयार होती है, तो एक चिंगारी सब खत्म कर देती है।

### आग के कारण: चिंगारी कहां से आती है?

फसलों में आग लगने के कई कारण हैं। ग्रामीण इलाकों में बिजली वितरण प्रणाली इतनी जर्जर है कि खुले खेतों में तारों का गिरना आम बात है। गर्मियों में बढ़ा हुआ लोड और पुराने ट्रांसफार्मर शॉर्ट सर्किट को बढ़ावा देते हैं। खेतों के पास कूड़ा जलाना, बीड़ी-सिगरेट फेंकना, या आग से सूखी झाड़ियों की सफाई करना एक चिंगारी को आग में बदल देता है। कई बार आपसी दुश्मनी या जमीन के झगड़ों में जानबूझकर फसलों को आग लगा दी जाती है। अत्यधिक तापमान, तेज़ हवाएं और सूखी फसलें आग को तेजी से फैलाने में सहायक बनती हैं।

### किसान के दिल की आग

बात सिर्फ मुआवज़े की नहीं है। जब कोई किसान देखता है कि उसका खेत, उसकी मेहनत, उसकी उम्मीदें जल रही हैं, तो वह भीतर से टूट जाता है। कई किसानों की आत्महत्याएं इसी आग के बाद दर्ज हुई हैं। हरियाणा के कैथल ज़िले में 2023 में एक किसान ने अपने खेत में आग लगने के बाद आत्महत्या कर ली थी। मुआवज़ा 10 हज़ार रुपए आया, पर घर में खाने को रोटी नहीं थी।

### सरकार की नीतियां: राहत या औपचारिकता?

सरकारी मुआवज़ा योजनाएं खेत की जली भूमि के अनुसार तय होती हैं। लेकिन जमीन का निरीक्षण पटवारी और तहसीलदार करते हैं, जो अक्सर हफ्तों बाद आते हैं। छोटे किसानों को 4-5 हज़ार रुपये प्रति एकड़ मिलते हैं, वह भी महीनों बाद। फसल बीमा योजनाएं भी अधिकतर कागज़ी हैं। कई किसान न तो पॉलिसी की शर्तें समझते हैं और न ही दावे की प्रक्रिया। बीमा कंपनियां मौसम का डेटा दिखाकर दावा खारिज कर देती हैं। 'आग तो मौसम का हिस्सा नहीं थी।'

### समाधान क्या है?

अब वक्त है कि हम 'राहत' की बजाय 'रोकथाम' की बात करें। आधुनिक तकनीक जैसे थर्मल सेंसर, ड्रोन निगरानी और अलार्म सिस्टम फसलों में आग का पता समय रहते लगा सकते हैं। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मोबाइल दमकल गाड़ियां और गांव स्तर पर स्वयंसेवी अग्निशमन दल गठित किए जाने चाहिए। खेतों में जाने वाली बिजली लाइनों को भूमिगत करना या उनके नियमित रखरखाव की जवाबदेही तय करनी चाहिए।

खेतों के पास आग से संबंधित कार्य न करने, कूड़ा जलाने की रोकथाम और फायर सेफ्टी प्रशिक्षण बेहद ज़रूरी है। जिन मामलों में साजिश या शरारत शामिल हो, वहां पुलिस तुरंत संज्ञान ले और मुकदमा दर्ज हो। फसल बीमा को आधार और मोबाइल से जोड़कर दावा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए।

### मीडिया की भूमिका: धुएं से परे देखना

मीडिया जब किसी फसल में आग की खबर दिखाता है, तो अक्सर दृश्यात्मक सनसनी होती है जलते खेत, रोता किसान। लेकिन इसके बाद क्या? क्या कभी किसी चैनल ने यह दिखाया कि मुआवज़ा मिला या नहीं? पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया या नहीं? दोषी पकड़ा गया या मामला ठंडे बस्ते में चला गया? फसलों में लगती आग कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, यह एक व्यवस्थागत विफलता है। और इस विफलता की जिम्मेदारी सिर्फ किसान पर नहीं, पूरे समाज पर है।

### जो खेत जल रहे हैं, वह देश की थाली हैं

जब खेत जलता है, तो केवल किसान का नुकसान नहीं होता, वह पूरे देश की खाद्य सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह आग उस थाली में पहुंचने से पहले ही अनाज को राख कर देती है। ज़रूरत इस बात की है कि हम किसान को सिर्फ 'अन्नदाता' न कहें, बल्कि उसे सुरक्षा, सम्मान और तकनीक के संसाधन भी दें। फसलों में लगती आग अब चेतावनी है।

# फैशन: फटी जींस मकसद और संदेश...





निर्मल रानी

**कुछ फैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित जरूर हो जाता है, हालांकि ऐसा फैशन करने वालों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं, न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फैशन कैसा लग रहा है**

वैसे तो विश्व में तरह तरह के फ़ैशन प्रचलित हैं। अनेक फ़ैशन लोगों के शरीर व व्यक्तित्व पर भाते भी हैं। किसी को किसी का फ़ैशन अच्छा लगे या बुरा परन्तु किसी भी फ़ैशन को अपनाने वाले का निजी मामला व उसका अधिकार समझते हुए कोई अन्य व्यक्ति न तो कुछ बोलता टोकता है न ही आपत्ति करता है। और करना भी नहीं चाहिए। परन्तु कुछ फ़ैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित ज़रूर हो जाता है। हालांकि ऐसा फ़ैशन करने वालों को इस बात से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फ़ैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं। न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फ़ैशन कैसा लग रहा है। उसका मक़सद तो बस फ़िल्मी हीरो हीरोइन की ड्रेसेज़ की नक़ल कर व ट्रेंड कर रहे फ़ैशन की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं को 'फ़ैशनेबल' साबित करना मात्र है।

ऐसा ही एक अजीबो ग़रीब फ़ैशन गत लगभग दो दशक से भारत ही नहीं बल्कि लगभग पूरी दुनिया में श्वायरल फ़ैशन की तरह पैर पसार चुका है। और वह है 'फटी जीन' अथवा रिप्ड जीन का फ़ैशन। चूंकि 1970 से पहले जींस मंहगी हुआ करती थी और ग़रीब लोग नई जीन न ख़रीद पाने के चलते मजबूरीवश फटी जीन पहना करते थे। उस ज़माने में फटी जींस पहनना ग़रीब होने की निशानी होती थी। और 1970 के दशक में ही फटी जींस का चलन हॉलीवुड सिनेमा से प्रारंभ हो गया था जो भारत में वालीवुड के माध्यम से बाद में आया। परन्तु गत दो दशक से तो इस फ़ैशन ने युवाओं व युवतियों के बीच कुछ ज्यादा ही ज़ोर पकड़ लिया है। नई जीन की पैंट को हाथों या लेजर के मदद से इसे फेंट फेंट कर फाड़ा जाता है। इस क्रिया के बाद फटी हुई जीन और भी महंगी हो जाती है। फटी या रिप्ड जीन स्किन फ़िट, स्लिम फ़िट, टेपर्ड, रेगुलर फ़िट, और रिलैक्स्ड फ़िट आदि मॉडल की पैंट्स में उपलब्ध होती है। इन्हीं डेनिम में एक एक्सट्रीम कट हाई रेज़ जींस भी होती है जिसका आगे व पीछे दोनों ओर का 80-90 प्रतिशत भाग ग़ायब होता है। यह सबसे मंहगी अर्थात ब्रांड के अनुसार 30-40 व 50 हज़ार रुपये तक भी मिलती है। कुछ लोग ऐसी जीन पहन कर अपने आप को एक अनोखा लुक देना चाहते हैं। इस फ़ैशन का क़द्रदानों के अनुसार यह उन्हें एक अनूठा और स्टाइलिश लुक देती है। जबकि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो ऐसे फ़ैशन को अनुचित व बेहूदा समझता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस यह अजीबो ग़रीब पहनावा फ़ैशन कैसे बन गया और बना भी तो यह फ़ैशन ट्रेंड कैसे कर गया? सच पूछिये तो फटी जीन धारण करने वाला इसे पहनने के सिवा स्वयं ही इस अनर्गल फ़ैशन की तार्किकता इसके मक़सद और संदेश के बारे में नहीं जानता।

# गणतंत्र बचाने की अपील की नौबत क्यों आई



**2008 से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्तारूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं, नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, महंगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा महंगाई बेरोजगारी आदि को लेकर जूझ रहे हैं**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में तेजी से घटित राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भले ही गणतंत्र समर्थक दल एक हो रहे हों लेकिन तमाम ऐसे सवाल मुंह बाए खड़े हैं जिसका जवाब लोकतंत्र बहाली के बाद से लेकर आज तक की सरकार के पास नहीं है। हैरत है 2008 से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्ता रूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं। नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, मंहगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े, नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा मंहगाई, बेरोजगारी और पड़ोसी देशों से तनाव पूर्ण रिश्तों को लेकर जूझ रहा है। इस ओर ओली सरकार का ध्यान नहीं है। प्रमुख माओवादी नेता प्रचंड के नेतृत्व में पहली लोकतान्त्रिक सरकार हो या आज की ओली सरकार, सबके सब जोड़ तोड़ कर किसी तरह सत्ता बचाए रखने की गुणा गणित में ही व्यस्त रहे।

यह अचरज ही है कि दुनिया में जहां कहीं भी राजतंत्र के बाद लोकतंत्र का उदय हुआ वहां दिन प्रतिदिन लोकतंत्र मजबूत ही हुआ लेकिन नेपाल में ऐसा नहीं हो रहा। किसी को गद्दी से उतार कर चुनी हुई सरकार का गठन ही लोकतंत्र नहीं होता। लोकतंत्र का मतलब लोकहित है, जो नेपाल में नहीं है। जनता पुन: राजतंत्र के समर्थन में न हो लेकिन लोकतांत्रिक सरकारों से खुश नहीं है। वह आक्रोशित हैं और तीसरे विकल्प की तलाश में भी है। नेपाली कांग्रेस जो राजतंत्र के जमाने से ही सत्ता की प्रमुख केन्द्र बिन्दु रही, वह भी अब कुंद पड़ गई है। इसके तमाम बड़े नेता गंभीर आपराधिक मुकदमों में फंसे हुए हैं। कोइराला परिवार के हाथ में जबतक इस पार्टी का कमान था तब तक विश्व के राजनीतिक फलक पर नेपाली कांग्रेस की अलग हैसियत थी। अब इस पार्टी का इकबाल पहले जैसा नहीं रहा। कभी भरोसे की पार्टी की पहचान वाली यह पार्टी जनता का विश्वास खोती जा रही है। इस पार्टी की औकात बस यही है कि यह किसी को समर्थन देकर सरकार बनवा सकती है और समर्थन वापस लेकर सरकार गिरा सकती है। पिछले कुछ सालों से नेपाली कांग्रेस की शिनाख्त नेपाल की राजनीति में इसी रूप में है।

एक नहीं तीन तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके प्रचंड और ओली भी जनविश्वास पर खरा नहीं उतरे। ऐसे में नेपाल प्रतिनिधि सभा में (संसद) सात आठ सांसदों वाली पार्टी राप्रपा खुद को विकल्प के रूप में खड़ा होने की कोशिश कर रही है। नेपाल की इस हिंदूवादी पार्टी की हालत अभी शिशु जैसी ही है ऐसे में नेपाली जनता का इसे विकल्प के रूप स्वीकार करना संभव नहीं जान पड़ता। खुद को राजा समर्थक पार्टी का दावा करने वाली राप्रपा ने नेपाल के बहुसंख्यक हिन्दुओं का समर्थन जुटाने के लिए पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के नाम का सहारा लिया। नेपाल में जगह जगह उनके समर्थन में रैलियां निकाली गई,पोखरा से लेकर काठमांडू तक उनका भव्य स्वागत किया गया। यह सब इस अंदाज में किया गया मानो राजतंत्र की वापसी हो रही हो। लेकिन हाल ही नववर्ष के अवसर अपने आवास पर मिलने गए राप्रपा अध्यक्ष राज. ेंद्र लिंगदेन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से ज्ञानेंद्र ने राप्रपा की कार्यशैली पर एतराज़ जताया और यह भी कहा कि किसी भी आंदोलन में उनके नाम का इस्तेमाल न हो। हां पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने राप्रपा नेताओं को नेपाल के जनहित के मुद्दों पर फोकस करने को जरूर कहा। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार से जनता त्रस्त है, सरकार की विफलता को जनता के बीच उठाएं। इधर राजतंत्र की वापसी पर नेपाल के बुद्धिजीवी और मीडिया की भी प्रतिक्रिया आई है। नेपाल के सबसे बड़े दैनिक अखबार कांतिपुर के संपादक उमेश चौहान ने साफ कहा है कि सरोकार से जनता नाराज हैं लेकिन इसे राजतंत्र की वापसी की दृष्टि से न देखा जाय। इस बीच अचानक नेपाल के तीन प्रमुख गणतंत्र समर्थक दलों के शीर्ष नेताओं की लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता से एकजुट होने की अपील को नेपाल की राजनीति में महत्वपूर्ण दृष्टि से देखा जा रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री निवास बालुवाटार में आयोजित बैठक में एमाले, माओवादी केंद्र तथा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष क्रमश: केपी शर्मा ओली, पुष्पकमल दाहाल 'प्रचण्ड' और शेरबहादुर देउबा ने गणतंत्र के पक्ष में खड़ी सभी शक्तियों से एकजुट होने की आवश्यकता पर सहमति जताई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री के मानवाधिकार तथा संक्रमणकालीन न्याय मामलों के सलाहकार अग्नि खरेल ने बताया कि संविधान का उल्लंघन करने और सामाजिक अराजकता फैला कर देश की शांति एवं स्थिरता को बाधित करने वाली शक्तियों के प्रति सचेत रहते हुए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों समेत गणतंत्रवादी शक्तियों को एक मंच पर आने की आवश्यकता है। ओली सरकार का मानना है कि हिंदूवादी संगठनों के साथ मिलकर राप्रपा ने पिछले दिनों धरना प्रदर्शन कर काठमांडू में अशांति पैदा की थी। इस पार्टी के तीन बड़े नेता गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए गए हैं। पिछले दिनों इनकी रिहाई की मांग को लेकर भी इस पार्टी ने काठमांडू में प्रदर्शन किया था। ओली सरकार यह मानकर चल रही है आगे भी ये लोग लोकतंत्र को छिन्न-भिन्न करने का खेल खेलते रहेंगे इसलिए लोकतंत्र समर्थकों की एक जुटता जरूरी है।

# बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए फायदेमंद होता है मेसो बोटोक्स

### ढलती उम्र पर लग जाता है फुलस्टॉप

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो बढ़ती उम्र में भी एकदम जवां दिखती हैं और उनकी स्किन भी यंग लगती है। फिर भले ही वह कितना भी कहें कि उनकी यंग स्किन के पीछे का राज अच्छा खानपान है। जबकि यह पूरी तरह से सच नहीं होता है। अभिनेत्रियां यंग दिखने के लिए बोटोक्स ट्रीटमेंट लेती हैं। लेकिन बहुत कम लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है कि आखिर बोटोक्स और मेसो बोटोक्स में क्या अंतर है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेसो बोटोक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि यह किस तरह से काम करता है।

### मेसो बोटोक्स का काम

अगर आप भी मेसो बोटोक्स कराने की सोच रहे हैं, तो इससे पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर यह किस काम आता है। मेसो बोटोक्स एक ऐसा प्रोसेस है, जिसके जरिए बढ़ती उम्र के लक्षणों को छिपाया जाता है। अगर आपके चेहरे और आंखों के आसपास फाइन लाइन्स और झुर्रियां आदि हैं। तो आप मेसो बोटोक्स की मदद ले सकते हैं। इसके इस्तेमाल रोमछिद्रों के आकार को कम करने, तेल उत्पादन को कंट्रोल करने और फेस पर पसीना कम करने के लिए किया जाता है।

### कैसे करता ये काम

मेसो बोटोक्स में चेहरे के खास हिस्सों पर हायलूरोनिक एसिड के साथ पतले बोटुलिनम टॉक्सिन का इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रीटमेंट में माइक्रो नीडल का उपयोग किया जाता है। आमतौर पर मेसो बोटोक्स का इस्तेमाल आंखों के नीचे झुर्रियां, माथे की बारीक झुर्रियां, मुंह का दबा हुआ कोण, नासोलैबियल फोल्ड, गर्दन और हाथ की झुर्रियों को हटाने में मदद किया जाता है।

### बोटोक्स से होता है अलग

बोटोक्स और मेसो बोटोक्स एक जैसे नहीं होते हैं। दोनों में काफी फर्क होता है। बोटोक्स का इंजेक्शन सीधे मांसपेशियों में लगाया जाता है। वहीं मेसो बोटोक्स का इंजेक्शन स्किन की सतह पर लगाया जाता है। मेसो बोटोक्स में कम मात्रा में बोटुलिनम पाया जाता है। जबकि बोटोक्स में बोटुलिनम का पर्याप्त इस्तेमाल किया जाता है।

### जानिए इसका नुकसान

अगर आप भी मेसो बोटोक्स लेने का सोच रही हैं, तो किसी अच्छे स्किन एक्सपर्ट की सलाह लें।

# ट्रम्प का विरोध बरकरार, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने भी ठोका मुकदमा

## यूनिवर्सिटी की 2.2 अरब डॉलर की फंडिंग पर अमेरिकी सरकार ने लगाई थी रोक



**वाशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यूनिवर्सिटी ने आरोप लगाया है कि ट्रम्प सरकार यूनिवर्सिटी पर राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही विश्व. विद्यालय से यह भी मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रो. कनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमे. रिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कालरशिप और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। यूनिवर्सिटी में फलस्तीनी झंडा फहराया था गाजा में जारी इजरायल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुता. बिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फलस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पालिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी।

## ईरान-अमेरिका वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता का खंडन

**तेहरान।** तेहरान ने ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने यह जानकारी दी है।

बाकेई ने कहा कि यह सब मीडिया में चल रही अफवाहें और अटकलें हैं जो वास्तविकता से मेल नहीं खाती। उन्होंने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही जिनमें आरोप लगाया गया है कि सऊदी अरब ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रियाद की आगामी यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक की व्यवस्था करना है।

## पाक के पंजाब में पुलिस अभियान में मारे गए 10 आतंकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में एक संयुक्त सुरक्षा अभियान में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि मियांवाली जिले के मकरवाल इलाके में खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया गया, जहां आतंकवादियों और कानून प्रवर्तन कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

बयान में कहा गया है कि पंजाब पुलिस और आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में 10 से अधिक आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों की गोलीबारी में एक स्थानीय निवासी के पैर में चोट लग गई और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बयान के अनुसार, अभियान के दौरान कोई भी पुलिस या सीटीडी कर्मी घायल नही हुआ। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने सफल ऑपरेशन के लिए मियांवाली पुलिस और सीटीडी टीमों को बधाई दी और कहा कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए किसी भी खतरे को विफल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## भारत पहुंचते ही गदगद हुआ अमेरिकी उपराष्ट्रपति का परिवार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कल यानी सोमवार को 4 दिन की भारत यात्रा पर पहुंचे। उनका प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल भी भारत आए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। इसके बाद वेंस परिवार दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गया और वहां करीब 1 घंटे रुका। वेंस करीब 6:30 बजे पीएम से मिलने 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे, जहां पीएम ने उन्हें रिसीव किया। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस की पहली आधिकारिक भारत यात्रा है।

## हूती हमलों का कड़ा जवाब देंगे नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यमन के हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा। नेतन्याहू ने तेल अवीव में एक सार्वजनिक भाषण के दौरान यह धमकी दी, जिसमें उन्होंने हूतियों और उन सभी लोगों को संबोधित किया जिससे इजरायल को नुकसान पहुंचा है,उन्होंने कसम खाई और कहा कि इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नही जाएगा। इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जवाब किस रूप में दिया जाएगा, लेकिन कहा कि इजरायल अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यमन में हूती, जो इजरायल पर गोलीबारी करते रहते हैं, पहले ही इजरायल और अमेरिकी सहयोगियों से भारी हमले झेल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यमन स्थित हूती बलों ने इजरायल की ओर दर्जनों लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए हैं और अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से लाल सागर में इजरायल से जुड़े शि. पिग को निशाना बनाया है, ताकि इजरायल की बमबारी के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाई जा सके।

## अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेट्री का हैंडबैग चोरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम का हैंडबैग रविवार को एक रेस्टोरेंट में चोरी हो गया। उनके बैग में सिक्योरिटी बैज और 3000 डालर नकद (2.55 लाख रुपये) थे। इसके अलावा हैंडबैग में उनका ड्राइविंग लाइसेंस, दवाइयां, अपार्टमेंट की चाबियां और खाली चेक भी थे। होमलैंड डिपार्टमेंट ने बताया कि नोएम का पूरा परिवार ईस्टर के मौके पर उनके साथ। वह कैश का इस्तेमाल अपने परिवार के साथ डिनर और गिफ्ट खरीदने के लिए कर रही थीं। अमेरिका का होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट एक फेडरल एग्जीक्यूटिव आफिस है।

## बदल रहे हैं भारत और भारतीय महिलाएं: निर्मला



**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे बोस्टन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए दिए गए बयान का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह पर कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को छह महीने तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले, हम एक योजना लेकर आए थे, जिसके तहत हमने महिलाओं द्वारा जमा की गई जमाराशियों पर ब्याज दरों को बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया था, ताकि महिलाओं को अपनी बचत को घर पर नकदी के रूप में रखने के बजाय बैंकों में रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीकरण में कर रियायतें हैं। पोषण योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत, पक्के घरों का पंजीकरण या तो महिला के नाम पर या पुरुष सदस्य के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है।

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिया जवाब

### विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन

**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनने की भारत की यात्रा केवल एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि महामारी के झटके और बैंकिग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी बातों तथा स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा देती है।

## नासा व स्पेसएक्स का मिशन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) और स्पेसएक्स ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक नया वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति सेवा मिशन शुरू किया। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से पूर्वी समयानुसार सुबह 4:15 बजे उड़ान भरी। यह मंगलवार को पूर्वी समयानुसार सुबह लगभग 8:20 बजे आईएसएस के साथ स्वायत्त रूप से डॉक करने वाला है। यह मिशन परिक्रमा करने वाली प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा। नासा के अनुसार स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में दृष्टि-आधारित नेविगेशन, अंतरिक्ष यान की वायु गुणवत्ता, दवा और उत्पाद निर्माण के लिए सामग्री और प्रकाश संश्लेषण पर कम निर्भरता के साथ पौधों की वृद्धि को आगे बढ़ाने पर केंद्रित प्रयोग हैं। यह प्रक्षेपण स्पेसएक्स के साथ साझेदारी में किए गए नासा के 32वें वाणिज्यिक पुन: आपूर्ति मिशन को चिन्हित करता है।

### दक्षिण कोरिया ने चौथे जासूसी उपग्रह कक्षा में प्रक्षेपित किया

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से अपने पांच सैन्य टोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। देश के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानक. ारी दी। इस उपग्रह को सोमवार को केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने उड़ान भरने के 15 मिनट बाद उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। बाद में उपग्रह ने एक ग्राउंड स्टेशन से संपर्क स्थापित किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चौथे सैन्य टोही उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने हमारे सशस्त्र बलों की स्वतंत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को और मजबूत किया है। तीन उपग्रहों के पिछले सफल प्रक्षेपणों के साथ दक्षिण कोरियाई सेना अब उन्हें एक समूह के रूप में संचालित कर सकती है।

## मैक्सिकन राष्ट्रपति ने खारिज किया अमेरिका का अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने सोमवार को अमेरिकी सरकार द्वारा बनाए गए और निजी स्वामित्व वाले मैक्सिकन टेलीविजन स्टेशनों द्वारा प्रसारित अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान की आलोचना की। राष्ट्रपति ने अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विज्ञापन की निंदा करते हुए कहा कि इसमें अत्यधिक भेदभावपूर्ण सामग्री है, और मानवीय गरिमा पर हमला करता है और प्रवासियों के खिलाफ अस्वीकृति और हिसा को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने औपचारिक रूप से इसे वापस लेने का अनुरोध किया है, उन्होंने कहा कि मैक्सिकन संविधान कि भेदभाव के किसी भी कार्य या अभ्यास को प्रतिबंधित करता है, और संघीय दूरसंचार कानून यह निर्धारित करता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ढांचे के भीतर प्रसारित प्रोग्रामिंग को कलात्मक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और मानवाधिकारों के सम्मान के प्रसार को बढ़ावा देना चाहिए।

## 23 लोगों की जान लेने वाले को मिला आजीवन कारावास

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के एल पासो में वॉलमार्ट में हिस्पैनिक प्रवासियों को निशाना बनाकर वर्ष 2019 में किए गए हमले में 23 लोगों की हत्या करने वाले पैट्रिक क्रूसियस को में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रांतीय अदालत ने सोमवार को यह सजा सुनाई। एल पासो के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेम्स मोंटोया के कार्यालय ने पिछले महीने क्रूसियस को मौत की सजा से बचने के लिए यह दलील देने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से फांसी के पक्ष में थे, लेकिन इससे ट्रायल में और देरी होती, जबकि अधिकतर पीड़ित परिवार मामले को बन्द करना चाहते हैं। गौरतलब है कि 2019 में अमे. रिका के सबसे भीषण हमलों में से एक को अंजाम देने वाले क्रूसियस को 2023 में फेडरल ट्रायल में 90 बार उम्रकैद की सजा मिली थी। उसने गुनाह कबूल कर लिया था।

## कनाडा में पहली बार 4 गुजराती चुनावी मैदान में



पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के टिकट पर ब्रैम्पटन के चिंगकौसी पार्क से चुनाव लड़ रहे जयेशभाई एक बातचीत में कहते हैं कि कनाडा में शुरुआती दिन हर किसी के लिए संघर्षपूर्ण होते हैं। मैंने तीन साल तक छोटे-मोटे काम किए। इसके बाद स्टोर पार्टनर के तौर पर काम किया।

### कनाडा में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही साजिश!

**अहमदाबाद।** कनाडा में चुनाव आमतौर पर अक्टूबर में होते हैं, लेकिन इस साल इनकी घोषणा पहले ही कर दी गई और मतदान 28 अप्रैल को है। कनाडा में दो मुख्य पार्टियां हैं, जिनमें लिबरल पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी शामिल हैं। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो लिबरल पार्टी से थे। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव में भाग ले रहे हैं। अब जब गुजराती कनाडाई संसद में अपनी आवाज उठाना चाहते हैं, तो दिव्य भास्कर ने इन चार गुजराती उम्मीदवारों जयेशभाई ब्रह्मभट्ट, अशोकभाई पटेल, मिनेशभाई पटेल और सुंजीवभाई रावल से खास बात. चीत की।

इसके अलावा, गुजराती व्यवसाई हेमंतभाई शाह से भी कनाडा में वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में जाना, जो पिछले पांच दशकों से कनाडा में रह रहे हैं। हेमंतभाई कारोबारी हेमंतभाई शाह ने कनाडा की राजनीति में गुजरातियों की एंट्री के बारे में कहा- कनाडा की राजनीति में धन जुटाने में मेरे सहित कई हिंदू-गुजरातियों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इस बार पांच उम्मीदवार खड़े हुए, लेकिन अंतिम समय में डान पटेल का नामांकन वापस ले लिया गया। इससे चार गुजराती चुनाव में खड़े हुए। यह न केवल कनाडा के लिए, बल्कि दुनिया भर के गुजरातियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि गुजराती-हिंदुओं की आवाज कनाडा की संसद तक पहुंचे। इन गुजरातियों से प्रेरित होकर भविष्य में अन्य गुजराती भी आएंगे। हेमंतभाई कनाडा की राजनी. ति में मौजूदा अहम मुद्दे के बारे में हेमंतभाई कहते हैं-अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का मुद्दा कनाडा के लिए भी अहम है। अगर कनाडा में नौकरियों की कमी हो जाएगी तो स्टूडेंट्स क्या करेंगे?

कनाडा में इस समय कंपनियों में छंटनी चल रही है। कनाडा का 81 प्रतिशत निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका को होता है। ओन्टारियो का सारा उद्योग अमेरिका पर निर्भर है, और यदि यह बंद हो जाए तो क्या होगा। गुजराती छात्रों को यह समझना होगा कि वे कनाडा के लिए प्राथमिकता नहीं हैं। मैं अब भी कहता हूं कि छात्रों को अभी कनाडा नहीं आना चाहिए, क्योंकि 10 महीने के भीतर कनाडा के भयानक मंदी में डूबने की आशंका है।

